राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-254
लखनऊ, शनिवार 04 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सपा-बसपा व कांग्रेस के कार्यकाल में भूखे मरते थे लोग : योगी आदित्यनाथ 03

आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची ऑस्ट्रेलियन टीम 12


### प्रधानमंत्री मोदी ने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

# मेरे रहते संविधान से कोई नहीं कर सकता खिलवाड़

**कांग्रेस ने किया था झारखंड का विरोध, अटल की दूरदृष्टि से बना झारखंड**

एजेंसी

**चाईबासा (झारखंड)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाला गया, जिसमें ये कहा गया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश



देखता रह गया। उन्होंने कहा कि ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता। मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है।

कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। साथ ही कहा कि मेरा झारखंड दिल्ली से कम है क्या। उन्होंने कहा कि आपका यह प्यार और आशीर्वाद ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। ये भाजपा की ताकत थी, अटल की दूरदृष्टि थी कि झारखंड बना मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आएं। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़ों का हक मुसलमानों को दे देगी और घुसपैठियों के कारण झारखंड बंगाल बन जाएगा।

मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं।

कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी।

**14 को पीएम करेंगे नामांकन**

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव पर सभी पार्टियां जोर लगा रही है और एक दूसरे पर खूब तानाशाही बरसा रही है। इस बीच एक बड़ी खबर सामने रही है कि पीएम मोदी 13 मई को वाराणसी में रोड शो करेंगे, अगले दिन यानि 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से सांसद हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी को इसबार भी वाराणसी से ही उम्मीदवार बनाया है। वाराणसी में आखिरी चरण के दौरान मतदान होना है, यानी 1 जून को प्रधानमंत्री मोदी के निर्वाचन क्षेत्र में वोटिंग होगी।

**कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों के साथ : मुख्यमंत्री योगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है।

संभल, बदायूं और आंवला लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से इस विषय पर विस्तार से बात की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यदि मोदी और भाजपा जीतते हैं तो देश में दीपावली मनाई जाती



है। कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए और देश विरोधी तत्वों को नकार देना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव आज चरम पर पहुंच चुका है। स्वाभाविक रूप से जो देश के दुश्मन हैं, वह चुनाव के दौरान मोदी के पक्ष में जो माहौल है, उसको खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे। कुछ चीजें पूरे देश की जनता को देखनी चाहिए कि कैसे पाकिस्तान राहुल गांधी को प्रोजेक्ट कर रहा है। पाकिस्तान सरकार का एक पूर्व मंत्री जो बेशर्मी के साथ पुलवामा की घटना का समर्थन करता है, वही व्यक्ति आज राहुल गांधी को सपोर्ट कर रहा है। राहुल गांधी को लेकर प्रफुल्लित हो रहा है। यह दिखाता है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। यह दिखाता है कि मोदी जीतेंगे तो भारत में दीपावली होगी लेकिन यदि कांग्रेस कहीं पर सफलता प्राप्त करे तो पाकिस्तान उससे प्रफुल्लित हो रहा है।

**हिंदू व मुसलमान में बांटने की राजनीति कर रही कांग्रेस**



**रोहतक।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश को हिंदू और मुस्लमान में बांटना चाहती है। साथ ही जनता की कमाई पर भी डाका डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में ऐसा कानून लाना चाहती है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के पास चला जाए और 45 प्रतिशत परिवार के पास रहे। कांग्रेस को यह आइडिया कांग्रेस के ही एक नेता सैम पित्रोदा ने दिया है,जो खुद इंडियन कांग्रेस के नाम से संगठन चलाते हैं। वे शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा के नामांकन पत्र दाखिल करवाने से पूर्व पुरानी आईटीआई मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेतागण भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सारी कोशिशें बेकार हो जाएगी, क्योंकि देश की जनता को दुनिया की कोई ताकत बहका नहीं सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कह रही है, जबकि जबकि भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

**ईरान-इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहें भारतीय**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को ईरान और इजराइल के संबंध में यात्रा सलाह पर मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इज़राइल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है। मंत्रालय ने कहा कि हम भारतीय नागरिकों को इन देशों की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह देते हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने गत माह 12 अप्रैल को क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सभी भारतीयों को अगली सूचना तक ईरान या इजराइल की यात्रा न करने की सलाह दी थी।

**उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किए रामलला के दर्शन**

**अयोध्या।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंग बली का भी दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद सिन्हा ने कहा कि वे 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं आ सके थे इसलिए आज रामलला और बजरंगबली का आशीर्वाद लेने आए हैं।

**पेड़ से टकराई बीएसएफ जवानों की बस, 17 घायल**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात बीएसफ के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। बीएसएफके 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे।

## अरविंद केजरीवाल को अंतरिम राहत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी नेता एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन एक मामले में गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अंतरिम जमानत देने पर विचार करने का शुक्रवार को संकेत दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर कहा कि उसने अभी कोई फैसला नहीं किया, लेकिन सुनवाई लंबी चलने की संभावना के मद्देनजर वह अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकती है। पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वह केवल सभी संबंधित अधिवक्ताओं को सूचित कर रही है कि सुनवाई जल्द पूरी नहीं होने की संभावना के मद्देनजर याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देने पर विचार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में वह अगली सुनवाई सात मई को करेगी। इससे पहले 30 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने लोकसभा चुनाव से पहले श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर उठाए गए सवाल पर ईडी को तीन मई तक अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। पीठ ने यह भी कहा था कि धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 अभियोजन पक्ष पर काफी अधिक जिम्मेदारी डालती है। इसलिए आरोपी जमानत का विकल्प नहीं चुन रहा है, क्योंकि तब उसे अदालत को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह दोषी नहीं है।

**शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,627 अंक लुढ़का**

**नई दिल्ली।** चौतरफा बिकवाली और हेवीवेट शेयरों में मुनाफा वसूली के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड भी बनाया। लेकिन बाद में मंदड़िये पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,627 अंक और निफ्टी 446 अंक लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में मेटल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स में मामूली खरीदारी होती नजर आई।

## कांग्रेस से राहुल ने व बीजेपी से दिनेश प्रताप सिंह ने किया नामांकन



समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। 2004 से इस सीट पर सोनिया गांधी सांसद रही हैं। इस बार सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए चुनी जा चुकी हैं। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी।

राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे। सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। पहले राहुल गांधी को इस पूजा में शामिल होना था।



समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** हाई प्रोफाइल रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह लगातार दूसरी बार गांधी परिवार के सामने होंगे। राहुल के नामांकन के कुछ देर पहले ही दिनेश प्रताप ने नामांकन दाखिल किया।

2019 में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के सामने चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस को कभी टक्कर दी थी लेकिन चुनाव हार गए थे। 2018 में दिनेश प्रताप सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सोनिया गांधी को 5,31,918 मत मिले थे। भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 3,67,740 मत मिले थे। दिनेश प्रताप 1,64,178 मतों से हार गए थे, सांसद सोनिया गांधी ने राज्यसभा में जाने से पहले रायबरेलीवासियों के नाम मार्मिक पत्र लिखा था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसी के बाद से कयास लगाए जाते रहे कि गांधी परिवार से कोई न कोई चुनाव रायबरेली से जरूर लड़ेगा।

...संबंधित खबर पेज 4 पर

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : ईडी ने 205 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई और अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि ईडी रायपुर ने छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की चल रही जांच में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर सहित अन्य की लगभग 205.49 करोड़ रुपये मूल्य की 18 चल और 161 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। ईडी के मुताबिक जब्त की गईं सभी 18 चल और 161 अचल संपत्तियों की कुल कीमत 205.49 करोड़ रुपये है।

## लखनऊ लोकसभा से सपा प्रवक्ता डॉ. आशुतोष वर्मा ने किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा सीट लखनऊ से समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता आशुतोष वर्मा का नामांकन दाखिल कराया गया है। शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन आशुतोष वर्मा के कलेक्ट्रेट पहुंचने से लोगों को आश्चर्य हुआ। फिर कुछ ही देर में आशुतोष ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन कर दिया।

समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा लखनऊ के प्रत्याशी रविदास महरोत्रा घोषित हैं। फिर अचानक से आशुतोष वर्मा के नामांकन करने से समाजवादी पार्टी के खेमे में हलचल मच गयी। इसके बाद विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आशुतोष वर्मा को बुलाया



गया। सपा प्रवक्ता आशुतोष वर्मा से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना है तभी तो नामंकन किया गया है। दो प्रत्याशी के प्रश्न करने पर उन्होंने कहा कि ये तो फैसला समाजवादी पार्टी का नेतृत्व ही करेगा। फिलहाल वे प्रदेश कार्यालय जा रहे हैं। इससे पहले सपा प्रत्याशी के रुप में रविदास महरोत्रा ने धूमधाम से जुलूस निकाल कर नामांकन किया था। जिसमें सपा के प्रदेश पदाधिकारियों का रहना भी हुआ था। सपा के बड़े नेताओं की ओर से रविदास महरोत्रा के जीत का दावा आजतक भी किया जा रहा है।

**विधायक किरण सरनाईक का परिवार सड़क हादसे का शिकार, पांच की मौत**

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। विधान परिषद के सदस्य किरण सरनाईक के परिवार की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में सरनाईक के परिवार के सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल लोगों को अकोला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा अकोला जिले के पातुर शहर के पास हुआ है। यहां दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। कार में किरण सरनाईक के भाई, भतीजे, बेटी और पोती सवार थे। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे तक उड़ गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस हादसे में किरण सरनाईक के भतीजे रघुवीर सरनाईक (28) की मौत हो गई है।

## ठाकुरगंज व बाजारखाला में दो अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शुक्रवार को प्रवर्तन जोन सात की टीम ने बाजारखाला व ठाकुरगंज क्षेत्रों में अवैध रुप से बन रही दो व्यावसायिक निर्माण सील किया है।

एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील सिंह ने बताया कि प्रतीक रस्तोगी, अनिल रस्तोगी ने ठाकुरगंज के महताब बाग में 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण करवाया था। इसके अलावा अमित अग्रवाल ने बाजारखाला में शास्त्री नगर रोड पर लगभग 200 वर्गमीटर भूखण्ड पर व्यावसायिक उपयोग हेतु




तीन मंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि प्राधिकरण से दोनों व्यावसायिक बिल्डिंगों के मानचित्र स्वीकृत नहीं पाये गये। शुक्रवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शशिभूषण मिश्रा व विपिन बिहारी राय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों निर्माणाधीन बिल्डिंगों को सील कर दिया।

**शादी के 10 माह बाद तीन तलाक देकर घर से निकाला छह के खिलाफ केस दर्ज**

**मुरादाबाद।** जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र निवासी महिला ने थाना पुलिस को तहरीर में बताया था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके पति ने शादी के दस माह बाद ही तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। इस मामले में थाना पुलिस ने शुक्रवार को पति समेत छह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। थाना मैनाठेर प्रभारी सवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित पति सरफराज, उसके भाई शाहनवाज व असफाक, मां नसरीन, भाभी फरहाना और बहन अमरीन के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, तीन तलाक में केस दर्ज किया गया है। डोमघर निवासी शमा की शादी 08 जुलाई 2023 को मैनाठेर के सुंदरपुर गांव निवासी सरफराज से हुई थी। इसके बाद से ही पति ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी।

**कटाक्ष**

### सपा अध्यक्ष ने बरनाहल ब्लॉक में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा

# बीजेपी ने उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया, हम किसानों का करेंगे

समृद्धि न्यूज

**मैनपुरी।** जिले की बरनाहल ब्लॉक में जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे लोग युवाओं को नौकरियों नहीं देना चाहते हैं। ये चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का फैसला करेगा। अखिलेश यादव शुक्रवार को बरनाहल में सपा प्रत्याशी एवं पत्नी डिंपल यादव ऐतिहासिक जीत के लिए चुनावी सभा करने पहुंचे।



**मैनपुरी प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में की जनसभा**

उन्होंने कहा कि भाजपा ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ कर्जा माफ किया है। इंडिया गठबंधन किसानों का पूरा कर्जा माफ करेगा। हम गरीबों को आटा के साथ डाटा भी मुफ्त देंगे। सपा मुखिया ने कहा कि मैनपुरी वाले लोगों को भाजपा ने बहुत धोखा दिया है। इनकी हर बात झूठ निकली है। उन्होंने कहा कि 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। जबकि इनकी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहती है। पेपर लीक, अग्निवीर पर भी सपा अध्यक्ष ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जैसे फौज में चार साल की नौकरी की है, उसी तरह पुलिस की नौकरी तीन साल की कर देंगे। हम पुलिस भाइयों से भी सहयोग चाहते हैं क्योंकि आपकी नौकरी भी अग्नि वीर की तरह तीन साल की करने वाले हैं यह बीजेपी वाले। अखिलेश ने मंच से परीक्षा देने के बाद भर्ती से वंचित हुए युवाओं व उनके परिवारों का गणित समझा कर दो लाख 25 हजार से अधिक प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के वोटर कम होने की बात कही। यह बात भाजपा वालों को पता चली है तब से नींद नहीं आ रही है। देश के हवाई अड्डे बेच दिए, रेल बेच दी, तमाम विभाग बेच दिए और नौकरियां खत्म करना चाहते हैं। यह 2014 में आए थे 2024 में चले जाएंगे। उप्र में डबल इंजन की 7 साल की सरकार में हर वायदे और बातें उनके झूठे निकले।

**राशन में दे रहे हैं बाजरा**

पहले यह लोग आपको राशन में गेहूं, चावल देते थे। इस भीषण गर्मी में अब डबल इंजन की सरकार बाजरा देने का काम कर रही है। बताइए आप लोग कितना पौष्टिक खाना दे रहे हैं। आपको बर्बाद करना चाहते हैं। इस गर्मी में मैनपुरी वाले इनको सबक सिखाने का काम करेंगे।

**दिल्ली-लखनऊ वाले वोट मांगने आ रहे हैं मैनपुरी**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि सुना है दिल्ली और लखनऊ वाले वोट मांगने मैनपुरी आ रहे हैं। वह मैनपुरी वोट मांगने नहीं आ रहे हैं, वह समाजवादियों ने मैनपुरी में किया विकास को देखने आ रहे हैं। 10 साल केंद्र और 7 साल राज्य में मिलाकर भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा अन्याय अगर हुआ है तो किसानों के साथ हुआ है। उनकी आय दोगुनी की बात कर रहे थे। आज किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। तीन काले कानून इन्होंने किसानों के लिए लागू किए थे, लेकिन किसान धरने पर बैठ गए और सरकार को मजबूरन उन्हें वापस लेना पड़ा।

## रिकॉर्ड : उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण 19 लाख के पार

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में अब केवल सात दिन बचे हैं। इस बार 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी श्रद्धालु चारधाम यात्रा नहीं कर पाएगा। ऐसे में श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। शासन-प्रशासन ने चारधाम यात्रा की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

चारधाम यात्रा के लिए गत 15 अप्रैल से शुरू पंजीकरण शुक्रवार को 19 लाख के पार पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में नया रिकॉर्ड है। वैसे भी इस बार पर्यटन विभाग और सरकार ने चारधाम

**चारों धाम में यात्रा प्रबंधन के लिए चलेगा टोकन सिस्टम**

यात्रा में नए रिकॉर्ड कायम होने की उम्मीद जताई है। पिछली बार 56 लाख श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की थी। श्रीकेदारनाथ धाम, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट 10 मई को और बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। शुक्रवार शाम तक कुल 1925617 यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। यमुनोत्री के लिए 306587, गंगोत्री के लिए 347061, श्रीकेदारनाथ धाम के लिए 668356, श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए 567903 तो हेमकुंड साहिब के लिए 35710 यात्री पंजीकरण कराए हैं।

# स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में पिता की मौत, बेटियां घायल

**15 मीटर तक स्कॉर्पियो में फंसकर घसटती रही बाइक**

**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**




लखीमपुर खीरी के निघासन क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं बाइक पर सवार युवक की दोनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची रकेहटी पिकेट पुलिस ने सभी को एंबुलेंस की सहायता से निघासन सीएचसी भेजा गया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं दोनों घायल बेटियों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताते चलें कि निघासन ढखेरवा स्टेट हाइवे पर रकेहटी के पश्चिम स्थित डिग्री कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार काली स्कॉर्पियो जो लखीमपुर से बम्हनपुर को जा रही थी, तभी रकेहटी निवासी माता प्रसाद चतुर्वेदी के मंझले पुत्र जितेंद्र चतुर्वेदी उर्फ मंझिलके जो अपनी दो पुत्रियां क्रमशः वैष्णवी 12 और मानसी 10 को मोटरसाइकिल से निघासन गायत्री स्कूल से लेकर अपने घर रकेहटी को जा रहा था तभी रकेहटी डिग्री कॉलेज के सामने से आ रही। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक ने अपने दाहिने साइड जाकर बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला पहिया टूट कर दूर जा गिरा, और बाइक स्कॉर्पियो के नीचे फंसकर करीब 15 मीटर तक घसीटती रही और सड़क के उत्तर साइड में लगे एक पेड़ में टकराकर सड़क किनारे रुक गई, तभी घटना की आवाज सुनकर घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई। डिग्री कॉलेज के अध्यापक अखिलेश चतुर्वेदी भी घटना स्थल पर पहुंच गए, और घायलों की पहचान कर निघासन पुलिस सहित 108 एंबुलेंस को सूचना दी, सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से निघासन अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने जितेंद्र चतुर्वेदी को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल दोनों पुत्रियों वैष्णवी और मानसी दोनो गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनमें से एक के दोनों पैर टूट गए थे, तो वहीं दूसरी लड़की का एक पैर टूट जाने व हेड इंजरी होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही निघासन कोतवाल सुरेश कुमार मिश्र दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, और मौका मुआयना कर निघासन अस्पताल पहुंचकर जितेंद्र के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, भीषण सड़क हादसे से इलाके में कोहराम मच गया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन बग्गर जले, लाखों का नुकसान



**तिकुनिया खीरी।** कोतवाली तिकुनियां की बेलरायां पुलिस चौकी क्षेत्र के भूलनपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में लालता प्रसाद, उदयभान, जगमोहन तथा के बग्गर जल गए। बग्गर में रक्खा भूसा, डल्लफ था अन्य लकड़ी का सामान जल कर खाक हो गया, प्रताप की पानी की टंकी जल गई। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी अभिषेक यादव व 112 पुलिस की टीम तथा निघासन से आई दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया जिससे अन्य घर जलने से बच गए। प्रधान प्रतिनिधि ध्रुरु वर्मा ने बताया की पश्चिम की तरफ रास्ते से आग लगी जिससे महसूस होता है की किसी ने बीड़ी सिगरेट पीकर जलती हुई किसी ने फेंक दी जिससे आग लग गई। बेलरायां चौकी प्रभारी अभिसेख यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से बीड़ी सिगरेट वगैरह जलती हुई सड़क पर तथा खेतों में न डालें।

# लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कब्जे से लूट के आभूषण, नकदी दो बाइक प्लेटिना तीन अवैध तमंचा बरामद**

**मोहम्मदी खीरी,समृद्धि न्यूज।**




प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखरसिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अंतर्जनपदीय 4 शातिर लुटेरे /चोरो को गिरफ्तार कर कब्जे से लूट के आभूषण, नकदी 2 मोटरसाइकिल प्लेटिना तीन अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है जबकि एक शातिर अपराधी भागने में सफल हो गया।

जिसे प्रभारी निरीक्षक ने 24 घण्टे में गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक संजीत तिवारी मय हमराह फोर्स के साथ गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर टीपीआर एस चौराहे से तुर्कहटा हरहट जाने वाली सड़क पर बने ट्यूबेल के पास लूट की योजना बनाते हुए इकरार पुत्र वाजिद शाह, विनोद पुत्र गंगाराम, शिशुपाल पुत्र तुलाराम, शविर अली पुत्र पुत्तू को गिरफ्तातर किया जबकि करमुल्ला उर्फ राजू पुत्र हिकमतुल्ला खुटार जिला शाहजहाँपुर भागने में सफल रहा। पूर्व में कारित चोरी /लूट की गई सम्पत्ति व घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल प्लेटिना, 3 देशी तमंचा व 3 जिन्दा कारतूस के गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत किया।

## अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, मौत

**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज में औरंगाबाद रोड स्थित मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी कमलेश पुत्र रामदीन रविदास 45 वर्ष ने बृहस्पतिवार की रात को घर के पास स्थित एक प्लॉट में लगे शहतूत के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह दलबल के साथ पहुंचे और घटना के बारे में आसपास के लोगों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया की घटना प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत होती है। शव को अग्रिम कार्रवाई हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्थितियां स्पष्ट होगी। फिलहाल परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है।

## हजारों खर्च के बाद भी पंचायत भवन की हालत दयनीय

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कायाकल्प में हजारों रुपये खर्च होने के बावजूद पंचायत भवन की स्थिति दयनीय पंचायत भवन की दीवारें जगह-जगह से दरक रही है। वही भवन के अंदर बने शौचालय की सीट टूटकर पूरी तरीके से ध्वस्त हो गई। मामला सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमूदाबाद का है। यहां के पंचायत भवन का जुलाई में कायाकल्प के साथ ही टाइलीकरण कार्य करवाया गया था। उसके बावजूद पंचायत भवन की दिवाल जगह-जगह से दरक रही है। वहीं पंचायत भवन में बने शौचालय की सीट पूरी तरीके से ध्वस्त हो गई। पंचायत भवन में बने स्नान घर को कबाड़ घर बना दिया गया ।आपको बताते चले सरकार ने प्रत्येक गांवों पँचायत भवन बनवाकर ग्राम पंचायत स्तर के सारे कार्य इन्हीं भावनों से किए जाने के निर्देश दिए थे।

# उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर काम शुरू

**प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों के व्यय अभिलेखों का किया परीक्षण**



**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर आदेशों का सार संग्रह के अनुपालन में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों का व्यय लेखा निरीक्षण शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 28 खीरी और 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए आयोग से नामित व्यय प्रेक्षकों ने प्रथम व्यय लेखों का परीक्षण किया। इनमें लगभग सभी प्रत्याशियों ने व्यय अभिलेखों का रजिस्टर से मिलान किया। मुख्य कोषाधिकारी/निर्वाचन व्यय लेखा अनुवीक्षण प्रकोष्ठ अमित कुमार राय ने बताया कि व्यय प्रेक्षक व्ययप्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल की उपस्थिति में प्रथम व्यय लेखों का निरीक्षण किया गया। प्रत्याशियों के व्यय पंजीकाओं का निरीक्षण किया गया।

व्ययलेखे के संबंध में 07 मई को द्वितीय एवं 10 मई को तृतीय निर्वाचन व्यय लेखे मिलान कलेक्ट्रेट सभागार में होगा, जिसमें अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत निर्वाचन व्यय अभिकर्ता उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगे।

# प्रशिक्षण कार्यशाला का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा

**मतदान कर्मी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करे, ताकि चुनाव के दिन किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े : डीएम**

**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव को लेकर धर्मसभा कॉलेज में मतदान कार्मिकों का जारी प्रशिक्षण कार्यशाला का जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मतदान संबंधी अपने अनुभव सांझा किया। डीएम ने प्रशिक्षणार्थियों से कई सवाल भी पूछे, जिसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट को आपस में जोड़ने, संचालित करने, सील करने तथा मशीनों को अलग करने आदि से संबंधित सवाल पूछे।

वहीं मॉकपोल, शील्ड करने का तरीका, पीठासीन डायरी, मतदान रजिस्टर से जुड़े कई सवाल-जवाब किये गये। कार्मिकों के जवाब से संतुष्ट होने के बाद डीएम ने कहा कि आप सभी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त कर यहां से जाए ताकि चुनाव के दिन किसी भी तरह की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

डीएम ने प्रशिक्षण कक्ष में मौजूद मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि सभी निर्वाचन कार्मिकों को विधानसभा चुनाव के नियम विधिवत बताए जाएं। वही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट) का व्यवहारिक एवं सिद्धांत प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

डीएम ने प्रशिक्षण स्थल पर मॉडल पोलिंग बूथ एवं पोस्टल बैलट कैंप भी देखा।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्मिकों को मॉडल पोलिंग बूथ अवश्य दिखाया जाए। डीएम ने अलग-अलग प्रशिक्षण रूम में जाकर कर्मियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के भूमिका में नजर आए। डीएम में कार्मिकों को कहा कि उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। चुनाव के दिन कार्मिकों के ठहरने, भोजन, पेयजल और सुरक्षा आदि की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। कार्मिकों को प्राथमिक उपचार संबंधी किट भी उपलब्ध रहेगी।

**अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में दूसरे दिन शुक्रवार को हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए शनिवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। बताते चलें कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रथम पाली में 23 कार्मिक (पीठासीन अधिकारी चार, पी-वन : 03, पी-टू : 10, पी-थ्री : 06) एवं द्वितीय पाली में 20 (पीठासीन अधिकारी 06, पी-वन : 03, पी-टू : 10, पी-थ्री : 06) कार्मिक अनुपस्थित रहे।

# अवैध रूप से की जा रही सज्जन सिटी के नाम से प्लाटिंग

**शासन प्रशासन अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई करने में हो रहे नाकाम साबित**

**उचौलिया खीरी,समृद्धि न्यूज।**

उचौलिया में हीरो एजेंसी के सामने सज्जन सिटी के नाम से की गई प्लाटिंग विवादों में फंसती जा रही है। किशनपुर जमुनी निवासी सगीरन पत्नी रफायत ने थाने में तहरीर दी है कि उसकी जमीन हीरो एजेंसी के सामने रोड पर है जिसमें उसकी नीव भरी थी। आरोप है कि उसके पीछे का खेत शाहजहांपुर निवासी गर्ग भट्टे वाले ने खरीदा था।

जिसमें वहां अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे हैं और उन्होंने उसकी रोड साइड जमीन पर भरी नीव जेसीबी द्वारा द्वारा तोड़ दी। और जिसको वह प्लाटिंग करके बेच रहा है। उसने आरोप लगाते हुए बताया है कि जब उसने उसकी जमीन पर ऐसा करने से मना किया तो भट्ठा मलिक गर्ग के नौकर ने उसको धमकी देते हुए कहा यह जमीन हमारी है तुम्हारा यहां कुछ नहीं है ज्ञात हो कि उचौलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग हीरो एजेंसी के सामने सज्जन सिटी के नाम से हो रही अवैध प्लाटिंग के कोई भी लीगल कागजात नहीं है। बावजूद इसके शासन प्रशासन अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है।

## वेबिनार कर दिव्यांगजनों के मतदान के लिए किया गया जागरूक

**बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की अध्यक्षता में प्रातः 11.00 बजे दिव्यांगजन संवाद वेबिनार का आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं का आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाने हेतु जागरूक किया गया साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त इस वेबिनार में विषय 100 प्रतिशत मतदान लोक तंत्र की शान पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें श्री रंगई लाल, नागेश पटेल, श्यामजी, लालू यादव, अनन्त सिंह, अमित मिश्रा एवं वीरेन्द्र पाल कुल 07 दिव्यांगजनों ने अपने विचार व्यक्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### दर्शन के लिए गए पिता-पुत्री सड़क दुर्घटना में घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अवसानेश्वर मंदिर दर्शनों के लिए आज सुबह मोटरसाइकिल से जा रहे पिता पुत्र पुत्री घायल हो गए। सी एच सी त्रिवेदीगंज प्राथमिक उपचार के बाद जहां पिता को छुट्टी दे दी गई दोनों बच्चों को गंभीर अवस्था के चलते जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बारा गांव निवासी दीप नारायण पाल पुत्र राज नारायण अपनी पुत्री जानवी पाल 7 वर्ष एवं पुत्र पियूष 10 वर्ष को साथ लेकर बारा- अवसानेश्वर मार्ग से होकर सुबह साढ़े नौ बजे मोटरसाइकिल से मंदिर दर्शनों के लिए जा रहे थे। बारा रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे तो फाटक बंद था ट्रेन गुजर जाने के बाद फाटक के खुलते ही श्री पांडे आगे आगे चल रही पिकअप को ओवरटेक कर रहे थे कि तभी सामने से आई बोलेरो से टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए एंबुलेंस से त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जानवी व पीयूष को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### बीडीओ ने किया परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा सुबेहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत शरीफाबाद एवं चकोरा में विद्यालयों का निरीक्षण किया गया और चल रहे निर्माण कार्यों को दो दिन के अंदर पूरा किए जाने के निर्देश दिए गए। श्री गुप्ता ने बताया कि दोनों विद्यालयो में चार दीवारी निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और प्लास्टर का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा रसोई घर शौचालय, रैम्प व पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई।

### प्रेक्षकगण से संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर जारी

**बाराबंकी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट / उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने हेतु इस जनपद हेतु प्रेक्षकगण की नियुक्ति की गई है। प्रेक्षकगण जनपद में दिनांक 02 मई को आ चुकें है। उन्होंने बताया कि सभी प्रेक्षकगण रिलायन्स इन्डस्ट्रीज, लिमिटेड, देवा रोड बाराबंकी के अतिथि गृह में अवासित हैं। सामान्य प्रेक्षक आर.आर.दमोर (आई.ए.एस.) मोबाइल नंबर 9452173778, पुलिस प्रेक्षक गुरुदेव चंद शर्मा (आई. पी. एस.) मोबाइल नंबर 9452032185 है।

### दृष्टिबाधित मतदाता को बताया वोट करने का तरीका

**बाराबंकी।** किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवा के सहायक अध्यापक आशुतोष पांडेय द्वारा बनाए गए बाराबंकी बी कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई मतदाता जाना चाहता है कि कोई दृष्टिबाधित मतदाता ब्रेल लिपि जानता है और वह अपना वोट स्वयं करना चाहता है तो क्या वह अपना वोट स्वयं कर सकता है। इसका जवाब देते हुए बाराबंकी बी ने बताया कि बैलेट यूनिट में कैंडिडेट बटन के किनारे ब्रेल लिपि में क्रम संख्या अंकित होती है।

# भाजपा ने गरीबों का पांच लाख तक दिया नि:शुल्क इलाज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पिछले 10 वर्षों में केंद्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आगम के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिसका लाभ सभी वर्गों को बिना भेदभाव के मिला है पहली बार अन्नदाता किसानों को किसान सम्मन निधि का लाभ एवं गरीबों को मुफ्त राशन के अलावा 500000 तक निशुल्क इलाज की व्यवस्था इस सरकार द्वारा दी गई है।

उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने विकास खंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत पेचरुआ में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान व्यक्त किया और सभी देवतुल्य मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू भाजपा मीडिया प्रभारी लव मास्टर गुरुजी वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण साहू शेखर मिश्रा नवनीत महाराज भाजपा नेता गोविंद पाठक महादेव पाठक राजकुमार सोनी सभासद महेश अग्रवाल विपिन सोनी मोहित शुक्ला भानू मिश्रा करुणेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## भाकियू ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेलहरा, बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के फतेहपुर तहसील अध्यक्ष दद्दन सिंह के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से तहसील उपाध्यक्ष फतेहपुर सुमित वर्मा, तहसील उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष हंसराज वर्मा,सचिन सिंह प्रधान जगतपुर व अन्य कई लोगों ने रक्तदान किया। दद्दन सिंह ने कहा सभी को रक्तदान करना चाहिए इससे किसी के जीवन को बचाया जा सकता है, साथी रक्तदान करने से शरीर को भी अनेकों प्रकार के फायदे मिलते हैं। इस प्रकार के शिविर में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष रवि वर्मा, जिलाध्यक्ष राधेरमन वर्मा, मण्डल महामंत्री केडी यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# तनुज ने की इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस पार्टी का अपना एक बलिदानी इतिहास है वोट की राजनीति के लिए प्रधानमंत्री देश की आवाम के सामने गलत बयान बाजी कर रहे हैं देश की आवाम भाजपा के असली चेहरे को पहचान गई है भाजपा की संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने की कोई साजिश इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता कामयाब नहीं होने देंगे। उक्त बातें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज विकासखंड हैदरगढ़ की न्यायत पंचायत अंसारी चौबीसी, सराय गोपी में पूर्व विधायक राम सागर रावत तथा इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ व्यापक जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय आवाम से इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कही। जनसंपर्क अभियान के क्रम में आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विकासखंड हैदरगढ के ग्राम विवियापुर, रनापुर, गुलालपुर, बडनापुर, नयापुरवा, नैनखेरा, रौली, लालपुर, चौबीसी, अलीपुर , भिखरा, भैरमपुर, पाण्डेय का पुरवा, अमरवल, सैदापुर, भगौचा, ललई का पुरवा, चिरैया, बलीपुर में पूर्व विधायक राम मगन रावत के साथ व्यापक जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। चुनाव अभियान के इसी क्रम में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने विधानसभा हैदरगढ़ के विकासखंड त्रिवेदीगंज में ग्राम सहावर के नवचेतना विद्यालय के प्रांगण में आयोजित सभा का संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव किसान नौजवान विरोधी भाजपा सरकार को सबक सिखाने का है।

# मेधावियों को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**राजकीय इंटर कॉलेज सिरौली गौसपुर से सद्दाम हबीब खान ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को सीतादेवी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना त्रिपाठी ने ललित चतुर्वेदी, पंकज तिवारी, सर्वेश कुमार यादव, डॉ. ओपी राव आदि ने इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमें जनता इंटर कॉलेज बदोसराय से रूमी बानो किन्तूर 90.6 अर्चना यादव कित्तूर 90.1 सदमा बरौलिया 84 प्रतिशत अंक पाकर अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज सिरौली गौसपुर से सद्दाम हबीब खान ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में कोटवा धाम विद्यापीठ इंटर कॉलेज के अतुल कुमार मदारपुर से 432 अंक ,मरियम बानो 430 अंक और कला वर्ग से नैंनसी वर्मा अमनियापुर से 421 अंक प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के निदेशक अभिषेक शुक्ला प्राचार्या डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप अपने लक्ष्य को हमेशा प्राप्त करते रहें तथा माता-पिता और गुरु का सम्मान बढ़ाकर देश का नाम रोशन करें।

# घुमन्तू पशुओं की तस्करी करने वाले दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

घूमंतू पशुओं की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों पर मसौली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्यवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया है। बताते चले की बिहार प्रांत के जनपद कटिहार कोरहागना थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बाढटोला मटवारा निवासी मनोज कुमार महतो पुत्र सर्वजीत महतो अपने एक अन्य साथी मोहम्मद दुलाल पुत्र मोहम्मद फारुख निवासी विनयनिया थाना कोरहा जनपद कटिहार के साथ मिलकर एक गैंग बनाकर गिरोह में नये-नये सदस्यों को शामिल कर घूमतु गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर तस्करी का काम करते है। गत वर्ष 22 मई को मसौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक शिव अंजोर मिश्र ने गोंडा बहराइच राजमार्ग पर स्थित ग्राम ज्योली के निकट से एक डीसीएम ट्रक नम्बर आर जे 25 जीए 5738 को कब्जे में छोटे-बड़े 20 गौवंशीय पशुओं को बरामद किया जिन्हे निर्दयता एव क्रूरतापूर्ण लदे मिले जिनके पैर व सिर रस्सी से बंधे हुए थे। पकड़े गये दोनो व्यक्तियों द्वारा गलती की माँफी मांगते हुए बताया कि उनके पास गौवंशीय पशुओं के परिवहन का कोई भी प्रपत्र नही है, इन गौवंशीय पशुओं को सीतापुर से बिहार ले जा रहे थे।

## सम्मानित ही राजकीय हाई स्कूल की छात्राएं

**मसौली बाराबंकी।** राजकीय हाई स्कूल नियामतपुर मे यूपी बोर्ड परीक्षा मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। यूपी बोर्ड परीक्षा मे छात्र मंतशा कुरैशी, उबैद अख्तर ,शमीमुन बानो, तमन्ना नियाजी व बीवी गजाला को सर्टिफिकेट, दीवार घड़ी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 9 की वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं क्रमशः अहीद सिद्दीकी मंतशा बानो व फरहीन को भी मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि गुप्ता प्रधान धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

# लखनऊ-कानपुर हाईवे पर डंपर खराब होने से रेंगते रहे वाहन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा थानाक्षेत्र में शुक्रवार को डंपर खराब हो गया। जिसकी वजह से करीब डेढ़ घंटे तक ट्रैफिक रेंगता रहा। लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस की मदद से डंपर को बीच सड़क से हटाया गया। फिर ट्रैफिक सामान्य हुआ।

जानकारी के मुताबिक डंपर चालक अपनी गाड़ी बनवाने टाटा मोटर्स वर्कशॉप पर ले जा रहा था। वर्कशॉप के पास पहुंचते ही डंपर बंद हो गया। काफी मशक्कत के बाद डंपर चालू नहीं हो सका। जिसकी वजह से लखनऊ से कानपुर जाने वालों को परेशानी झेलनी पड़ी। डंपर के वजह से कोई अन्य गाड़ी रफ्तार से नहीं निकल पा रही थी। एक-एक गाड़ी निकलने की वजह से पीछे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। कानपुर एक्सप्रेस-वे बनने की वजह से दोनों तरफ से रास्ते सकरें हो गए हैं। सैनिक स्कूल से बंथरा में बने तिराहे तक दोनों तरफ से बैरिकेटिंग लगाई गई है। जिसकी वजह से यहां की ट्रैफिक्र व्यवस्था बिगड़ गई है। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक सड़क पर खराब खड़े डंपर के कारण वाहन सवार रेंगते रहे। ये स्थिति एक दिन की नहीं है, अक्सर गाड़ियों खराब होने की वजह से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।

## किसानों व श्रमिकों की आवाज कामरेड अतुल अंजान का निधन

**लखनऊ।** प्रख्यात कम्युनिस्ट नेता अतुल कुमार अंजान का निधन हो गया है। कामरेड अंजान किसानों और श्रमिकों की आवाज थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन व प्रवीण कुमार ने बाराबंकी पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की है। अतुल कुमार अंजान वरिष्ठ भारतीय कम्युनिस्ट नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं। वह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव भी रहे हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा लखनऊ से राज्य बोर्ड स्कूल और स्नातक, स्नातकोत्तर और फिर एलएलबी की पढ़ाई 1967, 1972, 1976 और 1983 में लखनऊ विश्वविद्यालय से की।

# आवास दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**यूपी एसटीएफ ने प्रदीप सिंह उर्फ काला और सनी सिंह को गिरफ्तार किया, संगठित गिरोह के तहत घटना को दिया अंजाम**

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने कानपुर नगर से शुक्रवार को पीएम आवास दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया। आरोपी आवास के नाम पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) का अधिकारी बनकर कॉल करते। इसके बाद फाइल चार्ज के नाम पर पैसे मांगते। जिसे फर्जी बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कराकर यूपीआई से निकाल लेते।

जानकारी के मुताबिक एसटीएफ को पीएम आवास के नाम पर ठगी करने की लगातार शिकायत मिल रही थी। मामलों की गंभीरता को देखते हुए टीम लगाई गई। शुक्रवार को सुबह 7.30 एसटीएफ को टेक्निकल स्पेशलिस्ट और मुखबिर से जालसाजों की सूचना मिली।

एसटीएफ ने सूचना के आधार पर रेउना, कानपुर नगर के रहने वाले प्रदीप सिंह उर्फ काला पुत्र विनोद सिंह और सनी सिंह पुत्र जगदीश सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। गैंग फर्जी आईडी बनाकर सिम कार्ड खरीदते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर घर दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बनकर फर्जी आईडी से लिए गए सिम के सीरीयल नंबर पर कॉल करते। जो भी इनकी बात में फंस जाता।

उनकी पूरी डिटेल व कागज व्हाट्सअप के जरिए ले लेते। गैंग में शामिल महिलाओं के माध्यम से उन दस्तावेज से बैंक अकाउंट खुलवाते और मैसेज अलर्ट के लिए अपना मोबाइल नंबर डालते। जिससे यूपीआई बना लेते। इसके बाद जाल में फंसे लोगों से बैंक मैनेजर बनकर फाइल चार्ज के नाम पर पैसे मांगते। फिर लो बैलेंस बताकर मेन्टीनेंस चार्ज के नाम पर फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कराते। किसी को शक हो जाता तो कहते फाइल चार्ज में आए खर्च को जमा करने के बाद पैसा वापस कर दिया जाएगा। दिनभर में 4 से लोगों से ठगी करके दिनभर में 50-60 हजार कमा लेते। ठगी करने के लिए 20 फर्जी से ज्यादा एकाउंट खुलवा रखे थे। यूपीआई के जरिए ठगी का पैसा तुरंत निकाल लेते।



## खबरें एक नजर में

### मिनिस्ट्रीरियल पदाधिकारियों को सतीश पाण्डेय ने दिलाई शपथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पांच साल पूर्व विद्युत सुरक्षा निदेशालय मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश दो गुट में तब्दील हुए संगठन के पदाधिकारियों को राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समय कर्मचारियों के बहुत अहम है। सभी संवर्ग के पदों पर भारी रिक्तियॉं है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष जारी है। इस एकता ही हमारी ताकत है। संघ के संरक्षक सलाहकार और महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्वत ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री रामराज दुबे ने कहा कि महासंघ आपकी एसोसिएशन के साथ सदैव खड़ा मिलेगा। विद्युत सुरक्षा निदेषालय सभागार में राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीष कुमार पाण्डेय ने नई कार्यकारिणी में सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सलाहकार, संरक्षक और अमित कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष और धनन्जय सिंह महामंत्री, पवन कुमार गौड़, शैलेन्द्र अवस्थी उपाध्यक्ष, समीर त्रिपाठी संयुक्त मंत्री, विवेक गौड़ संगठन मंत्री, सिराज मोहम्मद सिद्धीकी आडीटर, सुशील कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुशीला परिहार, राकेश पाण्डेय, जया चौहान, संतोष कुमार, प्रिया, दुष्यंत कुमार, पवन कुमार द्वितीय और सुनील कनौजिया और उप निदेशक विद्युत सुरक्षा लखनऊ रीजन के लिए सुनील कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष और सत्यम वत्स मंत्री को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### जौनपुर में सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने किया नामांकन

**जौनपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ के यहां दाखिल किया। सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा आज नगर के रिवर व्यू होटल के प्रांगण में गठबंधन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर आकर पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ के कोर्ट में बने नामांकन स्थल पर आकर अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया।

### रजिस्ट्री ऑफिस के बगल बने वकीलों के चैंबर में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के वजीरगंज इलाके में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात पुराने रजिस्ट्री ऑफिस के बगल में बने वकीलों के चौंबर में आग लग गई। रात करीब 3 बजे अग्निशमन टीम को सूचना मिली। मौके से पहुंची टीम ने 1 घंटे 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। जानकारी के मुताबिक पुराने रजिस्ट्री ऑफिस के बगल में कई वकीलों के चौंबर बने हैं। जहां पर शॉर्ट सर्किट से गुरुवार की दरम्यानी रात आग लग गई। फायर ब्रिगेड को जानकारी मिली कि एक घर में आग लगी है। मौके से अमीनाबाद और हजरतगंज से एक-एक दमकल गाड़ी और चौक से दो दमकल गाड़ियां रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर सबसे पहले बिजली की सप्लाई बंद कराई गई। जिसकी वजह से तारों से चिंगारियां निकल रही थीं। अग्निशमन टीम ने करीब 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। घटना में 15 वकीलों के चैंबर जल गए। साथ ही ऑफिस में रखी मेज, कुर्सी और ऑफिस में रखे दस्तावेज और कंप्यूटर जल गए।

### झांसा देकर महिला प्रोफेसर के गले से पार की चेन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट थाना अंतर्गत मल्हौर एमिटी यूनिवर्सिटी के पास ई-रिक्शे में सवार शातिर महिलाओं ने एक महिला प्रोफेसर के गले से सोने की चेन पार कर दी। शातिर महिलाओं ने सीट बदलने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल, पुलिस शातिर महिलाओं की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। गोमतीनगर थाना अंतर्गत विकल्पखंड निवासी संदीप श्रीवास्तव ने चिनहट थाने में शातिर महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी प्रोफेसर है। गत तीन अप्रैल की सुबह करीब दस बजे पत्नी एमिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ाने जा रही थी। उनका आरोप है कि मल्हौर पुलिस चौकी के नजदीक आरके टावर के पास तीन महिलाएं ई-रिक्शे पर सवार हुई। इसी बीच एक महिला ने सीट बदलने का झांसा देकर उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन पर पार कर दी। यूनिवर्सिटी पहुंचने पर उनकी पत्नी ने गले पर हाथ रखा, तो उन्हें चेन गायब मिली। पीड़ित ने बताया कि चेन की कीमत करीब एक लाख की है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। शातिर महिलाओं की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


### गोपाल राय ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष को सौंपा समर्थन पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार भवानीगंज में संतोष राय द्वारा आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं 54 रजिस्टर्ड दलों द्वारा विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह को समर्थन पत्र सौंपा उक्त अवसर पर श्री राय ने कहा की तीसरी बार प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी मोदी सरकार वहीं क्षेत्र के मतदाताओं से अपील किया कि नरेंद्र मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पार भारी बहुमत से जीत सुनिश्चित करवा कर मोदी जी के सपनों का भारत बनाने में उनका हाथ मजबूत करें नरेंद्र मोदी जी आपके हर सुख दुख में साथ रहेंगे क्योंकि यह जमीन से जुड़े हुए नेता है वही श्री राय ने कहा कि अब तक गरीबों के लिए भाजपा ने बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई है जैसे उज्जवल योजना से लेकर आवास योजना आयुष्मान योजना ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं जिससे अनेक लोग लाभान्वित हुए।

# सपा, बसपा व कांग्रेस के कार्यकाल में भूखे मरते थे लोग : योगी आदित्यनाथ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/बरेली।** लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान को लेकर काउंटडाउन शुरू होने वाला है। ऐसे में पक्ष-विपक्ष दोनों की ओर से मैदान में बढ़त बनाने की जोर-आजमाइश शुरू हो गईं है। बरेली की आंवला सीट पर भी कई नए मुद्दे भी उभरकर सामने आए हैं और चुनाव का रंग रूप भी बदलता दिख रहा हैं। आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोलतें हुए कहा 2014 के भारत और अब के भारत में काफी अंतर है।



उन्होंने कहा 2014 के भारत में देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं थी आतंकवाद चरम सीमा पर था जगह-जगह विस्फोट हो रहे थे नक्सलवाद पैर पसार रहा था विकास के कार्य ठप पड़े थे। कांग्रेस बसपा सपा की सरकारों में लोग भूख से मरते थे। किसान आत्महत्या करता था नौजवान पलायन करता था बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं थी। वहीं योगी ने कहा कि सपा कहती थी श्री राम बोलोगे तो अंदर बंद कर देंगे अयोध्या के लिये कहते थे कि अयोध्या में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। वहीं मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 के बाद का भारत देखिए दुनियां में देश का नाम हो रहा है। सीमाएं सुरक्षित है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। वही मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में भी बताया उन्होंने अपने संबोधन में जनता से कहा कि सरकार आपकी है पैसा हम देंगे आराम से उपचार कराओ मोदी जी ने 50 करोड़ गरीबों के जनधन अकाउंट खोलें हैं। उन्होंने आरक्षण को लेकर कहा कि पिछड़ी जाति, अनुसूचित जनजाति में सेंधमारी की जा रही है। कांग्रेस ने सच्चर कमेटी गठित कर सेंधमारी करने का काम किया था। जिसमें 6 प्रतिशत मिलने वाले आरक्षण को मुसलमानों को देने की तैयारी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस को बंटवारा करने की आदत है पहले देश को बांटा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए क्योंकि धार्मिक आधार पर देश का विभाजन हुआ। उन्होंने कहा था कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जो फिर से देश का विभाजन हो।

### पाकिस्तानी कर रहे हैं कांग्रेस की तारीफ

पुलवामा के हमले में शहीद हुए सैनिकों को लेकर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने खुशियां मनाई थी। वही शख्स कांग्रेस के राहुल गांधी के लिये समर्थन देने की बात कर रहा है। इस दौरान जनसभा के दौरान आंवला प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, फरीदपुर विधायक श्याम बिहारी लाल, गुलशन आनंद, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पाकिस्तान में भूख से मर रहे हैं लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में 23 करोड लोग भूख से मर रहे हैं। वहीं भारत 80 करोड लोगों को फ्री में राशन दे रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अगर 1 किलो भी गेहूं या आटा मिल जाए तो वहां लोग टूट पड़ते हैं जीवो की तरह। पाकिस्तान आतंकवाद की भट्ठी है सुलगाई उसी नें हैं तों जलेगा भी वही।

### भाजपा ने सबको एक समान समझा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा ने सबको एक समान समझा जितनी भी गरीब कल्याणकारी योजनाएं आई उसमें बीजेपी ने किसी का चेहरा और मजहब देखकर योजनाएं नहीं दी। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया।

# पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र किए जब्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1799 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 02 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4701 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,49,256 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 22,82,079 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8549 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8650 कारतूस, 2900.32 किग्रा विस्फोटक व 474 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3676 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 162 केन्द्रों को सीज किया गया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की भारी मात्रा में शराब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 मई तक 33678.70 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3346.59 लाख नकद, 4767.35 लाख की शराब, 22205.45 लाख की ड्रग, 2193.07 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1166.23 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# रेलवे के इंडोर अस्पताल में कर्मचारी ने की आत्महत्या, हत्या का आरोप

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग में प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारी ने चाकू से गला रेत कर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह 10 बजे की है। कर्मचारी का शव लहूलुहान हालत में कमरे में पड़ा था। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के भेज दिया है।

इंस्पेक्टर आलमबाग ने बताया आशियाना के रहने वाले मंशाराम (52) आलमबाग के रेलवे इंडोर अस्पताल में चपरासी का काम करते थे। शुक्रवार को सुबह 8 बजे अस्पताल पहुंचे। कमरे में अकेले रहने के दौरान करीब 10 बजे गला रेत कर आत्महत्या कर ली। सहकर्मियों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। रिपोर्ट आने के बाद ही वजह साफहो पाएगी। वहीं मंशाराम के परिजनों ने चाकू से गला रेतकर हत्या करने का आरोप लगाया है। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे की जांच की जा रही है। इसके अलावा फॉरेंसिक टीम भी जांच में लगी है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। आत्महत्या करने की वजह का पता लगाया जा रहा है। वहीं परिजनों के आरोप के अनुसार अन्य एंगल पर भी जांच की जा रही है।

### सिक्योरिटी गार्ड ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, रायबरेली के पूरे राई थाना नसीराबाद का रहने वाला अनुराग तिवारी (28) लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में स्थित निलमथा के सैनिक मंगल निकेतन कालोनी में किराए पर रहकर एक सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था और वर्तमान समय में लुलू मॉल में कार्यरत था। अनुराग रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर घर वापस आया और अन्य साथियों के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे साथी अतुल सिंह उसे जगाने पहुंचे तो देखा कि दरवाजा अंदर से खुला था और उसका शव पंखे में दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था। उन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के आने बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

### सकारात्मक जनमत का निर्माण करते हैं पत्रकार : विजय क्रास्ता

**लखनऊ।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कालेज में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने वरिष्ठ पत्रकार उमेश गुप्ता,विमल सिहं चौहान,जय शुक्ला,मोईन खान,प्रीति बाजपेयी,प्रशान्त त्रिवेदी को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। उन्होंने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सम्मानित पत्रकार व छायाकार बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में मीडिया कर्मियों की भूमिका अहम होता है। पत्रकार देश में सकारात्मक जनमत निर्माण करते हैं। पत्रकारिता ही समाज के लिए नई दिशा व दशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती है। अखबार व पत्र-पत्रिकाएं आमजनों की आवाज को बुलंद करने का काम करती है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। समाज में मीडिया कर्मियों को अत्यधिक प्रतिष्ठा मिलती है। हमारे देश के साथ-साथ सभी देशों में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। पत्रकार अपनी कलम से समाज को सुरक्षा प्रदान करते हैं। स्वतंत्र व निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए पत्रकारों की सुरक्षा जरूरी है।



**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऑल इण्डिया मिल्ली काउंसिल डॉ. यासीन अली उस्मानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की।**

### दावत खिलाने के बहाने दोस्त को घर से बुलाकर पीटा, इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माल थाना अन्तर्गत गद्दीनखेड़ा में दावत खिलाने के बहाने दोस्त को घर से बुलाकर दे गए युवकों ने उससे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद हमलावर उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर घटनास्थल से भाग निकले। आनन-फानन परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां 13वे दिन शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद पुलिस ने उसके साथियों पर दर्ज एफआईआर में गैर-इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, गद्दीनखेड़ा गांव निवासी सर्वती ने शिवबालक और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गत 21 अप्रैल को पति कल्लू (35) को भनौरा निवासी शिव बालक घर से देवरी भारत गांव में रहने वाले हरिनाम के घर दावत खिलाने की बात कह कर ले गये थे। देवरी में पति व शिवबालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि शिव बालक ने साथियों के साथ मिलकर पति को पीटकर अधमरा कर दिया था। शोर मचाने पर हमलावर पति को मरणासन्न हालत में छोड़कर घटनास्थल से भाग निकले। जानकारी होने पर महिला ने पति को दुबग्गा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां, घटना के 13वें दिन कल्लू ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। हमलावरों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# बीबीएयू में मतदाता जागरुकता व युवाओं के लिए करियर की संभावनाएं विषय पर हुआ व्याख्यान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में नवोदय विद्यालय समिति द्वारा पोषित एनसीसी इकाई (20 यू. पी. गर्ल्स बटालियन एनसीसी एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह, कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमांडिंग अधिकारी 20 यू. पी. गर्ल्स बटालियन, एनसीसी के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय में भारतीय पुलिस सेवा एवं शिक्षा में युवाओं के करियर की संभावनाएं पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राम चन्द्र, पी. ई. एस. स्टाफ़ आफिसर डायरेक्टर बेसिक यू.पी. मौजूद रहे। जिन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि आपको यह खुद से पूछना चाहिए कि आपकी रुचि किसमें है और किस क्षेत्र में आप अपने करियर को आयाम देना चाहते हैं। डॉ. यूसुफ अख्तर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी और अनुज पाठक ने किया। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, कैप्ट. डॉ. राजश्री ने सभी उपस्थित जनसमूह को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाकर सब को मतदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवजीत रावत, असिस्टेंट कमिश्नर रूरल डेवलपमेंट और अंशुमान रावत, जीएसटी इंस्पेक्टर मौजूद रहे। कार्यक्रम में रूबी वर्मा, ऋतु अग्रवाल, दया शंकर, अंकिता, विवेक, अंबुकेश्वर, अभिनव, राजदीप, कुलदीप, दीपांकर, राज किरण, रोहित, शशलांग, नीतू, बलजीत, अश्वनी कांत शुक्ला, आशीष पांडे आदि छात्र/ छात्राएं, एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

**जुबानी हमला** | उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल पर बोला हमला, कहा

# राहुल गांधी का अमेठी से चुनाव न लड़ना नैतिक पराजय

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के फैसले को लेकर कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव नहीं लड़ना कांग्रेस और सपा इंडिया गठबंधन की नैतिक पराजय और भाजपा की विजय है ।



आप को बता दें कि अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस में चल रही खींचतान के बाद दोनों सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। रायबरेली सीट से राहुल गांधी और अमेठी सीट से केएल शर्मा चुनाव लड़ेंगे। रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी अपने नामांकन के लिए अपनी मां सोनिया गांधी तथा बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ शुक्रवार को यहां पहुंच गए हैं। राहुल यहां स्थित फुरसतगंज हवाईअड्डे पर अपनी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य लोगों के साथ विमान से उतरे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी और केएल शर्मा के नामांकन के लिए कांग्रेस नेता क्रमशरू रायबरेली और अमेठी पहुंच गए हैं। कई दिनों की ऊहापोह को खत्म करते हुए, पार्टी ने आज सुबह घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पहले उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र था। पार्टी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। शर्मा गांधी परिवार की अनुपस्थिति में इन दोनों प्रतिष्ठित निर्वाचन क्षेत्रों की देखभाल कर चुके हैं। सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को जिन सीटों पर मतदान होगा, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख है। रायबरेली और अमेठी सीटों पर मतदान 20 मई को ही होगा। मतगणना चार जून को होगी।

### अमेठी से राहुल व कांग्रेस पार्टी का हो चुका पलायन



**लखनऊ/जालौन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच साल अमेठी से दूर रहने के कारण जनता उनसे सवाल न पूछ ले, इसीलिए राहुल गांधी ने जनता को भ्रमित करने के लिए रायबरेली से चुनाव लड़ना उचित समझा। लेकिन उन्हें इस चुनाव में भी जनता नकार देगी। मोदी के नेतृत्व में कराए गए विकास कामों के बदौलत पूरे प्रदेश में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने यह बात जालौन के उरई में भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा के नामांकन सभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश का बड़ा राजनैतिक संगठन है। उसने हमारे देश की सरकार का नेतृत्व किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश से कांग्रेस पूरी तरह से पलायन कर चुकी है। पूरे पांच साल अमेठी से राहुल गांधी और सोनिया गांधी रायबरेली से नदारद रहीं। निश्चित रूप से उनके मन में यह भाव रहा है कि अमेठी से चुनाव लड़ने पर जनता उनसे सवाल न पूछ ले, इसीलिए राहुल गांधी रायबरेली के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करेंगे।

# करण भूषण के नामांकन को प्रभावी बनाने पहुंचे डिप्टी सीएम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी गोंडा के 57, लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के प्रत्याशी करण भूषण सिंह द्वारा नामांकन किया गया। नामांकन के दौरान नामांकन सभा का आयोजन रघुकुल विद्यापीठ में किया गया। नामांकन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप एवं संचालन महामंत्री आशीष त्रिपाठी द्वारा किया गया।

सभा में सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह, जिला अध्यक्ष बलरामपुर प्रदीप सिंह, जिला अध्यक्ष बहराइच बृजेश पाण्डेय, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडे, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलरामपुर सदर पलटू राम, विधायक मेहनौन विनय द्विवेदी, विधायक गोंडा सदर प्रतीक भूषण सिंह एवं तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा सभा को संबोधित किया गया। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मोदी जी के लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित जो भारत का संविधान है वही उनके लिए धर्म ग्रंथ है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी की गारंटी है कि जिस प्रकार आपने 2014 में सरकार बनाई तब 370 समाप्त हुआ। 2019 में आपने सरकार बनाई तब राम मंदिर बना। ठीक उसी प्रकार 2024 में जब आप पुनः मोदी सरकार बनाएंगे तो भारत में एक देश एक कानून एवं एक चुनाव का नियम लागू होगा यह भी मोदी की गारंटी है।

## कुल 25 नामांकन, छह मई को होगी नाम वापसी

गोंडा एवं कैसरगंज लोकसभा दोनों मिलाकर कुल 25 नामांकन हुए है। कल 4 मई को सभी नामांकनों की संवीक्षा होगी। 6 मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

**कैसरगंज लोकसभा 12 कुल नामांकन फाइनल सूची :-**

1. श्री नरेंद्र पाण्डेय - दो सेट,
2. श्री भगत राम- दो सेट
3. श्री चन्द्र प्रकाश सिंह-एक सेट
4. श्री नबी अहमद-एक सेट
5. श्रीमती अरूणिमा पाण्डेय-एक सेट
6. श्री विनोद कुमार पटेल-एक सेट
7. श्री अशोक सिंह-दो सेट
8. श्री जय चन्द्र सिंह-एक सेट
9. श्री गोविंद-एक सेट
10. श्री संजीव कुमार सिंह-एक सेट
11. श्री विनीत कुमार सिंह-एक सेट
12. श्री करण भूषण सिंह-चार सेट

**गोण्डा लोकसभा 13 कुल नामांकन फाइनल सूची :-**

1. श्री राजकुमार - एक सेट
2. श्रीमती श्रेया वर्मा - चार सेट
3. श्री सौरभ-दो सेट
4. श्री कीर्तिवर्धन सिंह- दो सेट
5. श्री राघवेन्द्र- दो सेट
6. श्री मो0 शाकिर - एक सेट
7. श्री राम उजागर- एक सेट
8. श्री ओम प्रकाश तिवारी- एक सेट
9. श्रीमती विनीता कौशल- एक सेट
10. श्री विनोद कुमार सिंह - एक सेट
11. श्रीमती अरूणिमा पाण्डेय - एक सेट
12. श्री कुलदीप-एक सेट
13. श्री सैयद कासिम राजा-एक सेट




## मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान करने के लिए किया जागरूक

**रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** चंद्रभान मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बराराय मल्लापुर में गुरुवार को बच्चों व शिक्षकों ने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को 20 में को सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। विद्यालय के प्रबंधक सूर्य नारायण पांडे के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त शिक्षकों छात्र छात्राओं ने गांव व आसपास के लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 20 मई को होने वाले मतदान पर शत प्रतिशत मतदान करने एवं लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई। विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय में विभिन्न के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मेरा गोंडा, मेरी शान 20 मई को करें मतदान, पहले मतदान फिर जलपान सहित कई गगन भेदी नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। इसमें विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा रामशरण पासवान सतीश शुक्ला गंगोत्री पांडे रामलाल शास्त्री अनीता यादव अंजलि मधु प्रतिभा पांडे मोहनी राजकुमार नैना सहित सभी विद्यालय के शिक्षक,अनुचर,व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- पीड़ित दर दर भटकने को मजबूर, नहीं हो रही कार्रवाई
- पुलिस पर विपक्षी गणों से मिलीभगत का आरोप



स्टे शुदा भूमि पर जबरन अवैध कब्जा करने से मना करने पर दबंगों द्वारा गाली गलौज करते हुए पीड़ित परिवार पर लाठी डंडों और ईंट पत्थर के साथ हमला बोल दिया और हाथ पैर तोड़ते हुए अद्धी से मार डालने की धमकी दी गई। हमले में दो लोगों को गंभीर चोटें आने और एक व्यक्ति का पैर फ्रेक्चर होने व जमीन कब्जे के मामले में एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी पुलिस ने घायलों का मेडिकल ना कराकर अभी तक एफआईआर दर्ज नही की है।

कोतवाली पुलिस पर विपक्षी गणों से मिलीभगत का आरोप है। मामले में कोई कार्यवाही ना होने से पीड़ित दर दर भटकने को मजबूर है और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने और न्याय की गुहार लगाई है।

मामला कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम नगवा के मजरा बाबा पुरवा का है। जहां के निवासी कमल गोस्वामी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है जिसमे उन्होंने कहा है की उसके पिता श्रवण ने भूमि गाटा संख्या 861, 871 स्थित ग्राम नगवा कला के संबंध में बंटवारे का मुकदमा उपजिलाधिकारी के न्यायालय में दायर कर रखा है। जिसमे उपजिलाधिकारी कर्नलगंज ने यथास्थिति कायम रखने हेतु स्थगन आदेश पारित कर रखा है लेकिन विपक्षीगण बहुत धनाढ्य और प्रभावशाली किस्म के व्यक्ति है। जिन्होंने बीते 26 अप्रैल को उपरोक्त भूमि पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया,जिस पर पीड़ित द्वारा मना करने पर दबंग विपक्षीगण मारपीट पर उतारू हो गए। तब उसने डायल 112 पुलिस बुलाया,जिस पर वह विपक्षीगण का निर्माण कार्य बंद करवाकर चले गए। उसके बाद विपक्षीगण द्वारा फिर से निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। पीड़ित ने बताया की उसे पांच बार पुलिस बुलानी पड़ी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं विपक्षीगण एकराय होकर परिजनों से गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों और ईंट पत्थर के साथ हमला बोल दिया और हाथ पैर तोड़ते हुए अद्धी से मार डालने की धमकी दिए। वहीं पीड़ित द्वारा मामले में शिकायती पत्र कोतवाली कर्नलगंज में देने गया तो उसका शिकायती पत्र लेने से मना कर दिया गया। जिस पर मजबूर होकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। लेकिन कर्नलगंज पुलिस ने मामले को दरकिनार करते हुए कोई कार्यवाही न करके तानाशाही रवैया अपनाते हुए प्रश्नगत भूमि पर स्थगन आदेश होते हुए भी पीड़ित से जबरन सुलह लगवा दिया और पीड़ित से दो दिन में भूमि का सीमांकन करवाने का दबाव भी डालने लगे। साथ ही कर्नलगंज पुलिस द्वारा मारपीट में घायल लोगों का ना तो मेडिकल करवाया गया और न ही विपक्षियों पर कोई कार्यवाही की गई,जिससे पीड़ित दर दर भटकने को मजबूर है।

# थाना अध्यक्ष की करगुजारियों ने किया आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**







बाढ़ै पुत्र पिता के धर्मे, खेती उपजै अपने कर्मे की तर्ज पर शुक्रवार 03 मई 2024 को अपना नामांकन करने पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह के छोटे पुत्र करण भूषण सिंह के लाव लश्कर ने कुछ बातें तो पूरी तरह से सिद्ध कर दी की न हमारे लिए कोई चुनाव आचार संहिता है और ना ही हम किसी से डरते हैं क्योंकि इनके लाव लश्कर को अंदर लाने के लिए थाना अध्यक्ष धानेपुर ने चौकीदारी की भूमिका अदा की हो और जिला पंचायत के गेट को खोला और बंद किया हो तो ऐसे में यह तो साबित हो रहा है कि निष्पक्ष चुनाव कराना प्रशासन के बस की बात नहीं ऐसा नहीं है कि यह बातें हवा में कहीं जा रही हैं। शुक्रवार को जब भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने विधायक भाई प्रतीक भूषण सिंह व सुमित भूषण सिंह और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि संजीव सिंह के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे तो उनके पीछे-पीछे वहां सैकड़ों समर्थक भी पहुंच गये, जिससे जिला पंचायत के आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान वहां तैनात पुलिस अधिकारी व अन्य पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे।

गोण्डा सांसद व भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया नामांकन करने पहुंचे। इस दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों एवं प्रस्तावकों को कलेक्ट्रेट परिसर में ले जाने को लेकर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार में बहस हो गई। इसके बाद पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, बलरामपुर सदर विधायक और पूर्व मंत्री व बलरामपुर विधायक पल्टूराम को गेट से वापस करना पड़ा था। लेकिन शुक्रवार को जब करण भूषण सिंह नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे तो गेट खोल दिया गया और उनके साथ बड़े भाई सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, भाई सुमित भूषण सिंह व सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह तो कलेक्ट्रेट परिसर में गये ही, साथ ही भारी संख्या में उनके समर्थक भी अंदर पहुंच गए जिन्हें किसी रोकने की कोशिश नहीं की, बल्कि गेट पर व कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे। पांचवें चरण के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कैसरगंज सीट से भाजपा के करण भूषण सिंह व समाजवादी पार्टी से भगत राम मिश्र ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। दोनों दावेदारों ने रिटर्निंग आफिसर मुख्य विकास अधिकारी एम अरुनमौलि के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

## करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, दो अन्य घायल

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र के गदामार कला गांव निवासी तुलसीराम पुत्र रामाश्रय गांव में लगे पुराने नल के पाइप को उखड़वा रहे थे। तभी नल लगे लोहे की पाइप एचटी लाइन की तार से टच हो गई और करंट लग गया। तुलसीराम की आवाज सुनकर बचाने दौड़े मिश्रीलाल पुत्र तुलसीराम, तीरथ पुत्र गंगू को भी करंट लग गया। तीनों लोगों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां तुलसीराम की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। करंट लगने से वृद्ध की मौत हुई है।

# किसानों को वाजिब मूल्य दिलाना मेरा उद्देश्य : भगत राम मिश्रा




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगत राम मिश्रा ने 57 लोकसभा कैसरगंज क्षेत्र से नामांकन किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मुद्दा देश को बेचने वालों के विरोध में होगा, कॉरपोरेट जगत को सारा खजाना सौंप देने वालों के विरोध में होगा। कहा कि गरीब किसानों पर अत्याचार पर हो रहा, किसानों के वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है, यह मेरा मुद्दा होगा। दबदबा के सवाल पर भगत राम मिश्र ने कहा कि यहां किसी का दबदबा हम नहीं मानते, यदि किसी का दबदबा है तो देश का संविधान है।भाजपा पर तंज कसते हुए भाजपा के 400 सीट पार करने के सवाल पर कहा भाजपा 600 सीट क्या नेपाल से भी कुछ सीट ला सकती है जिससे 600 सीटे पार होगी।

# किशोरी के साथ गैंगरेप और धर्मांतरण मामले में पुलिस ने कर दिया खेल

- आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित किशोरी के साथ समुदाय विशेष के लोगों ने दुष्कर्म के बाद धर्म परिवर्तन करवा दिया था। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। दो आरोपियों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है, लेकिन पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने खेला कर दिया। जिसके चलते परिवार धरने पर बैठ गया।हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित किशोरी का ननिहाल से अपहरण कर बंधक बना कर गैंगरेप समुदाय विशेष के लोगों ने किया था। इसके बाद धर्म परिवर्तन करवाते हुए किशोरी से चोरी से शादी कर लिया था। एसपी के निर्देश पर पांच लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ था। एसपी ने गांव का मुआयना भी किया था। एसपी के निरीक्षण के बाद हरकत में आई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन अभी तक तीन लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि अन्य लोगों का नाम विचेचना से निकालने की तैयारी है। धर्मान्तरण, गैंगरेप मामले में सीओ महसी की कार्यप्रणाली के विरोध में पीड़ित परिवार ने शुक्रवार से धरना शुरू कर दिया है। सभी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। धरने पर पीड़िता, उसकी मां, मौसी व नानी बैठे है।

# नृत्यांगना ने नए प्रेमी संग मिलकर की थी रघुनाथ की हत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- बौंडी पुलिस ने 24 घंटे मे किया हत्या का खुलासा, महिला गिरफ्तार

जनपद के छत्तरपुरवा गांव निवासी एक ग्रामीण की नृत्यांगना ने अपने नए प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। बौंडी पुलिस ने 24 घंटे में हत्यांकांड का खुलासा करते हुए नृत्यांगना को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके प्रेमी के विरुद्ध केस दर्ज तलाश शुरू कर दी है। बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम छत्तरपुरवा निवासी रघुनाथ यादव (45) पुत्र मंशाराम का प्रेम प्रसंग जैतापुर गांव निवासी नृत्यांगना से था। इधर नृत्यांगना ने अपने नए प्रेमी राहुल सिंह को तलाश लिया। इसका रघुनाथ यादव विरोध करता था। 2 दिन पूर्व रघुनाथ यादव ने नृत्यांगना को राहुल सिंह के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। जिसका विरोध रघुनाथ यादव ने करते हुए विवाद शुरू कर दिया। इसको लेकर नृत्यांगना और राहुल सिंह ने मिलकर रघुनाथ यादव की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। इसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए गले को उसी के शर्ट से बांध दिया। एसपी वृंदा शुक्ला ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासा के निर्देश दिया।बौंडी पुलिस ने 24 घंटे में ही घटना का खुलासा करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि दूसरे साथी और महिला के प्रेमी राहुल सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# सपा प्रत्याशी के लिए मांगा आप नेताओं ने समर्थन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष संजीव शाक्य ने अपनी टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में डेरा डाल रखा है संजीव शाक्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन का संकल्प पत्र गरीब और मध्यम परिवारों के लिए अत्यंत कल्याणकारी है। गठबंधन सरकार आने पर चारों ओर चहुँमुखी विकास देखने को मिलेगा।

गठबंधन के दलों ने पूर्व सरकार में रहकर जनता से जो वादे किए उन्हें निभाया भी। भाजपा सरकार की सोच विकासवादी नहीं है, बलात्कारी-अपराधियों को टिकट देती है। इंडिया गठबंधन के कल्याणकारी संकल्प पत्र को गांव - गांव घर- घर पहुंचाकर गठबंधन प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के लिए वोट की अपील कर रहे हैं और लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने अपनी टीम के साथ दो दर्जन गांव का दौरा किया महेवा ब्लॉक के ईश्वरिपुर, ददोरा, चिंदौली, डवा, विदीपुरा, बसरेहर ब्लॉक के अकबरपुर, किल्ली रोड़, चकवा बुजुर्ग, रिटोली, रसूलाबाद, चकरनगर के गढ़ैय्या, कोला, सिरसा, मिटाटी, नगला चौप, नीमडाडा, सहित अन्य गांव में प्रचार किया। इस डोर टू डोर अभियान में हेमंत, अशोक, अंकुर, भजनलाल, राजेंद, अभिलाष, सिपिन, गिरजेश, इश्तियाक, सुभाष, सागर, उपदेश, मुश्ताक, अभिषेक, किशनलाल आदि साथ रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, एक घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में गुरुवार को दो जगह हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मिरियासी टोला निवासी आरिफ का 28 वर्षीय पुत्र फिरोज गुरुवार को बाइक से जफर (32) के साथ जा रहे थे। जब बाइक सवार रुपइडीहा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर दुर्गापुर गांव के पास पहुंचे। तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क पर गिरकर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने फिरोज को मृत घोषित कर दिया। वहीं जफर का इलाज चल रहा है।पयागपुर थाना क्षेत्र के सोहरियाँवा के खड़पुरवा निवासी संदीप(26)पुत्र बटेकृष्ण त्रिपाठी गुरुवार को बाइक से अपनी ससुराल बलरामपुर जा रहे थे। जब उनकी बाइक पयागपुर इकौना मार्ग पर नेजाभार के पास पहुंची, तभी लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। पुलिस द्वारा घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने पिया फेवीक्किक, अस्पताल में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत मधवापुर के मजरा बोटन कुट्टी निवासी विजय कुमार (35) पुत्र भवानी का गुरुवार शाम को परिवार के लोगों से विवाद हुआ। विवाद से नाराज युवक अपने कमरे में गया। इसके बाद उसने घर में रखा फेवी क्विक ही पी लिया। मुंह बंद होने और हालत खराब होने पर परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले गए। यहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इस पर कोतवाली की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में कोतवाल अमितेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि युवक की मौत हुई है। लेकिन फेवी क्विक खाया है या अन्य कोई जहरीला पदार्थ। यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

# जनपद में ईवीएम कमिशनिंग का कार्य प्रारम्भ

- डीएम ने किया निरीक्षण तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग के लिए की गई तैयारियों का लिया जायजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रक्रिया को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों 282-बलहा (अ.जा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी, 286-बहराइच के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग का कार्य भेल के इंजीनियरों की देख-रेख में कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर में प्रारम्भ हो गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण किया तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कमिशनिंग के लिए की गई तैयारियों का जायज़ा लिया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गल्ला मण्डी परिसर में संचालित कमिशनिंग कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 25-25 कर्मचारियों को लगाया गया है। ईवीएम कमिशनिंग कार्य के दौरान बीपीसीयू तथा वीवी पेट को कनेक्ट करने के साथ-साथ बैलेट कमिशनिंग का कार्य भी किया जा रहा है। गल्ला मण्डी परिसर में ही विधानसभा वार अलग-अलग स्ट्रांग रूम भी बनाये गये हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सर्वेश यादव को बनाया गया गोंडा लोक सभा प्रभारी

- छात्र सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं सर्वेश



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने युवा नेता व समाजवादी छात्र सभा के कार्यकारिणी सदस्य सर्वेश यादव निवासी ग्राम पंचायत नासिरगंज विकासखंड जरवल कस्बा जनपद बहराइच को लोकसभा क्षेत्र 59 गोंडा में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का प्रभारी बनाया गया। और डॉक्टर इमरान ने उन्हें निर्देशित किया है कि पार्टी कार्यालय पहुंचकर वहां से बताए गए क्षेत्र में सक्रिय जनसंपर्क कर समाजवादी पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा का प्रचार प्रसार करें और उन्हें रिकॉर्ड मतों से विजई दिलाए। प्रभारी बने सर्वेश यादव समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पण भाव रखते हैं।

सर्वेश यादव को सर्वप्रथम पार्टी के संगठन ने ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया था। ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद सर्वेश यादव का पार्टी के प्रति समर्पण और कार्य देखकर पार्टी के लिए निरंतर प्रयासरत सर्वेश यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान दिया, सर्वेश यादव जनपद बहराइच में अपनी अलग पहचान बना रखी है। युवाओं को अपने साथ जोड़ने का काम करते हैं।

पार्टी के लिए निरंतर दिन-रात मेहनत करते हैं, पार्टी ने इसी ईमानदारी और मेहनत को देखकर तेजतर्रार युवा नेता को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि अधिक से अधिक युवाओं को अपने साथ जोड़ें और पार्टी को आगे बढ़ाएं,सर्वेश यादव को गोंडा लोक सभा के प्रभारी बनने पर युवाओं में काफी जोश है। प्रभारी बनाए जाने की खबर सुनकर लोग सर्वेश यादव को बधाइयां दे रहे।

## परेशान भुक्तभोगी लगा रहा कोतवाली का चक्कर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** दवा कराने आये युवक की जिला महिला अस्पताल से चोरी गई बाइक का चौबीस दिन दिन बाद भी नगर कोतवाली पुलिस पता नहीं लगा सकी है। जिससे भुक्तभोगी हैरान परेशान होकर कोतवाली पुलिस के चक्कर काटने को मजबूर है। तरबगंज थाना क्षेत्र के हिलालपुर निवासी धूम सिंह अपने पत्नी की बीते आठ अप्रैल को दवा कराने जिला महिला अस्पताल आये थे। करीब एक बजे दिन में जब दवा लेकर बाहर निकले तो बाइक गायब थी। धूम सिंह ने मामले की सूचना 112 को दिया। पुलिस ने मौके पर जांच किया तो सीसीटीवी फुटेज में दोपहर एक बजे चोर बाइक चुराते दिखाई पड़ रहे हैं। मामले की तहरीर नगर कोतवाली में दी गई।

# घर-घर मतदान के लिए आमंत्रण दे रहे बीएलओ

- मतदाताओं से मतदान करने की अपील
- आगामी 13 मई व 20 मई को अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में वोट देने का आह्वान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में दो चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। 13 मई को बहराइच लोकसभा का चुनाव होना है, जबकि 20 मई को कैसरगंज लोकसभा का चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। जनपद बहराइच में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा नई पहल करते हुए मतदाताओं को बूथ पर आकर वोट देने के लिए आमंत्रण पत्र वितरित कराया जा रहा है।

पयागपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय भूपगंज के प्रधान शिक्षक प्रदीप पाण्डेय व शिक्षामित्र योगेन्द्र गुप्ता द्वारा भूपगंज बाजार में मतदाताओं के घर घर जाकर आमंत्रण पत्र दिया गया वही दूसरी तरफ प्राथमिक विद्यालय पयागपुर द्वितीय में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, शिक्षिका विजयलक्ष्मी सिंह, उषा पाठक, शिक्षामित्र हनुमान यादव ने भी घर घर जाकर के आमंत्रण पत्र वितरित किया और लोगो को वोट डालने के लिए जागरूक किया।

ग्रामवासियो एवं महिलाओं को बताया कि मतदान एक महापर्व है और आगामी 13 मई व 20 मई को अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में वोट देने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मतदाता बलराम सिंह, जितेन्द्र सिंह, अनिल गुप्ता, पवन शर्मा, बाबूराम, मुन्ना गुप्ता,ब्रजराज, राजू, निसारुद्दीन, प्रीतम, आशा त्रिपाठी, राजकुमारी, समरीन बानो, सुनीता पाण्डेय, दिव्यांशी गुप्ता,सविता गुप्ता, बंदना, शकुंतला, सूरसता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेत्री रेनू सिंह ने थामा भाजपा का दामन

- पीएम मोदी की नीति-रीति से प्रभावित होकर थामा भाजपा का दामन
- कांग्रेस नेताओं का पार्टी से लगातार हो रहा मोहभंग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में कांग्रेस नेताओं का पार्टी से लगातार मोहभंग हो रहा है।बीते कुछ दिन पूर्व भी कई कांग्रेसी नेता कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। इसी कड़ी में रायबरेली की कांग्रेस नेत्री रेनू सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति-रीति से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम लिया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए दिनेश प्रताप सिंह के नामांकन के पूर्व रेनू सिंह को सुपर मार्केट में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जिला प्रभारी व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, दिनेश प्रताप सिंह व जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी की मौजूदगी में भगवा पटका पहनाकर स्वागत कर भाजपा में शामिल किया गया। वहीं रेनू सिंह ने कहा कि वह भाजपा की रीति नीति से प्रभावित हैं और यह उनका अपना निर्णय है।जहां एक तरफ लोकसभा चुनाव अपनी चरम पर पहुंच रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में उथल-पुथल देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को कांग्रेस नेत्री रेनू सिंह ने कांग्रेस को बाय-बाय करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया है। रेनू सिंह ने उस दिन भाजपा का दामन थामा जिस दिन भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने नामांकन किया है।

### पुराने गिले-शिकवे भुला गले मिले मनोज और दिनेश



लोकसभा चुनाव के बीच रायबरेली में एक और सियासी घटना हुई है। एक तरफ राहुल गांधी ने नामांकन दाखिल कर कांग्रेस के साथ सपा की चिंता दूर कर दी तो दूसरी ओर वर्षों पुराने दुश्मन दिनेश प्रताप सिंह और मनोज पांडे गले मिल गए हैं। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इस मिलने में अहम भूमिका निभाई है। शुक्रवार को ब्रजेश पाठक खुद दिनेश प्रताप सिंह को लेकर सीधे सपा के बागी विधायक मनोज पांडे के आवास पर पहुंचे। वहां दोनों को मिलाने के बाद ब्रजेश पाठक ने यह कहा भी कि आज दो कट्टर दुश्मनों को दोस्त बना दिया। योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को भाजपा ने रायबरेली से एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है। कहा जा रहा है कि मनोज पांडे का बेटा बीजेपी ज्वाइन करेगा ताकि दिनेश भी उनके समर्थन को लेकर आश्वस्त रहें मनोज पांडे भले ही अब भाजपा के पाले में आ चुके हैं लेकिन तकनीकी रूप से अभी सपा के ही विधायक हैं। अखिलेश यादव की कोर टीम के बेहद महत्वपूर्ण किरदार रहे मनोज पांडे अकेले ऐसे नेता हैं जिन्होंने सपा में रहते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों को खुलेआम विरोध किया था। राज्यसभा चुनाव में जिन साल सपा विधायकों ने भाजपा प्रत्याशियों को वोट दिया, उनमें सबसे आगे मनोज पांडे ही थे। कुछ दिनों पहले मनोज पांडे की सुरक्षा भी बढ़ाई गई थी। भाजपा को राज्यसभा चुनाव में वोट देने के बाद यह चर्चा भी थी कि मनोज पांडे को रायबरेली से प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

## सफेद हाथी साबित हो रहा आरो प्लांट



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर वासियों को स्वच्छ पानी पीने के लिए हर वार्ड में आरो प्लांट लगाया गया। जिसमें से बछरावां नगर पंचायत के लगभग आधा दर्जन वार्डों में आरो प्लांट लगाए गए।

वहीं दूसरी तरफ बछरावां नगर के वार्ड नंबर 8 चंद्रिका नगर में लगा आरो प्लांट केवल एक दिन ही मोहल्ले वालों को स्वच्छ पानी पीने को मिला और दूसरे दिन से प्लांट ने पानी देना बंद कर दिया। इस भीषण गर्मी में लोग प्यास के लिए जगह-जगह भटक रहे हैंद्य वही इस नगर में लेखपालों के कार्यालय होने के कारण बछरावां क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक प्रतिदिन अपने राजस्व कामों के लिए, लेखपालों के यहां आते हैं लेकिन उनको पानी भी नसीब नहीं होता है।

वहीं दूसरी तरफ जब मोहल्ले वालों से नवीन लगे आरो प्लांट के न चलने के बारे में जानकारी ली गई तो लोगों ने बताया कि ऐसा लगता है कि जमकर बंदर बाट होने के कारण एक दिन में पानी देना बंद कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### फ्लाइंग स्कॉट ने की चेकिंग प्रचार सामग्री को किया जब्त

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये गुरुवार दोपहर फ्लाइंग स्कॉट के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ शुक्लागंज पहुंचे। जहां उन्होंने नवीन पुल के पास वाहनों की चेकिंग की। जहां आने जाने वाली कारों को रोका। जिसके बाद वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान कुछ वाहन सवारों के पास रुपये अधिक होने पर उनसे रुपये गिनवाये लेकिन पचास हजार से कम रुपये होने पर उन्हें जाने दिया गया। इसके साथ ही वाहनों के नंबर नोट किये गये। वहीं बैराज मार्ग, फोरलेन (फौजी ढ़ाबा के पास), बालूघाट, आजाद. मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की गई। मजिस्ट्रेट ने बताया कि चेकिंग के दौरान कुछ वाहनों में प्रचार सामग्री मिली थी। जिसपर उन वाहनों का नंबर और चालकों का नाम नोट कर प्रचार सामग्री को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

### नशेबाज दबंग ने महिला को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में नशे की हालत में गाली-गलौज करने का विरोध करने पर दबंग पड़ोसी ने महिला के साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। रावतपुर सरौंहा गांव निवासी जनकदुलारी पत्नी रामबाबू ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार को पड़ोसी बब्लू पुत्र रज्जन उसके दरवाजे पर नशे की हालत में पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो हमला कर दिया जिससे उसका कान फट गया और गंभीर चोटें लगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर महिला को मियागंज अस्पताल भेज दिया।

### आग से गेहूं की फसल व आम के बाग जले, भारी नुकसान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अचलगंज थाना क्षेत्र के इटौली गांव की नहर पट्टी के खेतों में शुक्रवार दोपहर धुंआ व आग की लपटें उठती देख घरों में बैठे किसान खेतों की ओर भागकर पहुंचे लेकिन तब तक हवा के वेग से आग प्रचंड हो गयी। जिससे गांव के सिद्धकुमार का तीन बीघा, कमल नारायण शुक्ला का ढाई बीघा, कमलेश तिवारी, ओमप्रकाश व राजप्रताप के गेंहू के खेत जलकर राख हो गये वहीं संतोष शर्मा, पुष्पेंद्र तिवारी, अवधेश व लंबोदर की बाग को भी काफी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित किसानों ने बताया कि सूचना के तीन घण्टे बाद दमकल गाड़ी पहुंची। गनीमत रही कि अधिकांश गेहूं मशीन से कट चुका था। भूसा बनवाने के लिए पराली खड़ी थी। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। शाम तक आग सुलगती रही। वहीं दूसरी ओर मरोई के मजरे दुबराखेड़ा निवासी बहादुर सिंह के खेत में बनी कोठरी में चल रहा डीजल इंजन अचानक दग गया जिससे आग लग गयी जिससे इंजन व खेत में खड़ी फसल जली है।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाल छात्रों ने किया जागरूक

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने को लेकर शुक्रवार को छात्रा-छात्राओं ने गंगाघाट कोतवाली से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। रैली में एनसीसी कैडेट्स समेत अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शुक्रवार सुबह गंगाघाट कोतवाली में स्कूली छात्र-छात्राएं और एनसीसी कैडेट के जवान पहुंचे। जहां उन्नाव मुख्य विकास अधिकारी प्रेमशंकर मीना ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने फोरलेन के अलावा अन्य मार्गों से आने जाने वाले लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया। जहां मतदान करने जाएंगें, उन्नाव को सशक्त बनाएंगे, सबसे पहले मतदान बाद में जलपान आदि स्लोगन एवं नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर प्रत्येक मतदाता से मतदान करने का संकल्प लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि 18 साल के ऊपर के जो भी छात्र-छात्राएं हैं, वह अपना बोट जरूर बनवा लें और लोकतन्त्र के इस महापर्व में अपना मतदान अवश्य करें। सीडीओ ने इस बीच स्कूल की कुछ छात्राओं से बातचीत करके उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना ने कहा कि सभी युवा मतदाता मतदान करें तथा अपने परिवार और नजदीक के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

### मामूली बात पर युवक को पीटा, रिपोर्ट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मोहल्ले में मामूली बात को लेकर दो युवकों ने एक युवक को पीट दिया। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। चंपापुरवा निवासी अंकुर गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह ईंटें उतरवा रहे थे तभी अमन और सरवन गाली-गलौज करने लगे, जिसका विरोध किया। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। जिससे उन्हें चोटें आई। घायलावस्था में कोतवाली पहुंचे और दोनों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर पुलिस को तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने दोनों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ छात्रा उन्नति का चयन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा संपूर्ण भारतवर्ष में कक्षा 8 में पढ़ने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए आयोजित की जाती है। हिंदू विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्रा उन्नति सिंह चौहान का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में 18 वीं रैंक के साथ चयन हुआ है। भारत सरकार के द्वारा कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक लगातार 4 वर्षों तक प्रति महीने 1000 रुपये की छात्रवृत्ति इस छात्रा को मिलेगी। छात्रा के चयन पर विद्यालय के प्रबंधक राहुल गुप्ता पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव शिक्षकों डॉ अनिल पोरवाल, राजेश कुमार, अर्चना श्रीवास्तव, कौशलेंद्र सिंह, विजय कुमार उपाध्याय, राधा कृष्ण कठेरिया, के एन सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा की जा रही है युद्ध स्तर पर नालों की सफाई



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महराजगंज नगर पंचायत के कर्मचारियों महराजगंज नगर पंचायत में आने वाले नालों की सफाई कर रहे हैं आगामी समय में बारिश का मौसम आने वाला एवं लोगों को मच्छरों से निजात मिले इसके लिए नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नालों सफाई करने का कार्य इस समय जोरों से कर रहे हैं। लोगों को बीमारियों से बचाया जाए साथ-साथ गंदगी ना हो और स्वच्छता झलकती रहे इसके लिए नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कमर कसते हुए नगर के हर नाले की सफाई युद्ध स्तर से कर रहे हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग किसान की मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर गांव के रहने वाले भाईलाल पुत्र स्वर्गीय गोविंद उम्र लगभग 62 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की किसान भाई लाल दोपहर 2:30 बजे के आसपास अपने खेत जा रहे थे, तभी रास्ते में तबीयत खराब होने से वह गिर पड़े, राहगीरों की सूचना पर पहुँचे परिवारीजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां इलाज लेकर पहुंचेद्य जहां परीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने उन्हें मृत घोषित कर दियाद्य इस बाबत डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि मौत के स्पष्ट कारणो का पता नहीं लग पाया है।



## पत्रकार पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

- जेब में रखे ग्यारह सौ रुपये और सोने की चेन लेकर हुए फरार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में चुनावी सरगर्मी के बीच पुलिस के ढूलमुल रवैये से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उल्लेखनीय है कि जिले के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार सुशील सिंह दोपहर बाद कांग्रेस और भाजपा के लोकसभा चुनाव के नामांकन को कवरेज करके वापस अपने घर जा रहे थे। तभी आइसीआइसीआइ बैंक के समीप थाना कोतवाली नगर निवासी आपराधिक किस्म के शिवा सोनकर ने अपने चार अन्य साथियों के साथ उसकी स्कूटी को टक्कर मार कर गिरा दिया। उसके बाद जान से मारने की नीयत से किसी भारी हथियार से सर पर कई बार वार किया। जिससे प्रार्थी को गंभीर चोट लगी और वह बेहोश होकर वहीं पर गिर गया। इतना ही नहीं प्रार्थी की जेब में रखे 11 सौ रुपए व गले में पड़ी सोने की चैन भी लूट ले गए और स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पीड़ित को बेहोशी की हालत में वही छोड़कर भाग निकले। आसपास के राहगीरों ने पत्रकार को समीप के जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर आपात कालीन डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। प्रत्यक्षदर्शीयों के मुताबिक पीड़ित के सिर में गहरी चोट लगी है जिस कारण काफी खून भी बह गया। सूत्र बताते हैं कि जिला अस्पताल के आसपास शिवा की दबंगई आये दिन देखने और सुनने को मिलती रहती हैं। शिवा सोनकर के ऊपर शहर कोतवाली में पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



## प्रत्याशियों की घोषणा होते ही चाय और पान की दुकानों पर चुनावी चर्चा शुरू

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी की घोषणा होने से लोकसभा का चुनाव बैरंग नजर आ रहा था वही कल भारतीय जनता पार्टी से दिनेश प्रताप सिंह की घोषणा होते ही आज नामांकन के आखिरी दिन सुबह कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा की गई कांग्रेस ने जहां राहुल गांधी पर दांव खेल है भारतीय जनता पार्टी ने दिनेश प्रताप सिंह के ऊपर दांव लगाया है। देखने वाली बात है ऊंट किस करवट बैठता है कांग्रेस पार्टी गढ माने जाने वाला रायबरेली जिले में क्या दिनेश प्रताप सिंह इतिहास रचते हैं या फिर 2019 की पुनरावृति होती है ।यह तो समय के गर्भ में है लेकिन आज दोनों नेताओं द्वारा नामांकन किया गया और अधिक से अधिक लोगों को ले जाकर अपनी अपनी ताकत दोनों प्रत्याशियों ने दिखाई राजनीतिज्ञ और बुद्धिजीवियों को माने तो सीधी लड़ाई कांग्रेस और भाजपा में दिखाई पड़ रही है वही रायबरेली में सूखे की तरह चल रहा चुनाव प्रत्याशियों की घोषणा होते ही चाय की दुकानों सहित हर जगह लोग अपनी अपनी गणित लगाना शुरू कर दिया कि अबकी बार दिनेश जीतेंगे तो कोई राहुल गांधी को जीत रहा।




### मुम्बई पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**उन्नाव, समृद्धि न्युज।** मुम्बई पुलिस नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपी को गुरुवार को सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर मेडिकल के लिए मियागंज अस्पताल लायी, जहां से उसे कोर्ट में पेश कर मुम्बई लेकर रवाना हो गयी। माखी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने शांताकूज पुलिस स्टेशन में 24 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी पंद्रह साल की नाबालिक पुत्री को मेहरबानखेडा गांव निवासी नीरज पुत्र मेवालाल जोकि सोलापुर में काम करता था और वही पर उसकी पुत्री भी रहती थी जिसको प्रेमजाल में फंसा लिया और लेकर भाग निकला। युवक ने किशोरी को कन्नौज में अपने एक रिश्तेदार के यहां रोक दिया और गांव आ गया जिससे किसी को शक न हो। मुम्बई पुलिस सुराग लगाते हुए शुक्रवार की दोपहर गांव पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश कर मुम्बई लेकर रवाना हो गयी।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित मासूम की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**


रायबरेली में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। यहाँ अनियंत्रित कार ने बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी है। टक्कर में बाइक सवार पति पत्नी और और एक मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।

वहीं बाइक पर ही सवार दो अन्य नाबालिग बच्चे गंभीर तौर पर ज़ख्मी हो गये हैं। मामला गुरबख्शगंज थाना इलाके में बदई के पुरवा का है। यहाँ सरेनी थाना इलाके में पूरे लालू के रहने वाले मंजेश बाइक पर पत्नी व तीन बच्चों के साथ कहीं जा रहे थे। उसी दौरान बदई के पुरवा के पास अनियंत्रित कार ने बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि पति पत्नी व एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य नाबालिग बच्चे गंभीर तौर पर ज़ख्मी हुए हैं जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्घटना के समय एक महिला ड्राइविंग सीट पर थी जिसे बगल में बैठा पुरुष चलाना सिखा रहा था।



### किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली किशोरी को एक युवक अपने साथ ले गया। जिसपर किशोरी के पिता ने युवक समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी नाबालिक बेटी को अतुल नाम का युवक अपने साथ भगा ले गया था। इसके साथ ही घर में रखे अस्सी हजार रूपये भी साथ ले गया। आरोप है कि मारपीट भी पूर्व में कर चुका था। तहरीर के अनुसार पुलिस ने अतुल, रिंकू धानुक उर्फ बाबादीन, लक्ष्मी धानुक के खिलाफ किशोरी के अगवा करने, मारपीट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है।




## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जनपद को मण्डल में प्रथम तथा प्रदेश में नौवां स्थान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/दस्तक अभियान में जनपद को मंडल में प्रथम स्थान तथा प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश द्वारा बताया गया कि अप्रैल माह में संचालित इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग) सहित अन्य सहयोगी विभागों तथा द्वारा संचारी रोगों से बचाव के सम्बंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई। प्रतिदिन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा संयुक्त मजिस्ट्रेट द्वारा सभी विभागो द्वारा कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

कार्यक्रम के पर्यवेक्षण में लगी मॉनिटरिंग एजेंसियों के फीड बैक के आधार पर संबंधित विभाग से कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई जिसके फलस्वरूप जनपद को मंडल में प्रथम तथा प्रदेश में टॉप टेन स्थान में जगह बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। नोडल अधिकारी वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डा0 जेआर सिंह द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में नोडल विभाग का सहयोग कर रहे अन्य विभागो द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई। जनपद की समस्त 1037 ग्राम पंचायतो में आवश्कतानुसार एंटीलार्वल/फॉगिंग कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 141 कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनको इलाज हेतु संदर्भित किया गया। शिक्षा, विभाग द्वारा कुल 2709 प्राथमिक तथा 407 माध्यमिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम कराया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव द्वारा बताया गया कि जनपद में 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किए गए दस्तक अभियान में फ्रंट लाइन वर्कर द्वारा कुल छः लाख बाइस हजार उन्नीस घरों का भ्रमण कर प्रतिदिन अपने क्षेत्र में घरों का भ्रमण करते हुए बुखार के रोगियों की सूची, इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची फाइलेरिया कालाजार कुष्ठ रोगियों तथा कुपोषित बच्चों की सूची एवं मच्छर जनित स्थितियों से संबंधित सूचना तैयार कर एनएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर प्रतिदिन प्रस्तुत किया गया।



## धीरे-धीरे शान्त हो रही भाजपा प्रत्याशी के विरोध में उठी लहर

- प्रत्याशी व समर्थकों की मेहनत ने पलटा लोकसभा चुनाव का पासा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ-साथ सत्तादल की नीतियों और भाजपा सांसद की नकारात्मक कार्यशैली के विरोध में जो लहर उठी थी वह धीरे-धीरे शान्त होती जा रही है और भाजपा का ग्राफअपने वास्तविक स्वरूप तीन लाख लोधी तीन लाख मोदी की ओर लौटने लगा है।

लोकसभा चुनाव की जैसे ही घोषणा हुई सत्तादल और भाजपा सांसद दोनो के विरोध की जिले में बड़ी तेज बयार बहने लगी थी। लिहाजा भाजपा से एक दर्जन लोकसभा के दावेदार अपना भाग्य आजमाने के लिए निकल पड़े थे परन्तु भाजपा ने तीसरी बार भी सांसद हरिसाक्षी महराज को टिकट देकर विरोधी लहर पर एक सीमा तक विराम लगा दिया था लेकिन सांसद हरिसाक्षी महराज पर नकारात्मक कार्यशैली का आरोप लगा लोधी और मोदी मतदाता अन्दर ही अन्दर विरोध की चिंगारी फूंकते रहे लेकिन नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद से विरोधी लहर धीरे-धीरे यूं टर्न लेती नजर आ रही है और सांसद हरिसाक्षी महराज अपने मूल ग्राफ तीन लाख मोदी तीन लाख लोधी की ओर लौटने लगे हैं जिसमें अहम् भूमिका भाजपा की आन्तरिक लोकतांत्रिक प्रणाली एवं अनुशासनप्रिय कार्यशैली की है, जिसके कारण जिले के सभी छह विधायक ईमानदारी और मेहनत से साक्षी महराज को विजयश्री दिलाने में जुट गये और तन मन धन से भाजपा सांसद को विजयश्री दिलाने के लिए अपनी-अपनी विधानसभा में कूद पड़े हैं। इन्डिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती अन्नू टंडन तथा बसपा प्रत्याशी अशोक पाण्डेय आज की तारीख में बहुत बेहतर चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन इन दोनों दलों में कालीदास छाप समर्थकों की भरमार है जो उसी डाल को काटने में जरा भी संकोच नही करते जिस डाल पर बैठे हैं और यह कालीदास छाप नेता जिन्हें समय रहते यदि दलीय अनुशासन का पाठ नहीं पढ़ाया गया तो कुछ भी गुल खिला सकते है। हालांकि इसके लिए इन दलों के नेताओं से ज्यादा दोनो दलों के मुखिया दोषी हैं क्योंकि इन दोनों दलों से आन्तरिक लोकतंत्र पूरी तरह गायब है जहां टिकट वितरण से लेकर दल विरोधी गतिविधियों में निष्कासित करने का एकाधिकार दोनों दलों के मुखिया के हाथों में निहित है लिहाजा इन दोनो दलों से जुड़े नेता एवं सम्भावित विधायक प्रत्याशी जिला स्तर पर किसी को इतना शक्तिमान नहीं बनाना चाहते हैं, जिससे उनकी अपने-अपने दलों में जमीं-जमायी राजनीतिक विरासत खो जाय। बसपाई अर्सा पूर्व किसी को सर्वशक्तिमान बनाकर इसका परिणाम भुगत चुके हैं जिसने सर्व शक्तिमान बनते ही बसपा से उन्हें भी उखाड़ फेंका था जिन्होंने उन्नाव में अपने खून-पसीने से बसपा की बुनियाद मजबूत की थी। उन्नाव की इस ऐतिहासिक भूल को बसपाई और सपाई दोनो ही अब नहीं दोहराना चाहते हैं तथा दोनो दलों के नेताओं में घर कर गई यह राजनीतिक असुरक्षा की भावना अन्त में दोनो दलो के लिए घातक साबित होगी और इसका सीधा फायदा भाजपा प्रत्याशी को मिलेगा। इसके विपरीत भाजपाईयों को इस बात का डर है कि जिसकी विधानसभा हारी उसकी राजनीतिक विरासत का भाजपा हाईकमान हरण कर लेगा जो भाजपा के सांसद प्रत्याशी का सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट है।



## घटनाओं को रोकने के लिये पालिका लगवायेगी सीसीटीवी कैमरे

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में चोरी, लूट, वाहन चोरी के अलावा अन्य घटनाओं को शातिर अंजाम देकर निकल जाते हैं।

ऐसे शातिरों को पकड़ने के लिये अब पालिका की ओर से नगर के प्रमुख चौराहों, वार्डो और सार्वजनिक स्थानों पर तीसरी आंख लगवाई जायेगी। जिससे पुलिस को मदद मिल सके और शातिरों को पकड़ा जा सके। कैमरे लगाने लिये नगर के पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है। पालिका क्षेत्र के राजधानी मार्ग, गली, चौराहों के अलावा सार्वजनिक स्थानों और गलियों में कई छोटी-बड़ी वारदातें होती हैं। सीसीटीवी कैमरे न लगे होने के कारण शातिर बचकर निकल जाते हैं। इसके लिये अब पालिका प्रशासन गंगाघाट पुलिस की मदद करेगी और नगर के मरहला चौराहा, पोनी रोड तिराहा, बालूघाट मोड़, मिश्रा कालोनी झंडा चौराहा व पोनी रोड डाकतार चौराहा पर कैमरे लगवाने जा रही है। पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि पूर्व में शासन स्तर पर हुई बैठक में अपराध रोकने के लिए नगर के प्रमुख मार्गो पर कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अनुपालन में पालिका गंगाघाट कोतवाली से सम्पर्क कर कैमरे लगवायेगी। जिसके लिये पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है।

## आग से धूं-धूं कर जली रोडवेज की एसी बस, बड़ा हादसा टला

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

अचलगंज थाना क्षेत्र के बदरका चौकी अंतर्गत शुक्रवार दोपहर रोडवेज की एसी बस के ड्राइवर की सूझ-बूझ से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे लखनऊ-कानपुर हाईवे पर गहरा फैक्ट्री एरिया स्थित एक ढाबे के सामने बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास किदवई नगर डिपो की रोडवेज बस नंबर यूपी78एफएन-7382 जिसमें लगभग 32 सवारी बैठी थी जो जनरथ सेवा के नाम से संचालित होती है, में अचानक आग लग गई। चालक राजकिशोर चौरसिया व परिचालक अभिषेक शर्मा ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए बस सड़क किनारे खड़ी करके सभी सवारियों को तत्काल उतारा और आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने हेतु मदद की गुहार की। स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गये और फायर सर्विस व पुलिस को भी सूचित किया। फायर बिग्रेड की टीम ने एक घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग इंजन की गर्मी से फोम में लगी जिसके कारण बस में आग लग गयी।

बस ड्राइवर ने बताया कि बस पिछले दस दिनों से खराब थी जो लखनऊ मुख्यालय में खड़ी थी, आज ही उच्च अधिकारियों के आदेश पर संचालन हेतु रोड पर निकली थी।



# भरी सरकारी झोली

यह सुखद ही है कि देश कर संग्रहण सिस्टम में सुधार की दिशा में सार्थक पहल से एक कदम आगे बढ़ा है। देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे टैक्स सिस्टम में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है। भारत के अड़ोस-पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई। इसलिये आर्थिक अनुशासन और वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने का प्रयास बेहद जरूरी हो जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 फीसदी का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 फीसदी बढ़ा है। निश्चय ही चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 फीसदी अधिक है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध तथा गजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है। उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है। वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है। इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।निश्चित रूप से आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन-किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आकंड़ा पार करता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही। दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 फीसदी की वृद्धि हुई। इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई। यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार, सिक्किम, मेघालय नगालैंड को छोड़कर सभी राज्यों में इस साल के पहले महीने जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई है।

# पर्दे के पीछे से विचारधारा का जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ा

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



देश के उज्ज्वल भविष्य की पौध तैयार करने वाले शिक्षण संस्थान आज राजनीतिक प्रोपेगेंडे का अड्डा बनते जा रहे हैं और छात्र इस राजनीति का शिकार हो रहे हैं। हमारे शिक्षण संस्थानों,समाज में कौन से विचारों पर चर्चा होनी चाहिए और किन पर नहीं, यह सवाल आज एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। शिक्षण संस्थानों का राष्ट्र निर्माण में एक अमूल्य योगदान होता है। यहाँ देश के युवा अलग अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कई नज़रिए से सोचना सीखते हैं। ऐसे में अगर हमारी राजनीतिक दलें इन संस्थानों में घुसपैठ कर अपनी , वोटबैंक की राजनीति और संकीर्ण विचारधारा के लिए इन छात्रों का इस्तेमाल करने लगेगें तो इनका सही दिशा में विकास होना असंभव है। शिक्षण संस्थानों का राजनीतिकरण होने लगेगा। छात्र जो शिक्षण संस्थानों में पढने की बजाय अलग अलग राजनीतिक दलों से जुड़कर एक-दूसरे के ऊपर अपना अधिकार जमाने के लिए प्रयास करते हैं।

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत जहां एक ओर सबसे बड़ा लोकतंत्र सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश व सबसे पुराना बड़ा आध्यात्मिक मान्यताओं संस्कारों रीति रिवाजो सहित अनेक पौराणिक आधुनिक विशेषताओं वाला देश है, तो वहीं कुछ हद तक सबसे बड़ी संस्थाओं धार्मिक स्थलों संगठनों व विचारधाराओं वाला देश होने की बात भी मीडिया के हर प्लेटफार्म पर कही जाती रही है जिसका कुछ हद तक उपयोग राजनीतिक पार्टियां अपने फायदे के लिए भी यानें वोट बैंक सुनिश्चित करने के लिए भी करती है, जो मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में पहले चरण 19 अप्रैल 2024 को हुए लोकसभा चुनाव में देखा व कई संगठनो के अंदर यह महसूस भी किया, जिसके आधार पर मैं सटीकता से कर सकता हूं कि यही स्थिति दूसरे चरण में भी हुई होगी और आगे भी बाकी बचे पांच चरणों में पूरे देश में होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। परंतु ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह सब पर्दे के पीछे होताहै। हालांकि हर संगठन, संस्थान, समाज प्रमुख आध्यात्मिक स्थल प्रमुख अपने नियंत्रण व नेतृत्व से उस संगठन का संचालन करते हैं, परंतु उनके पीछे दखलअंदाजी किन्हीं और राजनीतिक पार्टी से संबंधित नेतृत्व की होती है जो मैंने अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गोंदिया भंडारा में देखा कि कुछ पंचायतें संगठनो के मुखिया साहब शैक्षणिक संस्थाओं के कुछ लोग व्यापारिक व्यावसायिक संगठनों से संबंधित कुछ लोग अपने-अपने स्तर पर एक प्रमुख पार्टी का प्रचार कर रहे थेहालांकि मुझे मालूम था यह सभी संगठन संस्थाएं उस पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है।

यहां एक ऐसी कुछ कदमों की सेवा समिति भी है जो एक पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है जहां सिर्फ संस्थापक कीचलती है और उसके अनेक सदस्य अन्य संस्थाओं, संगठनों एजुकेशन सोसाइटी क्षेत्रीय पंचायतों में भी मेंबर उनको बनाए रखा है जो उन संस्थाओं के निर्णयोंट में दखलअंदाजी करते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि आज दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों में छात्रों के उग्र आंदोलन की खबरें पूरे दिन मीडिया में छाई रही इसलिए आज मैंने अपने आर्टिकल के लिए यह विषय चुना कि परदे के पीछे विचारधारा आगे बढ़ाकर पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ रहा है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,राजनीतिक पार्टीबाज़ी जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक पैंठ का प्रचलन बढ़ गया है। साथियों बात अगर हम जाति समाज से लेकर व्यापारिक संगठनों व स्कूल कॉलेजों से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक राजनीतिक पार्टी की पैंठ की करें तो, आजउपरोक्त क्षेत्रों में सुधार लाने की बजाय हर राजनैतिक दल सभी संगठनो संस्थानों में अपनी विचाराधारा आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक दखलंदाजी में लग जाते है, चाहे वह कुलपति व दूसरे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति का मामला हो या शिक्षण सामग्री सामाजिक रीति रिवाज स्थितियों में बदलाव। देश के उज्ज्वल भविष्य की पौध तैयार करने वाले शिक्षण संस्थान आज राजनीतिक प्रोपेगेंडे का अड्डा बनते जा रहे हैं और छात्र इस राजनीति का शिकार हो रहे हैं। हमारे शिक्षण संस्थानों,समाज में कौन से विचारों पर चर्चा होनी चाहिए और किन पर नहीं, यह सवाल आज एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। शिक्षण संस्थानों का राष्ट्र निर्माण में एक अमूल्य योगदान होता है। यहाँ देश के युवा अलग अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कई नज़रिए से सोचना सीखते हैं। ऐसे में अगर हमारी राजनीतिक दलें इन संस्थानों में घुसपैठ कर अपनी , वोटबैंक की राजनीति और संकीर्ण विचारधारा के लिए इन छात्रों का इस्तेमाल करने लगेगें तो इनका सही दिशा में विकास होना असंभव है। शिक्षण संस्थानों का राजनीतिकरण होने लगेगा। छात्र जो शिक्षण संस्थानों में पढने की बजाय अलग अलग राजनीतिक दलों से जुड़कर एक-दूसरे के ऊपर अपना अधिकार जमाने के लिए प्रयास करते हैं जिसके फलस्वरूप इन दलों के बीच वर्चस्व की लड़ाई होने लगेगी। इसका लाभ देश के बाहर की विघटनकारी शक्तियां भी उठाने लगेगी। आजकल जिस प्रकार से देश की शिक्षण संस्थाओं संगठनों संस्थाओं का राजनीतिक हित के लिए उपयोग किया जाने लगा है, उससे यही लग रहा है कि छात्रों के दिल और दिमाग में देश के विरोध में भ्रम भरने का कार्य सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। आज विश्वविद्यालय में छात्रों के कई वर्ग हैं जो केवल अपनी दलगत निष्ठा को साबित करने के लिए राजनेताओं के अनुचित कृत्यों को सही साबित करने लगते हैं और इन घटकों में आपस में हिंसात्मक झड़पें भी होने लगी है। इन शिक्षण संस्थानों की आँगन जंग का मैदान हो गए हैं जहाँ पुलिस ज्यादा नजर आने लगी है। सोशल मीडिया के जरिये खुद को अभिव्यक्त करने वाली यह युवा पीढ़ी शिक्षा और रोजगार जैसे स्थायी मुद्दों को लेकर नहीं, बल्कि देश की नींव को बर्बाद करने वाले मुद्दों को ज्यादा तरजीह देती नजर आ रही है। शायद इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आज देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में छात्र नेता खुद अराजकता के प्रतीक बन गए हैं। धरना देना, प्रदर्शन करना, नारे बाजी करना ,क्या शिक्षण संस्थान इसके लिए है ? साथियों बात अगर हम भारत में छात्र राजनीति की करें तो भारत में छात्र राजनीति विश्वविद्यालयीय शिक्षण व्यवस्था का अहम घटक रही है।चाहे वो जेएनयू हो, डीयू हो, एएमयू हो या फिर लखनऊ, इलाहाबाद या बनारस हिंदू विश्वविद्यालय शिक्षा के इन महत्वपूर्ण केंद्रों में आज़ादी के बाद से छात्र राजनीति ने न केवल छात्रों की समस्याओं को केंद्र में रखकर अपनी गतिशीलता बनाए रखी है बल्कि छात्र राजनीति से निकले नेताओं ने देश की राजनीति के वृहत्तर फलक पर भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। अभी एनएसयूआई एबीवीपी भी है, इस बीच एक विचार और ज़ोर पकड़ने लगा कि छात्र राजनीति की ज़रूरत ही क्या है। विश्वविद्यालय तो पढ़ने के लिए होते हैं वहां छात्र राजनीति कर बेवजह अपना वक्त ख़राब करते हैं। जेएनयू के पूर्व कुलपति बीबी भट्टाचार्य कहते हैं कि कैंपस में राजनीति होनी ही नहीं चाहिए। राजनीति और विश्वविद्यालय दुनिया में कहीं एक साथ नहीं चलते, ऑक्सफ़ोर्ड में भी यूनियन नहीं है,डिबेटिंग सोसायटी है केंब्रिज में यूनियन होती ही नहीं है आज शिक्षक की पहचान भी राजनीतिक दलों से होने लगी है। मेरे हिसाब से शिक्षा का भला इसी में है कि कैंपस में राजनीति न हो, छात्र वहां पढ़ने के लिए आते हैं।

## विचार

# एक बार फिर भाजपा का सांप्रदायिक, विघटनकारी एजेंडा?

**राम पुनियानी**



बहुसंख्यकवादी राष्ट्रवाद हमेशा से चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सांप्रदायिक विघटनकारी एजेंडा और नफरत का इस्तेमाल करता आया है। हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के मोड्यूल के दो मुख्य आधार हैं- पहला, प्राचीन भारत, जिसके समाज में मनुस्मृति के मूल्यों का बोलबाला था और दूसरा, इतिहास, विशेषकर मध्यकालीन इतिहास को तोड़ना-मरोड़ना. इस सिलसिले में ये झूठ जम कर प्रसारित किये जाते हैं कि मुस्लिम शासकों ने बड़े पैमाने पर हिन्दू मंदिर तोड़े और हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया।

यह तो हुए मूल आधार। हिन्दू राष्ट्रवादी इस मोड्यूल में समय-समय पर अपने विशाल नेटवर्क की मदद से नए बिंदु जोड़ते रहते हैं। अब तक बाबरी मस्जिद के ढहाने को इस आधार पर औचित्यपूर्ण ठहराया जाता रहा है कि मुगल शासकों ने हिन्दुओं को नीचा दिखाने के लिए हिन्दू मंदिर नष्ट किये। यह एक बड़ा झूठ है। इस (2024 के) आम चुनाव में मांस खाने को एक बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। हाल में एक तस्वीर सामने आई जो आठ अप्रैल की थी और जिसमें राजद नेता तेजस्वी यादव को मछली खाते हुए दिखाया गया था। नवरात्रि और सावन के महीने में कई हिन्दू मांसाहारी भोजन नहीं करते। इस साल नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हुए। मगर फिर भी तेजस्वी को यह कह कर बदनाम किया गया कि वे पवित्र दिनों में मांसाहार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने, सांप्रदायिक प्रचार करने और सांप्रदायिक इतिहास लेखन का प्रयोग कर नफरत फैलाने में महारत हासिल है। उन्होंने मछली द्वारा उन्हें दिए अवसर का भरपूर उपयोग किया। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल सावन के महीने में राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव ने मटन पकाया और खाया था। बड़ी चालाकी से उन्होंने सावन में मटन खाने को मुगलों द्वारा मंदिरों को नष्ट करने से जोड़ा। उन्होंने कहा, जब मुगलों ने भारत पर हमला किया तो वे केवल राजा को हरा कर संतुष्ट नहीं होते थे। वे तभी संतुष्ट होते थे जब वे मंदिरों को तोड़ देते थे और आराधना स्थलों को नष्ट कर देते थे। उन्हें इसमें आनंद आता था। इसी तरह, सावन के महीने में यह वीडियो दिखाकर वे लोग मुगल मानसिकता से देश के लोगों को भड़काना चाहते हैं। मोदी के अनुसार, उनके राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों ने वोट बैंक की राजनीति के तहत ये वीडियो प्रसारित किये। राजाओं द्वारा मंदिरों को नष्ट करने के मसले पर रिचर्ड ईटन समेत कई जाने-माने इतिहासकारों ने व्यापक शोध किया है। उन्होंने पाया है कि हिन्दू राजाओं ने भी मंदिर तोड़े। और दूसरी ओर, कई मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों को दान दिया। कल्हण की राजतरंगिणी बताती है कि कश्मीर के हिन्दू राजा हर्षदेव ने मंदिरों से सोने और चांदी से बनी मूर्तियां उखाड़ कर शाही खजाने में जमा करने के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की थी और औरंगजेब ने हिन्दू मंदिरों को दान दिए थे। सांप्रदायिक राष्ट्रवादी प्रोपेगेंडा का पहला और सबसे बड़ा शिकार होता है सच। सांप्रदायिक मानसिकता जिस ढंग से चीजों की विवेचना करती है, जिस तरीके से निष्कर्षों पर पहुंचती है, उसका यथार्थ से कोई लेना-देना नहीं होता। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र, जिसे न्याय पत्र का नाम दिया गया है, के जारी होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कह दिया कि उस पर मुस्लिम लीग की छाया है। तथ्य यह है कि न्याय पत्र समाज के सभी कमजोर वर्गों के साथ सकारात्मक न्याय करने की बात करता है। मोदी के कुनबे के अन्य सदस्य भी इसी तरह की बातें करते रहते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनके प्रदेश में अपराधियों को या तो जेल जाने पड़ेगा या जहन्नुम (इस्लाम में नर्क के लिए प्रयुक्त शब्द)। इसी तरह, आदित्यनाथ ने हाजी मलंग का मामला भी उठाया। मुंबई के नजदीक स्थित इस पवित्र स्थल को हिन्दू आराधना स्थल श्मलंग गढ़श् बताया जा रहा है। करीब तीन दशक पहले कर्नाटक में अपनी जड़ें जमाने के लिए भाजपा ने बाबा बुधनगिरी दरगाह को मुद्दा बनाया था। मोदी यह डर भी फैला रहे हैं कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वह संपत्ति का पुनर्वितरण करेगा और घुसपैठियों को संपत्ति करेगा। दूसरे शब्दों में, बांग्लादेश से आये मुसलमानों को दूसरों की संपत्ति मिल जाएगी। साथ ही वे यह भी कहते हैं कि कांग्रेस आपकी संपत्ति उन लोगों को दे देगी जिनके ज्यादा बच्चे हैं। कुल मिलकर, वे यह कहना चाहते हैं कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टिकरण कर रही है। घुसपैठियों के नाम पर जो हौआ खड़ा किया जा रहा था उसकी हवा तो आसाम में की गई एनआरसी की कवायद में ही निकल गई थी। जिन 19 लाख लोगों के पास अपनी नागरिकता को साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं थे, उनमें से 13 लाख हिन्दू थे। जबकि दावा यह किया जा रहा था कि भारत में करोड़ों बांग्लादेशी घुसपैठिये रह रहे हैं (अमित शाह के शब्दों में दीमक) जहां तक ज्यादा बच्चे पैदा करने का प्रश्न है, ताजा आंकड़ों के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर में गिरावट आ रही है और वर्तमान में, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर, राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू महिलाओं से थोड़ी ही अधिक है।

> मोदी के अनुसार, उनके राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों ने वोट बैंक की राजनीति के तहत ये वीडियो प्रसारित किये। राजाओं द्वारा मंदिरों को नष्ट करने के मसले पर रिचर्ड ईटन समेत कई जाने-माने इतिहासकारों ने व्यापक शोध किया है। उन्होंने पाया है कि हिन्दू राजाओं ने भी मंदिर तोड़े। और दूसरी ओर, कई मुस्लिम राजाओं ने हिन्दू मंदिरों को दान दिया। कल्हण की राजतरंगिणी बताती है कि कश्मीर के हिन्दू राजा हर्षदेव ने मंदिरों से सोने और चांदी से बनी मूर्तियां उखाड़ कर शाही खजाने में जमा करने के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की थी।

# मोबाइल के बाहर भी हैं वाट्सएप विश्वविद्यालय

पिछले करीब दस वर्षों से भारत में वाट्सएप यूनिवर्सिटी के तो खूब चर्चे होते आये हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता था कि इसके समांतर ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जरिये भी ज्ञानगंगाएं प्रवाहित हो रही है जो युवाओं को उसी तरह से दीक्षित कर रहे हैं जैसे कि वाट्सएप विवि। इसका एक उदाहरण दिल्ली में दिखलाई दिया जब देश की राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा के एक निजी विवि के छात्र-छात्राओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विश्वविद्यालय में पल्लवित हो रही प्रतिभाओं के बारे में शायद ही लोगों को पता चल पाता लेकिन एक न्यूज चौनल के पत्रकार ने इस प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों के ज्ञान की जांच कर ली जो विरोध प्रदर्शन करने के लिये बुधवार को कांग्रेस के मुख्यालय की ओर जा रहे थे। आश्चर्य की यह बात सामने आई कि प्रदर्शन कर रहे जा रहे छात्रों में से कोई भी यह नहीं समझा पाया कि वे प्रदर्शन क्यों कर रहे थे। और तो और, उनके हाथों में जो तख्तियां थीं उनका अर्थ बतलाना तो दूर, वे उसे पढ़ तक नहीं पा रहे थे। जब पत्रकार ने युवाओं के हाथों में लगी तख्तियों पर सवाल करने शुरू किये तो पता चला कि उन्हें पता तक नहीं था कि किन मुद्दों को लेकर वे प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें केवल यह पता था कि वे कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के समर्थन में हैं। छात्र-छात्राओं के हाथों में जो तख्तियां थीं उनमें लिखा था- पहले लेंगे आपका वोट फिर ले लेंगे मंगलसूत्र और नोट, मां-बहनों के गहनों पर नजर न गड़ाओ, 70 सालों में नहीं दी दीया-बत्ती अब छीन लेंगे आधी सम्पत्तिश, श्नो प्लेस फॉर अर्बन नक्सल आदि। छात्र-छात्राएं विवादित इनहेरिटेंस टैक्स या भाजपा के कथित विकसित भारत की अवधारणा तथा वास्तविकता के बारे में कुछ भी बतला नहीं पा रहे थे। यहां तक कि कांग्रेस के जिस घोषणापत्र का वे विरोध कर रहे थे, उसे किसी ने पढ़ा तक नहीं था। जाहिर है कि वे उसके बारे में वही सब कुछ कह रहे थे जो उन्हें बताया गया था या जो वाट्सएप विवि के माध्यम से उनके मोबाइलों तक पहुंच रहा है। छात्र जो तख्तियां हाथों में लिये हुए थे, उन पर लगभग वे ही नारे लिये हुए थे जो भाजपा के होते हैं। इनमें कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन की सरकार बनने पर लोगों का सोना और मंगलसूत्र छीन लेने की बात लिखी गयी थी। इस पर जब रिपोर्टर ने प्रश्न किये तो छात्र विषय से पूर्णतः अनभिज्ञ साबित हुए। साफ था कि उनके हाथों में ये तख्तियां पकड़ाई गयी थीं। अब यह शोध का विषय हो सकता है कि आखिर उन्हें ये नारे लिखकर किसने दिये और छात्रों से इस प्रकार का प्रदर्शन करवाने का औचित्य क्या था। फिर, क्या छात्रों की खुद की समझ इतनी भी नहीं है कि वे किसी के उकसाने पर या कहने पर ऐसा प्रदर्शन करने चले आये। निजी यूनिवर्सिटी में फीस, अधोसंरचना एवं सुविधाओं को देखें तो पता चलता है कि उसमें अच्छे-खासे खाते-पीते लोगों के बच्चे ही पढ़ सकते हैं। अगर ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वालों की राजनैतिक समझ ऐसी हो तो अर्द्ध शिक्षित युवाओं को बहका पाना कितना आसान है।

## संघर्ष से सफलता पाएगा

मंजिल का क्यों नहीं ध्यान तुझे,
कैसे हो जाती है, थकान तुझे,
खुद की नहीं है, पहचान तुझे,
समय का क्यों नहीं, भान तुझे?
पथ से कैसे, भटक गया है तू?
बाधाओं में कैसे, अटक गया है तू?
झूठी तकरारों में लटक गया है तू,
अगर–मगर में सिमट गया है तू।

तोड़ दीवारें आगे बढ़ने
की ठान,
अपनी ऊर्जा को पहचान,
ग्रहण कर,हो सके
जितना ज्ञान,
सबको हो तुझ पर अभिमान,
बड़ी सोच का जादू चला,
दुनिया मुट्ठी में कर दिखा।



काम में अपने जुटा रह ,
प्रगति के पथ पर डटा रह।
संघर्षों से मंजिल पाएगा,
दुनिया में नाम कमाएगा।
औरों को राह दिखाएगा,
जीवन सफल हो जाएगा।

**सोनल सिंह सोनू**
**कोलिहापुरी, दुर्ग (छ. ग.)**



# राशिफल

**मेषः-** भावना और संवेदनशीलता में बहकर स्त्रीवर्ग से सम्बंध न बांधें। मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने में बाधा आ सकती है। प्रवास टालें

**वृषभः-** आपको वाद-विवाद में अच्छी सफलता मिलेगी। परिश्रम की अपेक्षा कम प्राप्ति होने पर भी अपने कार्य में आप अग्रसर हो सकेंगे।

**मिथुनः-** आप वाक्चातुर्य से मीठे सम्बंध बांध सकेंगे, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिकरुप से समृद्धि बढ़ेगी।

**कर्कः-** आज का दिन प्रफुल्लितता से भरा रहेगा। नए कार्य का आरंभ भी आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से भेंट होने से आनंद हो सकता है।

**सिंहः-** आपके लिए मिश्र फलदायी है आज का दिन। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय बिताएंगे। उनका सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्याः-** आज का दिन परोपकार और सदभावनाओं में बीतेगा। मानसिक रूप से कार्यभार अधिक रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने से सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**वृश्चिकः-** आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी तथा उनके साथ घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद करने में खर्च होगा।

**धनुः-** आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च पदाधिकारी खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मकरः-** बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ करेंगे।

**कुंभः-** आपको आज निषेधात्मक कार्यो और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह देते हैं। झगड़े- विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें।

**मीनः-** दैनिक कार्यो से बाहर निकल कर आज आप घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे समय बिताएंगे। व्यवसाय में भागीदारी के लिए शुभ समय है।

# चुनाव की पूर्वसंध्या पर राजनीतिक गिरफ्तारियों को जायज ठहराने में व्यस्त एजेंसियां

**के रवीन्द्रन**



> सर्वोच्च न्यायालय ने सोरेन की अंतरिम जमानत की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी के आसपास की परिस्थितियों की न्यायिक जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। सोरेन की गिरफ्तारी का समय, जो लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के राजनीतिक लाभ के लिए उपकरण के रूप में इस्तेमाल किये जाने की संभावना पर सवाल उठाता है। इसी तरह, उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी सर्वोच्च न्यायालय के विचारण के दायरे में आ गई है। अदालत ने स्पष्ट रूप से ईडी से केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के पीछे का तर्क बताने को कहा है, जो चुनाव से ठीक पहले हुई थी। समय के पहलू को समझने पर अदालत का जोर ऐसी गिरफ्तारियों की संवेदनशील प्रकृति और चुनावी प्रक्रिया पर उनके संभावित प्रभाव की न्यायिक स्वीकृति का संकेत देता है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा राजनीतिक हस्तियों की गिरफ्तारी के समय के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के सवाल ऐसे कार्यों के औचित्य और निहितार्थ के बारे में बढ़ती चिंताओं को उजागर करते हैं, खासकर जब इसे चुनावी कैलेंडर के साथ जोड़ा जाता है। शीर्ष अदालत की चिंताएं राजनीतिक प्रभाव के साधन के रूप में केंद्रीय एजेंसियों के संभावित दुरुपयोग की आशंका जताती हैं, जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के लोकतांत्रिक लोकाचार को कमजोर कर सकता है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले मे मनीलॉन्ड्रिंग के आरोप में ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी उनके इस्तीफे के बाद हुई, जो एक ऐसा कदम था जो चुनाव के समय से मेल खाता था।

सर्वोच्च न्यायालय ने सोरेन की अंतरिम जमानत की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी के आसपास की परिस्थितियों की न्यायिक जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। सोरेन की गिरफ्तारी का समय, जो लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के राजनीतिक लाभ के लिए उपकरण के रूप में इस्तेमाल किये जाने की संभावना पर सवाल उठाता है। इसी तरह, उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी सर्वोच्च न्यायालय के विचारण के दायरे में आ गई है। अदालत ने स्पष्ट रूप से ईडी से केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के पीछे का तर्क बताने को कहा है, जो चुनाव से ठीक पहले हुई थी। समय के पहलू को समझने पर अदालत का जोर ऐसी गिरफ्तारियों की संवेदनशील प्रकृति और चुनावी प्रक्रिया पर उनके संभावित प्रभाव की न्यायिक स्वीकृति का संकेत देता है। इन मामलों में सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थानों की पवित्रता को बनाये रखने के उद्देश्य से न्यायिक निरीक्षण के व्यापक पैटर्न का हिस्सा हैं। गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाकर, अदालत प्रभावी रूप से यह सुनिश्चित करना चाहती है कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक साजिशों में उलझे बिना, कानून और निष्पक्षता के दायरे में काम करें। अदालत की कार्रवाइयां उस नाजुक संतुलन की याद दिलाती हैं जिसे कानून के प्रवर्तन और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संरक्षण के बीच बनाये रखा जाना चाहिए। संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की भूमिका चुनाव के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जब राजनीतिक माहौल गर्म होता है, और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयां गहन सार्वजनिक जांच के अधीन होती हैं।

संक्षेप में, ईडी की कार्रवाइयों के औचित्य पर सर्वोच्च न्यायालय के प्रश्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण जांच का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे ऐसी एजेंसियों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करते हैं, विशेष रूप से राजनीतिक नेताओं के साथ उनकी बातचीत और चुनावी परिणामों पर संभावित प्रभाव के संदर्भ में।

जैसा कि सम्पूर्ण देश आज सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इन हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने को देख रहा है, संदेश स्पष्ट है कानून का शासन कायम रहना चाहिए, और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा की जानी चाहिए। अदालत का रुख चुनावी शतरंज के खेल में केंद्रीय एजेंसियों को मोहरे के रूप में इस्तेमाल करने के किसी भी प्रयास के खिलाफएक कवच के रूप में कार्य करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि भारत की लोकतांत्रिक भावना जीवंत और अजेय बनी रहे। सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक फंडिंग में भारी योगदान देने के लिए कॉरपोरेट्स को मजबूर करने के लिए ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग गहन जांच और बहस का विषय रहा है। जबकि इन एजेंसियों द्वारा दबाव डालकर चुनावी बांड के माध्यम से सत्ताधारी पार्टी को धन दिलवाना जारी रहा है, विपक्षी दलों द्वारा चुनावी निर्णयों को प्रभावित करने में उनकी भूमिका भी आज की राजनीतिक कथा में एक नया अध्याय दर्शाती है। इन एजेंसियों द्वारा राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी का सहारा सत्तारूढ़ दल द्वारा प्रवर्तन एजेंसियों के दुरुपयोग में एक और स्पष्ट मोड़ का प्रतीक है। चुनावों में समान अवसर को खत्म करने के लिए सत्ताधारी दल द्वारा इन एजंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को चुनाव आयोग के ध्यान में लाया गया है, जिसने हालांकि अब तक मूकदर्शक के रूप में ही काम किया है। उदाहरण के लिए, कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा अपने नेताओं को कथित तौर पर निशाना बनाये जाने के खिलाफ आयोग से हस्तक्षेप की मांग की थी, लेकिन इस पर कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय का यह सवाल कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आम चुनाव शुरू होने से ठीक पहले क्यों गिरफ्तार किया गया, को समझाने के लिए ईडी को काफी स्पष्टीकरण की जरूरत होगी। पीठ ने ईडी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या केंद्रीय एजेंसी मामले में न्यायिक कार्रवाई के बिना आपराधिक कार्रवाई कर सकती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सर्राफा व्यवसायी से लूट का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 04 अवैध शस्त्र, 05 जिंदा एवं 02 खोखा कारतूस सहित लूट गई संपत्ति बरामद
- एसपी अपर्णा गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 27 अप्रैल को थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के मोहल्ला राजावार्ड निवासी सर्राफा व्यवसायी राजेन्द्र कुमार पुत्र प्रेमचंद्र सोनी अजनर कस्बे में अपनी शॉप बंद करके ऑटो से अपने घर के लिये वापस आ रहे थे कि थाना कुलपहाड़ अन्तर्गत रेलवे अंडर पास ग्राम जैतपुर के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने इनको तमंचा दिखाकर गोली मारने की धमकी देते हुए इनके पास मौजूद बैग जिसमें नगद रुपये व आभूषण से भरे बैग छीनकर फरार हो गये।

इस संबंध में धारा 392 का अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से घटना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

साथ ही व्यवसायी से वार्ता कर उनके साथ हुई लूट की घटना के शीघ्र ही सफल अनावरण किये जाने का आश्वासन दिया गया। इसके लिए विभिन्न टीमों का गठन करते हुए टीमों को सक्रिय किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण को अतिगंभीरता से लेते हुए प्रत्येक क्षण घटना की समीक्षा की गयी व गठित टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जाते रहे। आरोपियों को चिंहित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने व लूट की सम्पत्ति बरामद किये जाने हेतु अलग-अलग टीमों का गठन कर विभिन्न स्थानों में दबिश दी गई। दो मई को पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में को लूट की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति थाना क्षेत्र अजनर के रहने वाले हैं जिनके पास लूटा गया माल भी है। इस बात की पूरी उम्मीद है कि किसी गांव के ही रास्ते से सन्नाटे में निकलकर ट्रेन या बस पकड़कर कहीं बाहर भाग जायेंगे इस सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मुढ़ारी क्षेत्र होकर स्टेशन की ओर व राजमार्ग की ओर जाता है के पास चेकिंग शुरु कर दी कि तभी मुढ़ारी की ओर से बेलाताल रोड पर करीब 200 मीटर पर एक बाइक लहराती हुयी कार की रोशनी मे आती दिखायी दी। टार्च की रोशनी मारते हुये मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को टोका गया तो दोनो व्यक्ति बाइक छोड़ पास के खेतो की ओर भागने लगे। जिससे पुलिस टीम ने दबिश देकर उन दोनो व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया। नाम पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो एक ने अपना नाम मंगल राजपूत पुत्र महेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर व दूसरे ने अपना नाम प्रदीप अनुरागी पुत्र अर्जुन अनुरागी निवासी ग्राम इन्द्रहटा थाना अजनर बताया गया। दोनों आरोपियों के पास से लूटी गई सम्पत्ति सहित दो तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की गयी तो बताया कि लूट की घटना में उनके 02 अन्य साथी भी सम्मिलित थे, जिनके साथ मिलकर इन्होंने इस तरह की घटना को अंजाम दिया है जिनका नाम देवेन्द्र राजपूत व नरेन्द्र अहिरवार बताया। पूछताछ में यह भी बताया कि ये लोग सतारी मउपुरा रेलवे क्रासिंग के आगे जंगल के पास अपने साथियों की प्रतीक्षा में खड़े हैं। इस सटीक सूचना पर तीन मई को स्वॉट एवं थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिस टीमें मौके पर पहुंची, दोनो व्यक्तियों को रुकने के लिये बोला गया तो दोनो व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायर किया जिसके फलस्वरूप दो व्यक्तियों के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़े। पास जाकर देखा तो देवेन्द्र राजपूत पुत्र इन्द्रपाल राजपूत निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर, नरेन्द्र अहिरवार पुत्र भग्गू अहिरवार निवासी ग्राम नगाराडांग अजनर को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान आरोपियों के के कब्जे से दो तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित लूटी गयी संपत्ति को बरामद किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी तथा आरोपियों के साथ हुई मुठभेड़ के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ में धारा 307 (पुलिस मुठभेड़) पंजीकृत किया गया तथा संबंधित धारा 392 में धारा 411 बढ़ोत्तरी की गई है। आरोपियों के कब्जे से 01 गणेशजी सोने, 03 सोने की नाक छेदने की कील सहित अन्य जेवरात व 10,950 रूपये लूट के नगद बरामद हुए। पुलिस स्वाट टीम में उपनिरीक्षक रवि कुमार सिंह, उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, थाना कुलपहाड़ प्रभारी भाष्कर मिश्रा आदि शामिल रहे।






## छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।** कस्बा पनवाड़ी के जीजीआईसी इंटर कॉलेज की छात्रों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कस्बे में रैली के मध्यम से जगह-जगह नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जिससे कि लोग अपने मत का अधिकार जान सके एक-एक वोट की क्या कीमत है इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया कस्बा में लोगों से अपील की की पहले मतदान फिर जलपान चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जुमेदारी वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना हैं वोट डालना है अधिकार अब ना करेंगे इसका कभी बहिष्कार का नारा बुलंद किया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कौशिल्या देवी ने लोगों को समझाया है कि वोट की कीमत क्या है हम अपने एक निर्णायक वोट से सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहिम भूमिका निभाना चाहिए इसीलिए अपने मत को पहचाने और मतदान करें जो भी युवा 18 वर्ष या उससे अधिक हो वह आने वाली 20 मई को अपने मत का प्रयोग करें रैली में प्रधानाचार्या कौशल्या देवी एवं समस्त अध्यापिकायें मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से किशोर की दर्दनाक मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रहे बोलेरो मैक्सी ट्रक ने सड़क पर पैदल जा रहे किशोर को टक्कर मार दी और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसके पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304-ए, 177 व 184 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई के मुहाल राजीव नगर निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि 20 अप्रैल की रात्रि उसका 16 वर्षीय पुत्र अंकित महोबा-कबरई रोड पर स्थित राज पैलेस गेस्ट हाउस शादी में शामिल होने के लिए पैदल जा रहा था। रास्ते में बैंक के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार आ रही बोलेरो मैक्सी ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से उसे टक्कर मार दी। इसके बाद वह वाहन सहित मौके से भाग निकला। हादसे में उसके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304-ए, 177 व 184 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।लगातार हादसे सामने आ रहे है लेकिन वाहनों की तेज रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है।

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, महिला की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** वाहनों की तेज रफ्तार के कारण फिर एक हादसा सामने आया। जिले के खरेला-मुस्करा मार्ग पर हादसा हुआ और एक महिला की मौत हो गई। तेज रफ्तार आ रहे चार पहिया वाहन ने मुख्य सड़क पर बाइक को टक्कर मार दी और हादसे में एक महिला उछलकर दूर जा गिरी। उसे अस्पताल लाया गया। लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। चरखारी के मुहाल घुसियाना निवासी 30 साल की प्रीती पत्नी नरेंद्र विश्वकर्मा अपने भाई के साथ बाइक में रिश्तेदारी में मुस्करा थाना के पहाड़ी गांव जा रही। सुबह करीब 8 बजे खरेला मुस्करा मार्ग पर अनियंत्रित गति से आ रहे चार पहिया वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे प्रीती उछलकर काफी दूर जा गिरी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### छात्रा के साथ की मारपीट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पुत्री के साथ गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए क्षेत्र की एक महिला ने थाना जसवंतनगर पुलिस को शिकायत की है। महिला का कहना है कि उसकी बेटी नगर के एक विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा है वह रोजाना की भांति दोपहर 1 बजे करीब अपने गांव वापस जा रही थी तभी रास्ते में गांव के ही तीन नामजद व दो अज्ञात लोग टेंपो में बैठकर आए और उसकी पुत्री के आगे खड़े हो गए गाली गलौज करते हुए उन लोगों ने पुत्री के साथ मारपीट की। महिला का आरोप तो यह भी है कि उसकी पुत्री की कनपटी पर अवैध तमंचा भी लगा दिया तथा धमकियां देते हुए भाग गए कि यदि रिपोर्ट की तो माता-पिता व भाइयों को जान से मार देंगे। सांयकाल जब पुलिस को शिकायत दी गई तो मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### प्रेक्षक ने तीन गांवों के बूथों का किया निरीक्षण



**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कुरारा क्षेत्र में आज लोकसभा चुनाव में नियुक्त किये गये प्रेक्षक ने थाना क्षेत्र के अति संवेदन शील मतदान केंद्र तीन गांवों के बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी। प्रेक्षक प्रियंका दास ने कुरारा थाना क्षेत्र के अति संवेदन शील मतदान केंद्र पतारा गांव में बूथ का निरीक्षण किया।इसके बाद बेरी गांव में निरीक्षण किया। इसके बाद लहरा गांव में भी बूथ का निरीक्षण किया। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद की सीमा सरसई गांव में लगे बैरियर का निरीक्षण किया।उन्होंने बूथ में मौजूद शिक्षको से जानकारी ली।इस अवसर पर ए डी एम नागेंद्र नाथ,युवा कल्याण अधिकारी विष्णु प्रिया, तथा थाना प्रभारी योगेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### पुलिस ने हायड्रा चालक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के जल्ला गांव में हायड्रा चालक द्वारा महिलाको कुचल देने के मामले में मृतका के पुत्र द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी अंकित ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को मेरी मां अवधरानी अपनी भैंस को लेकर खेतो की तरफ गई थी। वहां जल्ला से शंकरपुर गांव तक सड़क निर्माण कार्य में लगे हायड्रा चालक ने लापरवाही से चलाकर कुचल दिया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर हायड्रा चालक मोनू के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लालमन बाथम ने छोड़ी कांग्रेस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस पार्टी में उपेक्षित ब्लॉक अध्यक्ष जसवंतनगर लालमन बाथम ने त्यागपत्र दिया। श्री बाथम ने बताया कि वे पिछले 4 साल से ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर रहकर निष्ठावान पदाधिकारी के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे थे। वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान चल रहा है ऐसे में पार्टी संगठन द्वारा उनकी लगातार उपेक्षा की गई है ऐसी स्थिति में उनका मन दुखी व व्यथित है इसलिए उन्होंने अपना त्यागपत्र दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को भेजा है तथा उसकी प्रतिलिपि कांग्रेस जिलाध्यक्ष को भी भेजी है।

## गैस सिलेंडर में आग लगने से महिला झुलसी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के उपरौस मोहल्ले में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग जाने से एक महिला झुलस गई जिसे मौके से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया तो वहीं फायर ब्रिगेड के आने से पूर्व ही मोहल्ला वासियो ने आग पर काबू पा लिया। मोहल्ले में कल्लू सोनी के पुत्र की बीमारी के दौरान मौत के बाद घर मे दिन का कार्यक्रम चल रहा था जहां परिवार के लोग मौजूद थे तो वहीं खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग जाने से चीख पुकार मच गई जिसे सुनकर आस पास मौजूद परिजन व मोहल्ला वासी मौके पर पहुंच दुर्गा सोनी की पत्नी कविता को मौके से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जो आग से झुलस गई थी। लोग आग पर काबू पाने के लिए बालू, बोरा व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस व फायर स्टेशन को दी गई जिसमें तत्काल कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पास में लगे समरसेबल से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया तो वही देर से पहुंची फायर ब्रिगेड पर लोगो ने खासी नाराजगी जाहिर की।

## दबंगों ने पिता-पुत्री व मां को मारपीट कर किया घायल

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मामूली विवाद के चलते पिता, पुत्री व मां को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।कोतवाली के इकठौर गांव निवासी शिवकुमार अहिरवार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की देर रात करीब वह घर पर थे। तभी गांव के कंधीलाल, संतोष, कुलदीप, अज्जू संतोष की मौसी का लड़का सिद्ध गोपाल आए गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो उसे घर से निकाल कर मारा-पीटा। बताया कि कुल्हाड़ी की बट से उसका सिर फोड़ दिया। बीच बचाव करने आई उसकी पुत्री शारदा और मां रामदुलारी को मारा-पीटा। मारपीट करने से उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



चरखारी मुस्करा मुख्य सड़क पर चार पहिया वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, आनन फानन में महिला को परिवारीजनो द्वारा सामूदायिक स्वास्थय केन्द्र चरखारी लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

आरोपी वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है चरखारी नगर क्षेत्र के मुहल्ला घुसियाना की रहने वाली थी मृतक महिला, चरखारी मुस्करा मुख्य सड़क पर हरिओम ग्रेनाइट के आगे यह दर्दनाक हादसा हुआ है, चरखारी मुस्करा मुख्य मार्ग में महिला अपने भाई के साथ वाइक से पहाड़ी गाँव अपने रिश्तेदारी में जा रही थी लेकिन जैसे ही हरिओम ग्रेनाइट के आगे स्थित जी डी कुशवाहा के फार्म हाउस के नजदीक पहुंचे तभी फार्म हाउस से अचानक निकले वाहन से जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा महिला का भाई मामूली रूप से चोटिल हुआ है, महिला अपने पीछे तीन बच्चियों को छोड़ गई है जिसमें सबसे बड़ी बेटी की उम्र लगभग 5 वर्ष है, बाइक चालक एवं पारिवारिक जनों के मुताबिक चार पहिया वाहन के चालक की लापरवाही की वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ है। बताया गया कि चार पहिया चालक ने फार्म हाउस से मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से वाहन को चढ़ाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसकी वजह से बाइक सवार महिला यात्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लगभग 30 वर्षीय मृतक महिला प्रीति पत्नी नरेंद्र विश्वकर्मा मोहल्ला घुशियांना चरखारी की निवासिनी है। मृतक महिला अपने भाई के साथ बाइक से चरखारी से रिश्तेदारी में पहाड़ी गांव जा रही थी सुबह लगभग 8 बजे यह हादसा हुआ है घटना से पारिवारिक जनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए शवविच्छेदन गृह महोबा भेज दिया है।

## विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के साथ डिफेन्स के अधिवक्तगणों ने जेल का किया निरीक्षण

- जेल में चिहिंत किये गये दस बंदी,समय समय पर जेल का किया जायेगा निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शासन ने पहली मर्तबा जिला जेल में बंद कैदियों व गरीब असहाय निर्धन लोगो को न्याय दिलाने के लिये फैसला किया है। फिलहाल जिला जेल में दस कैदी इस प्रकार के चिंहित किये गये है। जिनकी सहायता की जायेगी।

शुक्रवार को बिधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर ज़िला जज श्रीमति गीतांजली गर्ग ने चीफ़ एड डिफ़ेंस काउंसिल आनंद कुमार सक्सेना, डिप्टी चीफ़ एड डिफ़ेंस काउंसिल हरिनाम और असिस्टेंड एड लीगल डिफेंस काउंसिल फ़िरोज़ आलम के साथ ज़िला कारागार का निरीक्षण किया जिसमे बैरक - बैरक जाकर उन्हें निशुल्क विधिक सेवा देने की शासन की योजना के बारे में पुरुष, महिला क़ैदियो को जानकारी दी गई, बताया गया कि जो क़ैदी धनाभाव के कारण अधिवक्ता की सेवा नहीं ले पा रहे है या छोटे-छोटे अपराधों में बहुत दिनों से कारागार में निरुद्ध है या जिनका कोई मुक़दमा पैरोकार नहीं है या जो जमानत पाने के बाद जमानत भरवाने में असमर्थहै और वो निजी तौर पर अपनी पैरवी करने में अक्षम है तो वह लोग ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर में अपना आवेदन भिजवा दें तो उनकी पैरवी प्राधिकरण में नियुक्त अधिवक्ता द्वारा निशुल्क की जाएगी। दस बंदी चिंहित किये गये है जिनकी पैरवी विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत की जायेगी। श्री सक्सेना ने बताया कि जिला कारागार का समय समय पर अक्सर निरीक्षण किया जायेगा। जिससे बंद गरीब कैदियों को काफी राहत मिलेगी. इस जेल निरीक्षण में जेल अधीक्षक जेलर डिप्टी जेलर व अन्यजेल के कर्मचारी साथ में रहें।

## सरकारी अस्पतालों में डाक्टर आना नहीं चाहते : जेडी

- महिला व पुरुष अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला पुरुष व महिला चिकित्सालय का शुक्रवार को चित्रकूटधाम मंडल के स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक(जेडी) ने औचक निरीक्षण किया,जिसमे सब कुछ ठीक ठाक पाया,बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि डाक्टरों की कमी पूरे प्रदेश में है,सरकारी अस्पातालो में डाक्टर आना नही चाहते,मंडल में कोई अतिरिक्त डाक्टर नही है जिससे जिला अस्पताल में भिजवाया जा सके।

जेडी राकेश मोहन गुप्ता ने जिला अस्पताल में डाक्टरों की कमी को लेकर कहा कि मंडल में डाक्टरों में वैसे भी कमी है। इसलिये किसी डाक्टर को यहां भेजना संभव नही हो पा रहा है। ब्लड बैंक में पैथालाजी डाक्टर न होने के कारण जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का लाइसेंस खतरे में है यदि पैथालाजी डाक्टर पांच साल तक किसी अस्पताल में नियुक्त नही होता तो ब्लड बैंक का लाइसेंस भारत सरकार नही देती है। जेडी ने बताया कि जांच में सब कुठ ठीक ठाक पाया गया है। मरीजों से हाल चाल लिया गया है। स्थान न होने के कारण आक्सीजन प्लांट स्थापित न होने,ट्रामा सेंटर न बन पाने,मेडिकल कालेज निर्माण की स्थिति को लेकर जेडी ने अनभिज्ञता जाहिर की। महिला अस्पताल में साफ सफाई को देखा और आवश्यक निर्देश दिये है।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से महिला की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** राठ कस्वे के अलरा इमिलिया नहर के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली नाले में पलटने से ट्राली में दब कर महिला की मृत्यु हो गयी।मुस्करा थाने के गहरौली निवासी रामपाल साहू ने गंव के पास जामुन का पेड़ काटा था। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी सुनीता(40) पुत्री पूजा, पुत्र शिवम, साला चंदू निवासी विजयपुर के साथ गांव के भारत राजपूत का ट्रैक्टर लेकर लकड़ी भरने जा रहा था। चलते ट्रैक्टर में चालक पास रखी लकड़ी काटने की आरा साइड रखने लगा। तभी ट्रैक्टर का अगला पहिया गड्ढे में चला जाने से ट्रैक्टर ट्राली गड्ढे में जा गिरी जिससे ट्राली के नीचे सुनीता दब गयी ट्राली में बैठी पुत्री, पुत्र व साला सुरक्षित बाहर निकल आए। वहां मौजूद लोगों ने महिला को बाहर निकाला और स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉ माजिद ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति ने बताया कि उसके पास डेढ़ बीघा जमीन है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।

## जिला अस्पताल में शीतल जल सेवा का हुआ शुभारंभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए निःशुल्क शीतल जल आर ओ वाटर सेवा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमएस पुरुष डा. एम. एम. आर्या ने विशिष्ट अतिथि सीएमएस महिला डा. अनिल कुमार, भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के संरक्षक अशोक कुमार त्रिपाठी एवं पांचाल प्रांत के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्र शुक्ला के साथ किया।

जल सेवा का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर रोली तिलक पुष्पार्पण कर दीप प्रज्वलन करके वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। सभी को शीतल जल के साथ मिष्ठान के रूप में पेठे का वितरण भी किया गया। शाखा के संरक्षक डॉ. विद्याकांत तिवारी ने परिषद के सेवा प्रकल्पों के बारे में जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डा. एम एम आर्या ने कहा कि भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने अपने नाम को सार्थक करते हुए अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके तीमार दारों को शीतल जल सेवा देने का जो पुण्यदायी कार्य शुरू किया है, वह बहुत ही सराहनीय है। पांचाल प्रांत के संरक्षक अशोक कुमार त्रिपाठी एवं पांचाल प्रांत के अध्यक्ष डा. रमेश चंद्र शुक्ला ने सीएमएस समेत समस्त अस्पताल प्रबंधन स्टाफ द्वारा जल सेवा हेतु स्थान उपलब्ध कराने एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। धर्मार्थ सेवा शाखा के सचिव सुधीर मिश्र ने बताया कि जिला अस्पताल में शीतल जल सेवा प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से सायं पांच बजे तक अनवरत आगामी 30 जून दो माह के लिए निरंतर चलेगी। कार्यक्रम का संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया तथा शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं विशेष सहयोगी राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

## मजदूरों को अंगौछा पहना कर सम्मानित किया




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने पक्का बाग ईट भट्टा मानिकपुर में मजदूरों की बस्ती में जाकर मजदूरों को अंगौछा पहनाकर व बिस्किट वितरित कर सम्मानित किया।

फैडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित और फैडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल ने मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा हमे मजदूरों के साथ गरीबों की सहायता कर उनका सम्मान करना चाहिए।

अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, डीओए प्रतीभा सिंह, डीओएफ विमल शर्मा, कमलेश शर्मा, मनोरमा पोरवाल, पूनम अग्रवाल, शशी प्रभा राजपूत, बीना चौहान, गुरुप्रेम प्यारी जादौन, संध्या अग्रवाल, मालती दीक्षित, उर्वशी दीक्षित आदि उपस्थित रहीं। उर्वशी दीक्षित का विशेष सहयोग रहा।

## ग्राम पूठन में अज्ञात कारणों से लगी आग से हुआ भारी नुकसान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



बढपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पूठन में झोपड़ी व भूसे के कूप मे अचानक से आग लग गई, झोपड़ी में बंधी बकरी और उनके बच्चों की आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गई।

उक्त गांव निवासी मनीराम यादव पुत्र भागीरथ यादव के घर के पास खाली जगह मे पालतू जानवरों के लिए बनी झोपड़ी व भूसे के कूप में शुक्रवार सुबह करीब साढे दस बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई, अचानक आग की लपटों को देख गांव वालों में हडकंप मच गया, जिसके बाद गांव के लोग उसके बुझाने के प्रयास में जुट गए। जब तक आग पर काबू कर पाते तब तक झोपडी जलकर राख हो चुकी थी, झोपड़ी में बंधी कुछ बकरी व उनके बच्चों को निकाल लिया गया, लेकिन भयानक आग के कारण पांच बकरी और उनके सात बच्चों की आग में जलकर दर्दनाक मौत गई। सूचना पर बढपुरा थाना पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी गांव में पहुँची लेकिन फायर बिग्रेड की घटना स्थल तक नहीं पहुंच सकी, और गांव के लोगों ने घरों में लगी समर सेबिल के माध्यम से आग पर पूरी तरह से काबू पाया। वहीं मनीराम यादव के बेटे श्याम प्रकाश ने बताया कि जिस वक्त आग लगी उस समय हम सब घर के लोग खेतों पर थे, घर पर मां और भाभी मौजूद थी। आग की सूचना पर तुरंत भागकर आऐ और देखा तीन झोपडियों व भूसे के कूप में आग लगी हुई थी, एक झोपड़ी के अंदर बंधी बकरियों व उनके बच्चों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटों के कारण कुछ बकरी व उनके बच्चों को तो निकाल पाऐ और बांकी पांच बकरीऔर उनके सात बच्चों की इसी आग में जलकर मौत हो गई, वहीं हमारा कूप में भरा 40 कुंटल भूसा और एक साईकिल जल गई है। इन सबका लगभग डेढ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## विपक्षी दल अब बुझे लैंप हो चुके हैं : गोपाल मोहन शर्मा

**लखना/इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा किसान मोर्चा लोकसभा इटावा के अन्तर्गत जनपद इटावा औरैया के किसान मोर्चा संयुक्त सम्मलेन में लखना भाजपा चुनाव कार्यालय पर मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार के राज्यमंत्री अजीत पाल ने क्रांत्रिकारी उदबोधन देते हुए कहा की पूरे विपक्ष दलों की दुकान अब बंद हो चुकी है, सपा, बसपा, कांग्रेस और अन्य दल सब अब जनता की नजरों से उतर चुके है, सपा बसपा कांग्रेस के नेताओं ने चोरी, कब्जा, दबंगई, झूठ , फरेब, भगवान राम का अपमान, पाकिस्तान से प्रेम, सनातन की धज्जियां उड़ाने का काम किया है, इसलिए इस बार जनता द्वारा फिर इस लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा को 400 पार सीटें जिताकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी और मोदी प्रधानमन्त्री बनेंगे।

पूर्व मंत्री यूपी सरकार लाखन सिंह राजपूत ने कहा की भाजपा को वोट देने का मतलब हे , कानून , संविधान, सनातन, देश, राष्ट्र की रक्षा तय होगी और भारत जल्द ही विश्वगुरु बनेगा। सांसद प्रत्याशी डा रामशंकर कठेरिया ने सभी से वोट देने की अपील करते हुए जनता के हर सुख दुख में हमेशा की तरह खड़े रहने का भरोसा दिया और कहा की नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है विकास और तरक्की, रोजगार, सुशासन की पूर्ण




गारंटी। भरथना विधानसभा चुनाव संयोजक/ भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी हे जिसने जल, जंगल, जमीन, सुरक्षित है, इसमें हर तबके का सम्मान और विकास है, सपा बसपा कांग्रेस जैसे सभी विपक्षी दल अब बुझे लैंप हो चुके है, जनता उनको समझ चुकी है की ये सब झूठ और फरेब का पुलंदा है, इस बार फिर जनता इन विपक्षी दलों की दुकान बिल्कुल बंद कराकर इनके ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेगी। भाजपा किसान मोर्चा इटावा जिलाध्यक्ष अवधेश चौबे और औरैया भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने संयुक्त रूप से सभी संबोधन के साथ आभार और स्वागत किया। मंच से सभी नेताओं से आगामी 5 मई 24 को भरथना विधानसभा में पक्का ताल भरथना पर होने वाली मोदी की जनसभा में आने के लिए सभी से आवाहन किया। पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने भी भाजपा को जिताने की अपील की। राज्यमंत्री अजीत पाल का लखना जाते वक्त बकेवर में रिसीव कर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष इटावा गोपाल मोहन शर्मा के प्रमुख नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा स्वागत किया गया, जिसमे एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा, महेंद्र तिवारी, अशोक शुक्ला, आशीष मोहन, रामनरेश शुक्ला, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा की कर दो विदाई, देश में आ जाएगी खुशहाली: अखिलेश यादव

- हसेरन की जनसभा में भाजपा पर जमकर गरजे सपा मुखिया
- अग्निवीर योजना, एमएसपी की गारंटी व मुफ्त मिलेगा आटा व डाटा
- किसानों के कर्जे होगें माफ, बेरोजगारों को मिलेगी सरकारी नौकरी



हसेरन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते सपा मुखिया अखिलेश यादव



अखिलेश यादव को डॉक्टर अम्बेडकर का चित्र भेंट करते सपा कार्यकर्ता

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान करते हुए कहा कि भाजपा की विदाई कर दो, देश में खुशहाली आ जाएगी। बेरोजगारों को सरकारी नौकरी मिलने लगेगी। अग्निवीर योजना खत्म हो जाएगी। किसानों को एमएसपी की गारंटी मिलेगी। उनके कर्जे माफ होगें। लोगों को मुफ्त अच्छा आटा और डाटा मिलेगा। कन्नौज में तो भाजपा साफ हो जाएगी।

सपा मुखिया व कन्नौज संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव शुक्रवार की शाम हसेरन कस्बे के रामलीला मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उनका उड़नखटोला रामलीला मैदान में शाम चार बजे के करीब उतरा। हेलीकाप्टर से उतरकर वह करीब 200 मीटर पैदल चलकर जनसभा स्थल पर पहुंचे। जनसभा के मंच पर मौजूद सपा पदाधिकारियों से मिले। इसके बाद उन्होने मंच पर अपने दोनो हाथ हिलाकर मौजूद हजारों की भीड़ का अभिवादन किया। उनके हाथ हिलाते ही हजारों की भीड़ अखिलेश जिंदाबाद के नारे लगाने लगी। भीड़ के उत्साह से गदगद सपा मुखिया ने मंच से ही सवाल दागा कि इस बार भाजपा की विदाई कर रहे हो कि नहीं। इसपर भीड़ से आवाज आई कि भाजपा साफ होगी। इण्डिया गठबंधन जीतेगा। इसपर अखिलेश यादव ने भीड़ को बताया कि भाजपा का जाना क्यों जरूरी है। उन्होने कहा कि भाजपा संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है। अग्निवीर जैसी योजनाओं से देश का कुछ भी भला होने वाला नहीं है। देश के करोड़ो बेरोजगार युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। किसानों की आय भी भाजपा के वायदे के बावजूद भी दोगुनी नहीं हुई। किसानों को अपनी फसलों का एमएसपी भी नहीं मिल रहा है। करीब एक घण्टे के अपने संबोधन के दौरान उन्होने भाजपा पर जमकर प्रहार किया। इस दौरान हसेरन के पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर बेरिया ने उन्हे डॉ.भीमराव अम्बेडकर का चित्र भेंट किया। मंच पर प्रमुख रूप से विधूना की विधायक रेखा वर्मा, कमालगंज की पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत, पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, काग्रेंस की प्रदेश सचिव ऊषा दुबे, सपा के राष्ट्रीय सचिव रामशंकर लोधी, सपा के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, कमालगंज के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ममता कनौजिया समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊषा दुबे ने की व संचालन इं. अनिल पाल ने किया।

## सर्वेश पाल की तृतीय पुण्यतिथि पर हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**सौरिख।** कृषक इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस दौरान मूर्ति का भी अनावरण किया गया। इलाके के कृषक इंटर कालेज कुतुबपुर मुर्रा के पूर्व प्रबंधक योगेश पाल की तृतीय पुण्यतिथि पर मूर्ति अनावरण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में सर्वेश सिंह यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी सौरिख, सोनेलाल पाल अध्यक्ष कृषक इंटर कालेज, श्रीमती शांति देवी पाल प्रबंधक, अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी तिर्वा, पूजा वर्मा,अनीता पाल, पूजा पाल,सौरभ पाल, विनेश पाल प्रधान, सुधीर पाल प्रधान, अरविंद सिंह यादव (प्रधानाचार्य), सरमन पाल (संजय), श्रेष्ठ पाल,उत्कर्ष पाल, गिरजेश कुमार, नीलेश पाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजद रहे।

# अम्बेडकर गौरव यात्रा में दलित समाज का किया स्वागत

- राज्यमंत्री ने भाजपा लोस कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया



अम्बेडकर गौरव यात्रा को संबोधित करते व कार्यालय का उदघाटन करते राज्यमंत्री — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा** चुनाव 2024 का बिगुल बजते ही जहां एकओर सियासी दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार प्रसार में दिनरात एक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्यमंत्री असीम अरूण नें अम्बेडकर गौरव यात्रा निकालकर दलित समाज के लोगों का स्वागत व सम्मान कर पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुये कहा कि सपा ने अम्बेडकर सहित दलित समाज के महापरूषों का अपमान करनें का कार्य किया है।

इसके बाद उन्होनें जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल के साथ भाजपा लोकसभा नगर चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि भारतीय जनता पार्टी कन्नौज लोकसभ प्रत्याशी सुब्रत पाठक कार्यकर्ताओं की कडी मेहनत के चलते एक बार पुनः जीत हासिल करके संसद पहुंचेंगे। पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों को पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों से अवगत कराकर अधिक अधिक मतदान करनें के लिये प्रेरित करें। इस दौरान संजीव गुप्ता उर्फ संजू, संतोष चतुर्वेदी, दीपू शर्मा, संजीव गुप्ता उर्फ टीटू, सुमित सक्सेना, अनुराग गुप्ता, अजीत सिंह वर्मा, मोनू गुप्ता, मानव गुप्ता, सभासद धर्मेन्द्र गुप्ता बडे, संतोष गुप्ता उर्फमुल्लू, परमजीत, निर्मल श्रीवास्तव, चरणजीत, कपिल यादव, सुरेन्द्र कुमार, आजाद चक, दीपक गुप्ता सहित अमन कठेरिया, भूरा कठेरिया सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भानू गुट छोड़कर थामा भाकियू (किसान) का दामन

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** किसान यूनियन किसान के जिला अध्यक्ष राजा शुक्ला एवं नीरज भाटिया मण्डल अध्यक्ष द्वारा आज नवीन मंडी समिति छिबरामऊ में एक निजी संस्थान पर संगठन विस्तार एवम आगामी कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक बैठक की। जिसमे भानु गुट छोड़ कर आए मुशर्रफ़ खान को तहसील अध्यक्ष रिहान अहमद को नगर अध्यक्ष छिबरामऊ अनिल सिंह को जिला उपाध्यक्ष अनुज दुबे जिलाउपाध्यक्ष मोहित राठौड़,राहुल ठाकुर,संजीव ठाकुर ,पप्पन प्रधान, मधुर ,राजेश कुमार ,दीपू, मोहम्मद शफी, मोहम्मद इमरान आदिल, निखार, फरमान कार्यकर्ताओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर प्रवेश प्रवक्ता डॉक्टर रजनीश दुबे, जिला महासचिव आनंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक,जिला प्रमुख महासचिव राहुल ठाकुर,धर्मा सैनी, रामू कश्यप,श्याम बाबू आदि सैकड़ो कार्यकर्ता एवं किसान बंधु उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन (किसान) संगठन द्वारा विभिन्न पदों पर पद वितरण किए तथा पद एवं गोपनीयता और संगठन के प्रति निष्ठा से संगठन में कार्य करने की शपथ ली। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये कि गाँवो में भ्रमण कर किसानों की जो भी समस्याएं होगी उन समस्याओं का तुरन्त निस्तारण करवाने का प्रयास किया जायेगा।

# खबरें चलते-चलते

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




**जलालाबाद, कन्नौज।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में 14 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य की। खेलकूद प्रभारी डॉ. सत्यवीर सिंह, असि. प्रोफेसर कॉमर्स की देखरेख में बालक तथा बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी अपनी प्रतिभा दिखायी। निर्णायक मंडल के डा. हेमेंद्र सिंह, डॉ. शिप्रा वर्मा, डॉ. संजय कुमार सिंह, डिंपल कुशवाहा, डॉ. अखिलेश यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थी जीवन का अभिन्न अंग है, सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन रोड स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल मे मतदान कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने प्रशिक्षण कक्ष में पहुंच कर मतदान संबंधी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनर्सो से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या ना हो, उन्होंने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त कर लें, और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर ले। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्सो ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन का संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी मतदान कार्मिकों को दी।

## श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन


**छिबरामऊ कन्नौज।** श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सम्मानित सदस्य श्री विपिन कुमार निवासी नगला बक्स लम्बी बीमार के चलते दिनांक 01.05.24 को निधन हो गया। शुक्रवार को अधिवक्ता सभागार में अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह राठौर, महासचिव ललित प्रताप सिंह, रामचन्द्र मिश्रा, जयवीर सिंह यादव, शिवनाथ सिंह यादव, राजेश शाक्य, जितेन्द्र श्रीवास्तव, नेम सिंह यादव, प्रणव यादव, विकास गुप्ता, विनीत चतुर्वेदी, संदीप सिंह चौहान, रूपेश दुबे, पुष्पेन्द्र सिंह, ब्रह्मदत्त यादव, सरजीत यादव, धीरज तिवारी, विजय शाक्य, जीतू बाथम, शुभम त्रिपाठी, अंजू पटेल, स्नेहलता गुप्ता, सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मतदान को लेकर युवा वोटरों में उत्साह, मेरा पहला वोट









**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**लोकसभा** चुनाव में पहली बार मतदान करने के लिए वोटरों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जनपद में लोकसभा सीट पर मतदान 13 मई को है। युवा वोटर विकास कार्यों को लेकर वोट देने के मूड़ में है। उनका कहना कि जो विकास करेगा। वोट उसी को दिया जाएगा। चुनाव के समय लंबे- लंबे वादे तो किए जाते लेकिन जीत के बाद धरातल पर कोई भी कार्य देखने को नही मिलता है। वोट उसी को जो विकास कार्यो के साथ- साथ युवाओं के रोजगार का विशेष ध्यान रखें।

# दिव्यांगजन व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता घर बैठे कर सकेंगे मतदान

- 85 वर्ष से अधिक आयु के व दिव्यांगजन मतदाता जिन्होनें फार्म-12 घ भरा है उन्हें घर पर ही डाक मतपत्र के माध्यम से मताधिकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**लोक सभा** सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार मे जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के वह मतदाता जिन्होनें फार्म-12 घ भरा है। उन्हें डाक मतपत्र के माध्यम से मताधिकार की सुविधा 04 व 06 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक उनके घर पर उपलब्ध कराई जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 100 और दिव्यांगजन मतदाता 284 है। जिनका 18 पोलिंग पार्टियों के माध्यम से मतदान सम्पन्न कराया जायेगा। 4 मईको सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टी रवाना की जायेगी। कहा कि प्रत्येक पोलिंग पार्टी को 15-15 बैलेट पेपर का लक्ष्य दिया गया है। कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता बैलेट पेपर पर मोहर व अंगूठा नही लगायेगा। इसके लिये टिक व क्रास का प्रयोग किया जाये। प्रत्येक टीम में 1 माइक्रो आर्ब्जवर, 1 पीठासीन अधिकारी, 1 प्रथम मतदान अधिकारी के साथ ही 2 सुरक्षाकर्मी की तैनाती की गई है। संबंधित क्षेत्र के लेखपाल एंव बीएलओ टीम का सहयोग करेगें। कहा कि किसी भी दशा में बैलेट पेपर की फोटो व वीडियो नही बनायी जाये। गोपनियता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक लिफाफे पर बैलेट पेपर का सीरियल नम्बर अंकन करना आवश्यक है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम व तिर्वा उप जिलाधिकारी अशोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार एवं खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह समेत संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

# सुप्रभाष अकादमी में आयोजित हुई रंग भरो प्रतियोगिता



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**आवास** विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में एचडीएफसी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता आयु वर्ग के अनुसार आयोजित की गई थी जिसमें 5 वर्ष से 7 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं के लिए %रंग भरो% प्रतियोगिता व 8 से 12 वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां 5 से 7 वर्ष की श्रेणी में राम दुबे, इल्मा फातिमा व अंश राजपूत ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वही 8 से 12 वर्ष की श्रेणी में अथर्व गुप्ता, मुस्कान राजपूत ,द्विज वशिष्ठ व निखत फातिमा को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती अलका गुप्ता ने बताया की ऐसी प्रतियोगिताएं ही बच्चों में सीखने की ललक और जीतने की क्षमता का विकास करती है। संस्था के मैनेजर श्री हिमांशु सक्सेना ने एचडीएफसी लाइफ का आभार जताते हुए कहा की समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों में नई क्षमताओं का विकास करता है। इस अवसर पर सरोज तोमर,प्रिया मिश्रा,सुषमा चौहान, स्वाती यादव, खुशी चतुर्वेदी ,अभिषेक कुमार आदि शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**ऐलान** — मतदान का बहिष्कार कर किया ऐलान, न ही प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने ली सुध

# विकास कार्य न होने से एक सप्ताह से लगातार प्रदर्शन कर रहे है कृष्णानगरवासी



**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**जिला मुख्यालय** जीटी रोड स्थित कृष्णानगरवासी मोहल्ले में विकास कार्य न होने से विगत एक सप्ताह से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के निवासियों ने मतदान का बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। मोहल्ले की महिलाएं और पुरुषों ने एक राय होकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए सोए हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियो को साफ चेतावनी दी है कि यदि मोहल्ले का विकास न कराया गया तो वे सभी मतदान नही करेंगे। साथ ही आगे उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दी है।

नगर के मोहल्ला कृष्णानगर अकबरपुर सरायघाघ गैस एजेन्सी रोड निवासी महिलाएं और पुरुष मोहल्ले में विकास कार्य न होने के कारण लगातार प्रदर्शन कर रहे है। शुक्रवार को महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन कर कुम्भकर्णीय नीद में सोए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को जगाने का प्रयास किया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि मोहल्ले में जल निकासी, पेयजल की बड़ी समस्या है। साथ ही लोगों ने बताया कि टूटी नालियां, जर्जर सड़कें परेशानी का सबब बनी हुई है। बताया कि कोई भी संपर्क मार्ग भी इलाके में नहीं बना है। यहां के निवासियों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि कई बार जिले के अधिकारियो व नगरपालिका के अधिकारियों समेत जनप्रतिनिधियों से लिखित व मौखिक तौर पर मामले से अवगत कराया गया, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हुई। गौरतलब है कि विगत 27 अप्रैल से कृष्णा नगर मोहल्ला वासी आंदोलन रत हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक परेशान जनता की सुध नहीं ली है, जिससे मोहल्ले वासियों का लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि यह इलाका पिछले 20 सालों से अनदेखी का शिकार रहा है। कोई भी विकास कार्य इस इलाके में नहीं हुआ। मोहल्ले वासी अपनी बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं के लिए संघर्षरत है। प्रदर्शन के दौरान रवि शंकर शुक्ला, गिरीश चंद्र दुबे, राजेश कुमार यादव, सज्जन देवी, राजेश तिवारी, विपिन यादव, पवन गुप्ता, रितेश चतुर्वेदी, रजनी त्रिपाठी, रानी मिश्रा, लोकेश कुमार त्रिपाठी, मोहिनी, कुमकुम, रोहिणी, अक्षय, मधु समेत तमाम मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# देश में सबसे ज्यादा किसी ने भ्रष्टाचार किया, तो वह भाजपा ने किया: पवन पाण्डेय

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

- भाजपा ने परमानेंट नौकरियां खत्म कर नौजवानों को संविदा पर ला दिया: पूजा शुक्ला
- ट्रस्ट बनाकर क्षेत्र के बीमार लोगों का निशुल्क इलाज किया जायेगा: डॉ. जितेंद्र सिंह
- सम्मेलन में आयी अपार भीड़ ने हाथ उठाकर नबल किशोर को जिताने का दिया भरोसा

**अमृतपुर स्थित** एक इंटर कॉलेज में सपा की ओर से प्रबुद्ध एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा शुक्ला ने संबोधन के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला। इस दौरान पूर्व मंत्री का जोशीला भाषण सुनकर सभास्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पवन पांडे ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को सम्मान व सुरक्षा प्रदान करने की बात करती है, जबकि सबसे ज्यादा महिलाओं का उत्पीड़न इसी सरकार में हो रहा है। महंगाई की मार से जनता कराह उठी है। आज सिलेंडर 1200 रुपये में मिल रहा है। उन्होंने एक गाने के माध्यम से चुटकी लेते हुए कहा कि ***सखी सइयां तो खूब ही कमात महंगाई डायन खाये जात है।*** उन्होंने कहा कि आज मोदी जी कह रहे हैं कि उन्होंने दो करोड़ नौजवानों को नौकरी दी है। यदि वह दो करोड़ नौकरी पाने वालों का नाम पता बता दें, तो आप लोग कमल को वोट दे देना, नहीं तो साइकिल पर मोहर लगा देना। उन्होंने कहा कि अगर सबसे ज्यादा देश में किसी ने भ्रष्टाचार किया तो वह भाजपा ने किया। भाजपा वाले गऊमाता की सेवा की बात करते हैं जबकि सबसे ज्यादा चंदा भाजपा ने लिया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कोरोना काले में वैक्सीन लोगों को पकड़-पकड़कर लगवायी गयी। आज उसी वजह से नौजवानों की हार्टअटैक से मौत हो रही है। इसका जिम्मेदार कौन है। भाजपा नफरत की राजनीति करती हैं। भाजपा ने परमानेंट नौकरियों को खत्म कर नौजवानों पर संविदा पर ला दिया है और ठेका प्रथा चालू कर दी है। उन्होंने सपा एवं कांग्रेस को देश हित की पार्टी बताया। साथ ही कहा कि सपा प्रत्याशी भाई नबल किशोर शाक्य को भारी मतों से जिताने की अपील की। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा शुक्ला ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में अंतर है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। अधिकारी किसी की बात नहीं सुन रहे हैं। अपनी ही सरकार में उन्हीं के कार्यकर्ता अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील लोगों से की। सपा के प्रदेश सचिव एवं सपा के वरिष्ठ नेता डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं बड़े बुजुर्ग जिनसे व्यस्तता के चलते नहीं मिल पाता हूँ उन्हें नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने आपकी सेवा की, उसी तरह से हम और हमारे भाई नबल किशोर शाक्य भी मिलकर आप लोगों की सेवा करेंगे। हम एक ट्रस्ट बनायेंगे जिसमें क्षेत्र के सभी बीमार लोगों को चिंहित कर उनका निःशुल्क इलाज करायेंगे। इसलिए आप लोगों से अपील है कि हमारे भाई नबल किशोर शाक्य को यहां से जिता दीजिए। हम आपके सदैव ऋणी रहेंगे। डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव ने लखनऊ से आये हुए पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता बहन पूजा शुक्ला का आभार जताया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया, तो वहीं सम्मान के तौर पर शत्रुओं के नाश के लिए परशुराम का फरसा भेंट किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। इस मौके पर विनीत कुशवाहा, भोला यादव, अनुराग यादव, हरीश यादव, शिवदेव यादव प्रधान, सुधांशु पाठक प्रधान, रवि यादव, सुमित यादव, नीतेश जोशी, अंकित, अमन, आलोक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, किसान यूनियन के नेता प्रभाकांत मिश्रा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा एडवोकेट, नवरंग सिंह यादव, मुन्ना यादव एडवोकेट, रूकमंगल सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, संदीप यादव, देव सिंह यादव, सुशील दीक्षित, रमेश चंद्र तिवारी, हर्षवर्धन सिंह प्रधान, प्रदीप कुमार सिंह उर्फ भद्दू, कृष्ण गोपाल मिश्रा, विनय दीक्षित, राम अवतार राजपूत, नन्हेंलाल कश्यप, रानू पांडे, विमल अवस्थी, कमल किशोर अग्निहोत्री, नन्हें शाक्य, गिरीश चंद्र अग्निहोत्री, शैलेश, विनय शाक्य, रामनरेश यादव, सुरेश पाठक, लालाराम सक्सेना, सुरेश यादव, राजेश शुक्ला, सरनाम पाल, कल्याण सिंह, अरविंद यादव, नेपाल राठौर, गिरीश चंद्र राजपूत, सतीश चंद्र राजपूत, न्यूटन सक्सेना, ओम पाल शाक्य, प्रेमचंद दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने किया।


पवन पाण्डेय को फरसा भेंट करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व प्रत्याशी नवल किशोर


जनसभा को संबोधित करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व मौजूद प्रत्याशी नवल किशोर व मंचासीन अतिथिगण

# खबरें चलते-चलते

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पांच नमूने किये संग्रहीत


जांच पड़ताल करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय/अभिहित अधिकारी सय्यद शाहनवाज हैदर आबदि के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेंद्र रावत, अरुण कुमार मिश्र एवं आशीष कुमार वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी। जिसमें मोहल्ला गढ़ी जदीद स्थित संदीप रस्तोगी पुत्र सत्यस्वरुप रस्तोगी के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स एस.आर. एजेन्सीज से निम्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रह किये गये। डेयरी वेस्ड बेवरेज मिक्स चॉकलेट फ्लेवर (न्यू पीडिया श्योर ब्रांड पैक्ड), माल्ट बेस्ड फूड पैक्ड (ब्रांड हॉर्लिक्स), सीरियल वेस्ड बेवरेज मिक्स (बोर्नवीटा ब्रांड) पैक्ड, डेयरी वेस्ड बेवरेज मिक्स (प्रोपटेरी फूड) ब्रांड कम्प्लान पैक्ड का नमूना भरा गया। तलैया लेन फतेहगढ़ स्थित गौरव श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार श्रीवास्तव के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स कादम्बरी मेडिकल स्टोर से खाद्य पदार्थ नाम कार्बोनेटेड वाटर बेस्ड बेवरेज (नान-एल्कोहलिक), ब्रांड इनरजाल जीरो, पैक्ड का नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया।

## सपा प्रदेश उपाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने सपा प्रदेश उपाध्यक्ष पर भाजपा नेता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। भाजपा के नगर अध्यक्ष विकास पाण्डेय निवासी खड़ियाई सेनापति ने शहर कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा है कि सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान-उल-हक कादरी एक वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहें हैं। जिससे मेरी भावनाएं आहत हुई हैं। मामले में शहर कोतवाली पुलिस नें मौलाना इरफान-उल-हक कादरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पुत्री को प्रताड़ित करने की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना अंतर्गत ग्राम दलेलगंज निवासिनी मीरा देवी पत्नी लालाराम ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मैंने आज से लगभग तीन माह पूर्व अपनी पुत्री सुहाना की शादी ग्राम दौलतपुर निवासी सुधाकर पुत्र रामलड़ैते के साथ हिंदू रीतिरिवाज से की थी। अब मेरा दमाद मेरी पुत्री को मारपीट कर घर से निकल रहा है तथा कह रहा है अपने माता-पिता से खर्च लेकर आओ। मुझे इसकी सूचना आज सुबह 7.00 बजे मेरे बड़े दमाद सुरेश ने दी।

# बिजली का करंट लगने से किशोर की मौत

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**बिजली का** करंट लगने से किशोर की मौत हो गयी। किशोर की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अमृतपुर कस्बा निवासी सत्यराम अवस्थी का 17 वर्षीय पुत्र शिवेंद्र अवस्थी अपने घर में पंखा ठीक कर रहा था। तार में कट होने के कारण किशोर को करंट लग गया और वह तार में चिपक गया तथा बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने जब उसे जमीन पर पड़ा, देखा तो तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची एंबूलेंस से परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक कक्षा 11 का छात्र था। वह मिर्जापुर में पढ़ता था। मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा था। युवक की चार बहनें हैं।


मृतक का फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# एसडीओ विद्युत व जेई समस्याओं का नहीं करते समाधान: भाकियू

- उप जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय सौंपा ज्ञापन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**भारतीय** किसान यूनियन (भानू गुट) ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम कायमगंज को संबोधित ज्ञापन अहलमत अनुज कुमार को सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में कहा कहा गया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति कायमगंज में सब्जी मंडी परिसर में अवैध रूप से सब्जी विक्रेता दुकानें लगाकर सब्जी बेच रहे हैं। ऐसे दुकानदार गुंडई व दबंगई के बल पर सब्जियां बेच रहे हैं। इसके एवज में मंडी सचिव 200 से लेकर 1000 रुपए प्रति दिन सब्जी आढ़तियों के माध्यम से वसूल रहे हैं। अवैध सब्जी विक्रेताओं को तत्काल हटाया जाए व मंडी सचिव को दंडित किया जाए। कस्बा कायमगंज में कटखने बंदरों की अधिकता है इनको पकड़वाया जाए या बधियाकरण कराया जाए। मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में शॉपिंग काम्पलेक्स व बारात घर है जबसे इसका निर्माण हुआ करीब 25 साल से रंगाई पुताई नहीं हुई व बिल्डिंग की वायरिंग जगह-जगह से कटी है। जिससे इसी शॉपिंग काम्प्लेक्स में डाकघर को बिजली नहीं मिल रही है। साफ -सफाई करवाकर नवीनीकरण कराया जाए। जिससे आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके। कस्बा कायमगंज में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। एसडीओ विद्युत व जेई समस्याओं का समाधान नहीं करते तथा फोन भी नहीं उठाते। विद्युत लाइनमैन 100 रुपये विद्युत तार जोड़ने के लेते हैं। जिससे बिजली किसी भी समय काट दी जाती है संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दंडित किया जाए, समेत छह सूत्रीय मांगें शामिल हैं। इस मौके पर जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, जिला संगठन और प्रचार मंत्री अमरीश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, तहसील अध्यक्ष महिपाल सिंह राजपूत, जिला सचिव रामवीर, नगर मीडिया प्रभारी अनुज सक्सेना, तहसील उपाध्यक्ष विजय शाक्य, तहसील महासचिव श्योराज शाक्य, रक्षपाल आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# विद्युतीकरण से महरुम ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का किया ऐलान

- कहा बिजली नहीं तो वोट नहीं, गांव में चस्पा किए पोस्टर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** शमसाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसूलपुर जहां जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण विद्युतीकरण से महरुम हैं। ग्रामीणों ने गांव में बंच केबिल डलवाकर विद्युतीकरण कराए जाने के लिए जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार की, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से भी मांग की। अफसोस इतना सब कुछ होने के बावजूद भी ध्यान नहीं दिया गया। ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह गंगवार के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने नाराजगी जताकर आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं तो वोट नहीं। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीण दीपक गंगवार ग्राम सहसा जगदीशपुर ने बताया वर्ष 2019-20 से विद्युतीकरण की मांग की जा रही है। कई बार शिकायतें की गईं अफसोस किसी भी अधिकारी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया विगत दिनों पूर्व एक क्षेत्रीय विधायक के लेटर पैड पर शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से की गई। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना था ऊपर गुजरी हाई टेंशन लाइन कभी भी हादसे का कारण बन सकती है। आए दिन घटनाएं दुर्घटना आम बात है। ग्रामीणों का यह भी कहना है गांव से दूर एक नलकूप की लाइन जहां से वैकल्पिक व्यवस्थाओं के तहत लाइन को जोड़ा गया। ग्रामीणों अनुसार नवाबगंज उपकेंद्र से संबद्ध लंबी लाइन हादसे का कारण बनी हुई है। आए दिन अनहोनी की घटनाएं हो रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि लो वोल्टेज की समस्या ऊपर से बार-बार ट्रिपिंग और मात्र चार घंटे बिजली ग्रामीणों के लिए बावल-ए-जान बनी हुई है। शुक्रवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने ग्रामीण स्तर पर मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए आगामी लोकसभा के चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की। गांव को नवाबगंज उपकेंद्र की बजाए भटासा उपकेंद्र से जोड़ा जाए तथा गांव में बंच केबिल डलवाकर विद्युतीकरण कराया जाए अन्यथा की स्थिति में समस्त ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर सुधाकर सिंह, विपिन कुमार, वीरेश कुमार, किशनचंद्र, सर्वेश, आदेश, धीरेंद्र सिंह, कौशल कुमार, सुनील कुमार, सुखदेव सिंह सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।



गांव के बाहर बैनर पकड़कर प्रदर्शन करते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# आबकारी निरीक्षक ने छापा मारकर पकड़ी लहन व शराब

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आबकारी** निरीक्षक ने दविश देकर भारी मात्रा में लहन पकड़कर उसे नष्ट कर दिया। इसके अलावा 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जनपद के आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम तकीपुर में दविश दी। दबिश के दौरान लगभग 100 किलोग्राम लहन बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। वहीं कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किए गये। इसके बाद आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि किसी भी कीमत पर अवैध कच्ची शराब की बिक्री नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए निरीक्षण अभियान जारी रहेगा।


लहन को फैलाते आबकारी टीम के लोग

# 45 मिनट जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोक सभा** चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने व माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम आ गया है। वह मंच पर कुल 45 मिनट ही रुकेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जारी कार्यक्रम के अनुसार 2.55 पर उनका हेलीकॉप्टर रामलीला मैदान कमालगंज में बने हेलीपैड पर उतरेगा। वहां से वह कार द्वारा कार्यक्रम स्थल डीएवी इंटर कालेज मैदान में 3:05 पर पहुंचेंगे। जहाँ वह अपनी पार्टी और प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वह 45 मिनट की जनसभा के शामिल होने के बाद 3:50 पर रामलीला मैदान कमालगंज के लिए रवाना होंगे। जहाँ से वह हेलीकॉप्टर द्वारा 4 बजे जनपद औरैया के लिए रवाना होंगे। इस प्रकार मुख्यमंत्री जनपद में लगभग 65 मिनट तक रुकेंगे। मुख्यमंत्री के आने के कार्यक्रम को लेकर पंडाल व मंच बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। देर रात तक पंडाल बनकर तैयार होने की उम्मीद है। वहीं आलाधिकारी तैयारियों को लेकर बराबर अपनी नजर बनाये हुए हैं। कार्यक्रम स्थल पर तीन गेट बनाए गए हैं। एक नंबर गेट से वीआईपी नेताओं को प्रवेश मिलेगा।


हेलीपैड का निरीक्षण करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# भगवान परशुराम शस्त्र विद्या के महान गुरु थे


परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। इसी भृगुवंश में उत्पन्न होने के कारण वे भार्गव कहलाए। भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार में ब्राह्मण समाज के लोगों ने बताया कि हमें बहुत ही गर्व है कि हम परशुराम के वंशज कहलाते हैं।


पीयूष दुबे, एडवोकेट

अधिवक्ता पीयूष दुबे ने बताया कि भगवान परशुराम अपना धनुष श्रीराम को नहीं देते तो रावण का वध न होता। परशुराम में शस्त्र व शास्त्र का अद्भुत समन्वय मिलता है। कुल मिलाकर देखा जाये तो जौनपुर के जमैथा में उनकी माता रेणुका, बाद में अखण्डो देवी का मंदिर आज भी मौजूद है। जहां लोग पूजा अर्चना करते हैं। हम उनकी जयंती 10 अप्रैल को धूमधाम से मनायेंगे।


आदेश अवस्थी, अध्यापक

अध्यापक व संस्कार भारती के सह विभाग संयोजक आदेश अवस्थी ने बताया कि भगवान परशुराम एक तपस्वी थे। उन्होंने कई बार असुरी शक्तियों का विनाश किया और वह पिता भक्त थे। पिता के कहने पर उन्होंने अपनी माता का सिर काट दिया। बाद में पिता के वरदान देने पर उन्होंने पुनः माता को जिंदा करने का वरदान मांगा। जिसे परशुराम के कहने पर पिता ने मां को पुनः जिंदा किया।


सुमन त्रिपाठी, प्रधानाचार्या

कनोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने बताया कि भगवान परशुराम शस्त्रविद्या के महान गुरु थे। उन्होंने भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्रविद्या प्रदान की थी। उन्होंने कर्ण को श्राप भी दिया था। उन्होंने 21 बार पृथ्वी पर असुरी शक्तियों का विनाश किया। हम अपने आराध्य भगवान परशुराम की जयंती 10 अप्रैल को धूमधाम से मनायेंगे और हवन पूजन करेंगे।

# शमशाबाद में प्रियंका शाक्य ने पति डा. नवल किशोर शाक्य के लिए मांगे वोट

▸ प्रत्याशी की पत्नी से जनता हो रही है प्रभावित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


शमशाबाद में जन सम्पर्क करती प्रियंका शाक्य मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष हाजी इजहार खां ने अपने साथियों के साथ शमशाबाद क्षेत्र के एक दर्जन मोहल्लों में जन सम्पर्क किया और प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने की सभी से अपील की। साथ ही कायमगंज के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनंद यादव ने अपने साथियों के साथ प्रत्याशी प्रत्नी प्रियंका शाक्य के साथ जन सम्पर्क कर वोट मांगे। इजहार खां ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जनता जिताना चाहती है। भाजपा सरकार की झूठ की राजनीति से जनता परेशान है। उन्होंने शमशाबाद के मोहल्ला मुबारकपुर, कटरा बुलबुलागंज, मोहल्ला तराई, मोहल्ला इमली दरवाजा में जन सम्पर्क किया। प्रियंका शाक्य ने कहा कि डा0 नवल किशोर शाक्य के सांसद बनने से गरीब जनता को फायदा होगा। बच्चों की शिक्षा पर वह अपना वेतन खर्च करेगें। गंगा एक्सप्रेस-वे जैसी योजनाओं से जनपद को जोड़ा जायेगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनंद ने कहा कि बस एक ही नारा पीडीए सरकार हक हमारा। इस बार सरकार बनेगी और रिकार्ड टूटेगें। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए यहां की जनता आतूर है। महिलाओं ने प्रियंका शाक्य का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर महिलायें व समर्थक मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेसियों ने किया जन सम्पर्क

▸ प्रकाश प्रधान ने कांग्रेस का घोषणा पत्र किया वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


घोषणा पत्र वितरित करते प्रकाश प्रधान व अंकुर मिश्रा आदि

**कांग्रेस के** प्रदेश महासचिव व लोकसभा कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान ने वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा व कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी के साथ विभिन्न मोहल्लों में जन सम्पर्क कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए वोट मांगे और कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र वितरित किया। शहर क्षेत्र के एक दर्जन मोहल्लों में जाकर प्रकाश प्रधान ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए वोट मांगे। शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र वितरित करते हुए लोगों को जागरुक किया और कहा कि संविधान को बचाना है, झूठ बोलने वाली सरकार को भगाना है। इसलिए गठबंधन प्रत्याशी को चुने। इस दौरान कांग्रेस नेता मौजूद रहे। वहीं जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कायमगंज क्षेत्र में जन सम्पर्क कर मतदाताओं को कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र देते हुए गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

# भाजपा ने युवाओं के साथ नौकरी के नाम पर किया धोखा: पवन पाण्डेय

▸ प्रबुद्ध समाज की बैठक में सपा के पक्ष में मतदान करने की पूजा शुक्ला ने की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


जनता के बीच अपनी बात रखती पूजा शुक्ला

**लोकसभा** प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के समर्थन में पूर्व कैबिनेट मंत्री पवन पाण्डेय ने जनपद में आकर चुनाव प्रचार कर माहौल बनाया। चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि ये सरकार बेरोजगारों को नौकरी नहीं दे पा रही है,अग्निवीर जैसी नौकरी देकर युवाओं के साथ धोखा हो रहा है, हम सबको मिलकर डॉ0 नवल किशोर को वोट देना है और अधिक से अधिक वोट सपा प्रत्याशी के पक्ष में डलवाने के लिए प्रेरित करेगें। प्रबुद्ध समाज की एक बैठक समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के आवास पर संपन्न हुई। प्रबुद्ध समाज की बैठक में विशिष्ट अतिथि सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा शुक्ला ने कहा सिलेंडर आज 1200 का हो गया है। चड़ी भेंट करने वाली स्मृति ईरानी चुप है, अब हम सबको वोट देकर इस महंगाई का जबाब देना है। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र ने कहा इस बार हम सभी लोगों को अपना वोट भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई आदि विषयों के विरोध में जरुर डालना है एवं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय दिलाकर संसद में भेजना है और अखिलेश यादव को मजबूत करना है। अविनाश सिंह ने कहा अधिक से अधिक वोट देकर सपा प्रत्याशी को जिताये। इस मौके पर गिर्राज दुबे, अमन चतुर्वेदी, गोपाल दुबे, डा0 शिवम अवस्थी, कुलदीप भारद्वज, आदित्य मिश्रा, अंकित चतुर्वेदी, मनोज मिश्रा, सत्यम अवस्थी, नंद किशोर दुबे, मोहन दुबे, अमन भारद्वज, अतुल दुबे, नन्नू तिवारी आदि प्रबुद्ध समाज के लोग मौजूद रहे। संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया।

# संदेश राजपूत ने भाजपा में की वापसी


भाजपा में पुनः शामिल होते संदेश राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदेश राजपूत ने कई सालों बाद भाजपा में वापसी की है। संदेश राजपूत सपा व कांग्रेस में रहने के बाद उन्हे आखिर में ही अपना घर ही दिखायी दिया। लोधी नेताओं के प्रयास से संदेश राजपूत ने घर वापसी की है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता लेते हुए संदेश राजपूत ने बताया कि अब भाजपा ही मेरा घर है। लोगों के बहकावे में आकर दूसरे दल में चला गया था। अब भाजपा में ही रहकर आगे की राजनीति करेगें। रुपेश गुप्ता ने उन्हें भाजपा का पटुका पहनाकर पार्टी में पुनः शामिल किया है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसएस पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता के तहत पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता सम्पन्न


प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चैयरमैन सुरेश चंद्र अवस्थी, मैनेजर अनुपम अवस्थी, संस्था के प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी, डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी एवं कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा ने बच्चों को मतदान करने की उपयोगिता बताई तथा अपने अपने माता पिता व परिजनों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस अवसर पर चिराग, अभिशान, वैष्णवी, नैना, नितिन, हर्षित, अविरल, पियूष, नितांशू, भोला, इशानी, सोनम, राधिका, पायल आदि छात्रों ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, आयुषी राठौर, लक्ष्मी श्रीवास्तव, बीनू सिंह तथा सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

### वक्फ की जमीन सुरक्षित रखने के लिए सब रजिस्ट्रार को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सहायक सर्वे वक्फ आयुक्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने सदर तहसील के सब रजिस्टार को शिकायतकर्ता काजी जफर शाह रिजवी के मामले को संज्ञान लेकर पत्र भेजकर वक्फ नम्बर 145 हकीम सैय्यद अकबर हुसैन लोहाई रोड फर्रुखाबाद की सम्पत्ति मौजा कंझाना परगना भोजपुर के नम्बरान जो अलल वक्फनामे में अंकित है, जो अवैध तरीके से बिक्री को दाखिल खारिज न किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई है। शिकायतकर्ता काजी जफर शाह रिजवी के पत्र को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी व तहसील सदर के सब रजिस्टार को पत्र भेजकर 7 नम्बरान जो कब्रिस्तान एक बाग है के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही किये जाने को कहा गया है। पत्र में उल्लेखित गाटा संख्या 766, 769, 771, 772, 774, 776, 777 कुल 7 किता रकवा 0.8370 हे0 के किसी भी भाग से संबंधित कोई विलेख आपके समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर विलेख पर हस्ताक्षर न किये जाये। 7 किता रकवा से संबंधित आराजी सुरक्षित एवं संरक्षित रह सके।

### सामूहिक दुष्कर्म करने वाले चार आरोपितों को उम्रकैद, दो की तीन-तीन वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** वर्ष 2011 में एक किशोरी को घर से बहला फुसलाकर ले जाने के बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने समेत अन्य मामलों में दर्ज हुई रिपोर्ट के बाद शुक्रवार को न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश एससी एसटी सुनील खरवार ने चार आरोपितों को आजीवन कारावास व दो को तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई है। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित ने बीती 14 नवंबर 2011 को सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 11/12 नवंबर की रात उसकी 13 वर्षीय बेटी को श्रीकांत, रघुराज व भूरा के सहयोग से छेदालाल बहला फुसलाकर ले गया। घर में रखी नकदी व जेवरात साथ ले गए। वह सभी जगह बेटी की तलाश करता रहा लेकिन पता नहीं चला। उसने जवेरात लेकर बेटी की हत्या करने की आशंका जताई। पुलिस ने अपहरण व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। किशोरी के बयान के आधार पर विशेष न्यायाधीश सुनील खरवार ने मामले की सुनवाई करते हुए शिवकुमार व रामऔतार को सामूहिक दुष्कर्म के साथ एससीएसटी का दोषी माना और छेदालाल को को गृह भेदन, अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म के साथ एससीएसटी का दोषी माना। श्रीकांत को गृह भेदन, अपहरण व एससीएसटी का दोषी मान चारों को उम्रकैद की सजा सुनाई और शिवकुमार व रामऔतार पर 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया। वहीं छेदालाल व श्रीकांत पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया। इसके अलावा रघुराज व श्याम सिंह को अपहरण व एससीएसटी का दोषी मान तीन-तीन वर्ष का कारावास व छह-छह हजार रुपये जुर्माना सुनाया है।

# डा. हरिनंदन यादव ने अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में किया जन सम्पर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


जन सम्पर्क करते डा. हरिनंदन यादव

**भारतीय कृषक** दल समर्थित प्रत्याशी डा0 हरिनंदन यादव ने अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों में जन सम्पर्क किया। अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगला मन्न, नगला लाहौरी, नगला चंपत में दारा सिंह प्रधान से मुलाकात कर वोट मांगे। उन्होंने उनका स्वागत कर समर्थन दिया। बांसमई गांव में बसपा नेता राधेश्याम गौतम ने डा0 हरिनंदन यादव को समर्थन देते हुए आश्वासन दिया। सितवनपुर पिथु में शेर सिंह प्रधान ने डा0 हरिनंदन यादव का स्वागत किया। रशीदपुर मई के पूर्व प्रधान दिनेश चन्द्र यादव ने खुला सहयोग करने का आश्वासन दिया। डा0 हरिनंदन यादव ने कहा कि मैं निर्दलीय प्रत्याशी हूं, जनता का सेवक हूं। जब भी किसी व्यक्ति को मेरी जरुरत हो तो मुझे याद करना मैं हर समय तैयार हूं। इस मौके पर उनके समर्थक मौजूद रहे।

# प्रधान लिपिक की विदाई पर साथी कर्मचारी हुए भावुक

▸ रामायण पुस्तक भेंटकर सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मानित

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**


सुनील कुमार वार्ष्णेय को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व शिक्षकगण

**नगर में** स्थित एबी इंटर कॉलेज में प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत सुनील कुमार वार्ष्णेय 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो गए। उन्होंने 23 अगस्त 1993 से विद्यालय को सेवाभाव का सहयोग दिया।

सेवानिवृत्ति के बाद शुक्रवार को विद्यालय में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। संचालन रामवीर सिंह ने किया। भावभीनी विदाई देकर उनकी दीर्घायु की कामनाएं की गई। साथ ही उन्हें रामायण पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया। विदाई के दौरान प्रधानाचार्य ने अश्रुपूर्ण अवस्था में सहयोग करने का अनुरोध किया। जिसे स्वीकार करते हुए कहा सहायक के रूप में सहयोग जारी रहेगा। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने कहा प्रधान लिपिक की सेवाओ को एक लंबे समय तक याद किया जाता रहेगा। सेवानिवृत्ति प्रधान लिपिक सुनील कुमार वार्ष्णेय ने भी प्रधानाचार्य तथा शिक्षकगणों का आभार जताते हुए कहा विद्यालय एक परिवार बनकर रहा। प्रधान लिपिक ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा जिस तरह शिक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग रहा ठीक उसी तरह समाज में भी निशुल्क निस्वार्थ सहयोग रहेगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, प्रवक्ता रामवीर सिंह, सहायक अध्यापक अजय कुमार सिंह, संजय कुमार, सुनील कुमार सिंह परमार, परिचारक साजिद खान, अनवर खान, नफीस अहमद, कलेक्टर सिंह, सहरोज अली, अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हवन पूजन के साथ मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस


हवन में भाग लेते लोग — समृद्धि न्यूज

▸ यज्ञ में आहूतियां देकर सुख-समृद्धि की गई कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

अंतरर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के अवसर पर आर्य समाज के वैश्विक संगठन सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के आवाह्न पर जनपद में आर्य समाज से जुड़े सैकड़ों परिवारों ने एक साथ सामूहिक यज्ञ कर भाग लिया।

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के मीडिया प्रभारी आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि विश्व के 100 से अधिक देशों तथा सम्पूर्ण भारतवर्ष के प्रान्तों व नगरों में आर्य समाज के कार्यकर्ताओं ने यज्ञ कर संगठनात्मक एकता का परिचय दिया। जिले में स्थित सभी आर्य समाजों व उनसे जुड़े परिवारों में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिला सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने आर्य समाज लोहाई रोड में सभी पदाधिकारियों के साथ यज्ञ किया तथा यज्ञ के महत्व को शास्त्रोक्त प्रमाणों सहित बताया। उन्होंने कहा कि यज्ञ सारे संसार की नाभि है तथा सभी जड़ चेतन देवताओं का मुख यज्ञ की अग्नि है। भारत के प्राचीन ऋषियों द्वारा मानव कल्याण हेतु यज्ञ पर विशेष बल दिया गया। डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने नबावगंज स्थित आवास पर यज्ञ किया। जिसमें सैकड़ों क्षेत्र वासियों ने भाग लेकर यज्ञीय संस्कृति को अपनाने का संकल्प लिया। आचार्य संदीप आर्य ने आर्य समाज मन्दिर कमालगंज में स्थित एम0डी0एस0 लाइब्रेरी में यज्ञ किया। यज्ञ से हमारे अंदर धार्मिकता व परोपकारमय जीवन के गुण विकसित होते हैं। जिससे हमारी युवा पीढ़ी संस्कार वान होकर अपने कर्तव्यों को जानकर उनका निष्ठापूर्वक पालन कर राष्ट्रभक्त व मात-पिता की भक्त बन सकती है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के आर्य समाज भोलेपुर, फतेहगढ़, याकूतगंज, कायमगंज, गंगापार क्षेत्र में आर्य समाज सीढे चकरपुर, आर्य समाज कर्णपुर दत्त, राजेपुर आदि स्थानों पर यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वमी श्यामानंद, प्रदीप आर्य, राजीव आर्य, हरिओम शास्त्री, अनुराग राठौर, विवेक राठौर, प्रमोद राजपूत, राहुल राजपूत, सत्यभान, साहिल, उत्कर्ष आर्य, उदिता आर्या, राधा, सीनू आदि मौजूद रहे।

# बीवीडीसी में सड़क सुरक्षा के तहत प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्रायें

**बद्री विशाल** महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के तहत विभिन्न जागरुकता प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राचार्य डा0 सीडी यादव के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। भाषण प्रतियोगिता में शिवम पाण्डेय प्रथम, श्वेता मिश्रा द्वितीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्राची यादव प्रथम, श्वेता मिश्रा द्वितीय, शिवानी तृतीय स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में शिवम पाण्डेय प्रथम, अमन राजपूत द्वितीय, दिव्या सक्सेना तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें

मतदाता जागरुकता अभियान
समृद्धि न्यूज़ की विशेष पहल



शिक्षकों व छात्रों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम जन मानस को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रेरित किया जा रहा है कि सभी लोग मतदान करें और देश की विकासशील सरकार बनाने में सहायक बने। समृद्धि न्यूज़ द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को रेलवे रोड स्थित कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज में बच्चों को मतदाता जागरुकता की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि 13 मई याद रखना है। लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं को वोट की आहूति डालना चाहिए। जिससे स्वच्छ छवि के जनप्रतिनिधि को चुनने व अच्छी सरकार बनाने का अधिकार संविधान ने मतदाताओं को दिया है। इस मौके पर सहायक अध्यापक रामवीर सिंह, संजीव सिंह चौहान आदि शिक्षकों ने भी शपथ ली।


प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी

### खुद वोट कर दूसरों को जागरुक करें: संतोष त्रिपाठी

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए खुद वोट और दूसरों को भी जागरुक करें, जिससे शत-प्रतिशत मतदान हो और सशक्त लोकतंत्र निर्माण तथा देश की तरक्की में सहायक बनें।


शिक्षक रामवीर सिंह

### सशक्त राष्ट्र के लिए मतदान अवश्य करें: रामवीर सिंह

रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक रामवीर सिंह ने बताया कि सशक्त राष्ट्र के लिए मतदान अवश्य करें। जिससे मजबूत सरकार बने। एक-एक वोट का महत्व होता है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि बिना प्रलोबन में आये अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी डेवोन थॉमस पर लगा पांच साल का प्रतिबंध

एजेंसी



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी डेवोन थॉमस को सभी प्रकार के क्रिकेट से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। थॉमस ने श्रीलंका क्रिकेट, अमीरात क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीग के भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के सात मामलों के उल्लंघन करने की बात स्वीकार की थी।

निलंबन की यह अवधि 23 मई, 2023 से मानी जाएगी, जिस दिन थॉमस को अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, थॉमस, जिन्होंने आरोपों को स्वीकार करने का विकल्प चुना और भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण की सुनवाई के बदले आईसीसी के साथ प्रतिबंध पर सहमति व्यक्त की, ने एसएलसी, ईसीबी और सीपीएल कोड के निम्नलिखित प्रावधानों का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की है।

# आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

### टी-20 और वनडे में भारत की बादशाहत बरकरार, शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं, आयरलैंड जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर काबिज

एजेंसी





**नई दिल्ली।** पिछले साल ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। अपडेट में 2020-21 सत्र के परिणाम शामिल नहीं किए गए हैं और मई 2021 से पूरी हुई सभी सीरीज को शामिल किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग पॉइंट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, दूसरे स्थान पर काबिज भारत (120) ऑस्ट्रेलियाई टीम से केवल 4 अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका 103 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर है। तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों का क्रम वही है। अब केवल नौ टीमें ही रैंक की गई हैं, क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं, जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है, क्योंकि उसने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे। कुल मिलाकर, 86 देशों ने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी-20आई खेले हैं और इसलिए उन्हें रैंकिंग मिली है।

> **छह देशों को नहीं मिली रैंकिंग**
> ग्रीस, मैक्सिको, म्यांमार और तुर्की ने सात टी-20 मैच खेले हैं और इसलिए उन्हें उनके अगले मैच के बाद रैंकिंग दी जाएगी, जबकि बेलीज और कुक आइलैंड ने छह टी-20 मैच खेले हैं, इसलिए उन्हें दो और मैच खेलने के बाद रैंकिंग दी जाएगी।

हालांकि, वार्षिक अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20आई रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, अपडेशन में मई 2023 से पहले पूरे किए गए मैचों का 50 प्रतिशत और उसके बाद के मैचों का 100 प्रतिशत परिणाम शामिल है। भारत भले ही आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन उसने वनडे में अपनी बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक कर ली है और 122 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन आयरलैंड जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। तीसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर आठ से घटाकर चार अंक कर लिया है, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड से केवल दो अंक पीछे है। टी20आई रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, लेकिन भारत से सात अंक पीछे है, जो 264 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है। अपडेट से पहले छठे स्थान पर रहने के बाद दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड से सिर्फ़ दो अंक पीछे है। न्यूज़ीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन वे अंशों में पीछे हैं, जबकि वेस्टइंडीज़ के 249 अंक हैं।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभल में जनसभा के दौरान कहा

# सपा-कांग्रेस ने किया परिवार का विकास



समृद्धि न्यूज

**संभल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश के संभल जिले के असमोली में शुक्रवार को एक चुनावी रैली में कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। यादव ने कहा कि कांग्रेस और सपा सिर्फ अपने परिवार के लोगों का ही विकास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। सबका साथ सबका विकास यह सिर्फ नारा नहीं है, मोदी इसको करके भी दिखाते हैं। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में जनजातीय, मध्य प्रदेश में ओबीसी और राजस्थान में ब्राह्मण वर्ग के कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाया।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कांग्रेस व सपा के लोग मौका मिलने पर कोई भी पद हो घर से बाहर नहीं जाने देना चाहते। भाजपा में किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी पद तक पहुंचाने की हिम्मत नरेन्द्र मोदी रखते हैं। उज्जैन में जहां से हम चुनाव लड़ते हैं वहां पर यादव समाज की 500 भी आबादी नहीं है लेकिन एक यादव बंधु को उठाकर मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री यादव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने प्रत्याशी ही नहीं तय कर पा रही है। राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हार कर केरल तक भागे, अब वायनाड में हार की आशंका को देखते हुए रायबरेली भाग रहे हैं। यादव ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को जिताने की अपील की। विपक्ष की परिवारवाद की राजनीति से परे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा हर वर्ग के कार्यकर्ता को उसकी मेहनत का सुफल देकर सबका साथ, सबका विकास दृष्टिकोण को सार्थक करती है। आज उत्तर प्रदेश के असमोली में विराट जनसमूह का उत्साह प्रमाण है कि जनता-जनार्दन को भी विश्वास है कि भाजपा में ही हर वर्ग का विकास संभव है। मुख्यमंत्री यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संभल में कैला देवी धाम में पूजा-अर्चना की।

### कांग्रेस ने मतदान से पहले ही हार स्वीकारी : स्मृति



**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि अमेठी में चुनावी मैदान में गांधी परिवार के किसी सदस्य का नहीं होना, यह संकेत है कि कांग्रेस ने मतदान से पहले ही हार स्वीकार कर ली है। अमेठी से निर्वतमान सांसद स्मृति ईरानी ने कहा, ''गांधी परिवार का अमेठी में चुनावी मैदान में नहीं होना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस ने सीट पर मतदान से पहले ही अपनी हार मान ली है। यह टिप्पणी कांग्रेस के करीबी के.एल. शर्मा द्वारा अमेठी सीट से नामांकन दाखिल किए जाने को लेकर की।बता दें कि अमेठी लोकसभा सीट पर मतदान पांचवें चरण में यानी 20 मई को होगा। भाजपा ने इस सीट से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को उम्मीदवार बनाया है। पहले चर्चा की जा रही थी कि कांग्रेस इस सीट से राहुल गांधी को मैदान में उतारेंगी। लेकिन, अब कांग्रेस ने राहुल गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है और अमेठी सीट कांग्रेस के करीबी के.एल. शर्मा को टिकट दिया है। इसके स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार का जिक्र करते हुए कहा, ''अगर उन्हें लगता कि इस सीट पर जीत की कोई उम्मीद है तो वे यहां से चुनाव लड़ते, न कि अपना प्रतिनिधि उतारते। उन्होंने कहा, ''चुनाव में मतदान से पहले यहां एक इतिहास रचा गया है और 20 मई को जब लोग मतदान केंद्र पर जाएंगे तो वे एक बार फिर मोदीजी को अपना आशीर्वाद देंगे। अमेठी में एक नया इतिहास रचा जाएगा।

# मैक्स हॉस्पिटल के मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में पहुंचे लखनऊ सुपर जायंट्स के सितारे



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के ऑफिशियल मेडिकल पार्टनर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल लखनऊ ने शुक्रवार को एक दिलचस्प मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएसजी के सितारे मैट हेनरी, काइल मेयर्स और प्रेरक मांकड़ मौजूद थे, जिन्होंने हॉस्पिटल स्टाफ और रेफरल डॉक्टरों के साथ बेहद आत्मीय मुलाकात की।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ डॉक्टरों और यूनिट हेड द्वारा एलएसजी खिलाड़ियों के हार्दिक अभिनंदन के साथ हुई। उन्होंने खिलाड़ियों के क्रिकेट में उनके शानदार योगदान और हॉस्पिटल में उनकी मौजूदगी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मैक्स अस्पताल, लखनऊ के यूनिट हेड प्रमित मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों का इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हेल्थकेयर और खेल के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में इस तरह की मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दो अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों को परस्पर इस तरह मिलते देखना बेहद प्रेरणादायक है। क्रिकेटर्स मैदान में अपना समर्पण और टीमवर्क प्रदर्शित करते हैं। ठीक वैसा ही जज्बा डॉक्टर्स और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स भी अपने क्षेत्र में प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम में एंकर, खिलाड़ियों और डॉक्टर्स के बीच हुई बातचीत काफ़ी दिलचस्प रही। इस दौरान खेल जगत और चिकित्सा क्षेत्र, दोनों से जुड़ी कहानियां और जानकारियां साझा की गईं।

## खबरें एक नजर में

### जादू-टोना के शक में दो को जिंदा जलाने वाले 15 गिरफ्तार

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में जादू-टोना के शक में एक महिला समेत दो लोगों को जिंदा जलाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस के अनुसार गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तहसील के बारसेवाड़ा में 1 मई को शाम को करीब छह बजे गांव वालों ने जामनी तेलामी (52), देउ अटालामी (60) को जादू टोना करने के शक में जमकर पीटा। इसके बाद गांव वाले रात करीब 10 बजे मरणासन्न अवस्था में दोनों को घसीटकर गांव के बाहर नाले में ले गए और दोनों को जिंदा जला दिया। अगले दिन देर तक इसके बारे में किसी को पता नहीं चला लेकिन गुरुवार को इसकी भनक एटापल्ली पुलिस को लगी। इसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों के अधजले शव बरामद किये। पुलिस ने शुक्रवार सुबह तक इस मामले में15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की गहन छानबीन जारी है ।

### भारत-इंडोनेशिया रक्षा व समुद्री सुरक्षा में बढ़ाएंगे सहयोग

**नयी दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में तथा बहुपक्षीय स्तर पर सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय में महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत) डॉनी एर्मावान तौफांटो ने शुक्रवार को यहां भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की। बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के बढ़ते दायरे पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में सहयोग और रक्षा उद्योग सहयोग पर कार्य समूहों की बैठकों में विभिन्न पहलों पर हुई प्रगति की भी समीक्षा की। दोनों पक्षों ने विशेष रूप से रक्षा उद्योग संबंधों, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय स्तर पर सहयोग का दायरा बढाने पर सहमति व्यक्त की तथा इसकी संभावनाओं का पता लगाने पर जोर दिया।

### आतंकी हमले के मामले में एक ओजीडब्ल्यू गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में एक गैर कश्मीरी कैब चालक पर हुए हमले की जांच के दौरान आतंकियों के एक सहयोगी (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। 9 अप्रैल को दिल्ली निवासी टैक्सी चालक परमजीत सिंह पर शोपियां के पदपावन गांव में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हमला हीरपुरा में डेनिश रिसॉर्ट में हुआ था, जो मुगल रोड पर पड़ता है और कश्मीर को जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ता है। शोपियां पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दानिश रिसॉर्ट्स में पदपावन गांव में हमले के मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण डेवलपमेंट के साथ शोपियां पुलिस ने सेना की 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14 बटालियन के साथ मिलकर छोटीपोरा में 06 एके 47 राउंड, 2 सेल फोन की बरामदगी के साथ एक ओजीडब्ल्यू को गिरफ्तार करने में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

### अडाणी समूह की छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडाणी समूह की कम से कम छह कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। सेबी ने इनको यह नोटिस संबंधित पक्ष लेन-देन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए जारी किया है। शेयर बाजार को दी गई सूचना में इन कंपनियों ने इसका खुलासा किया है। समूह की इन कंपनियों में अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के अपने-अपने वित्तीय परिणामों में सेबी के नोटिस की जानकारी का खुलासा किया है। हालांकि, कंपनियों ने कहा है कि कानूनी सलाह के अनुसार बाजार नियामक सेबी की इस नोटिस से उनके कारोबार पर बहुत मामूली असर पड़ सकता है। अडाणी समूह की इन छह कंपनियों को सेबी का कारण बताओ नोटिस उस जांच का हिस्सा है, जो शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के जनवरी 2023 में अडाणी समूह के खिलाफ कॉर्पोरेट धोखाधड़ी और शेयर मूल्य हेरफेर के आरोप लगाने के बाद जारी की गई थी।

### स्पेशल ओलंपिक के सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनीं डॉ. मल्लिका

**नई दिल्ली।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. मल्लिका नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (शिमला) से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी। डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत क्षेत्र में एसओ भारत के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगी, जहां स्पेशल ओलंपिक भारत को स्थायी सीट प्राप्त है। उनका कार्यकाल तीन साल (1 मई 2024 से 31 मार्च 2027 तक) का होगा। अपनी नियुक्ति पर डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा, मैं एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद के सदस्यों का मुझ पर भरोसा जताने के लिए आभारी हूं। एसओ भारत का प्रतिनिधित्व करना और पूरे क्षेत्र में एथलीटों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं, और स्पेशल ओलंपिक के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपने साथी सदस्यों के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हूं।

# फरीदाबाद में 7.59 करोड़ की ठगी का खुलासा, अब तक 16 गिरफ्तार

एजेंसी

> कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम 14 लाख की नकदी बरामद

**फरीदाबाद।** नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है। दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लडक़ी ने साइबर पुलिस से शिकायत करी बताया था कि उसके साथ स्टॉक मार्केट से करीब 7 करोड़ 59 लाख रुपये की ठगी हुई है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। जिसका इंचार्ज साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को बनाया। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रशान्त कुमार निवासी बैंगलोर कर्नाटक, सईद मो. जिशान गांव कुसुर कलां जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद सुहेल गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन कोटगेट बीकानेर राजस्थान, राम सिंह उर्फ ढल्लु मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर राजस्थान, आकाश निवासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश भोपालगढ़ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार सारण नगर बनाड जोधपुर, दिपेन्द्र रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू बीकानेर राजस्थान, इंद्रजीत लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल पुगल रोड बीकानेर और आरोपित दिनेश कुमार रानी बाजार बीकानेर शामिल हैं।

### ट्रेन में बम की सूचना से मचा हड़कंप, अफवाह फैलाने वाला हिरासत में

**भोपाल।** प्रदेश की राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह पुणे से जम्मू तवी जाने वाली 11077 झेलम एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद जीआरपी ने रानी कमलावति स्टेशन पर ट्रेन को रोका और सतर्कता के साथ पूरी ट्रेन की चेकिंग की गई, लेकिन कोई विस्फोटक नही मिला। जीआरपी ने ट्रेन में बम होने की बात कहने वाले यात्री को हिरासत में ले लिया है। झेलम एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 8.31 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचती है। रानी कमलापति स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन की एस 9 बोगी में सवार पुणे के एक यात्री ने टीसी को ट्रेन में बम होने की जानकारी दी। बम की जानकारी मिलते ही टीसी ने तुरंत कंट्रोल रुम को सूचित किया। इसके बाद ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन पर रोका गया। यात्री सहित सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और हबीबगंज पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ पूरी ट्रेन की सघन जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।



**यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में माता केला देवी मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान उनके साथ में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी रहे।**

# चारधाम यात्रा पर साइबर ठगों की नजर एसटीएफ ने बंद कराई 12 फर्जी वेबसाइट

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने द्व4सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी। चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है।

साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही है। आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइटwww.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं। कोई भी भुगतान करने से पहले संबंधित भुगतान के माध्यम की जांच पड़ताल अवश्य कर लें।

> **फर्जी वेबसाइट की साइबर क्राइम से करें शिकायत**
> वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। इस नंबर पर स्क्रीनशॉट के साथ जानकारी साझा कर सकेंगे। वहीं, वितीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत 1930 नंबर पर संपर्क करें।
>
> **अब तक 76 फर्जी बेवसाइट कराई जा चुकी हैं बंद**
> आए दिन ऐसी धोखाधड़ी वाली वेबसाइटें प्रकाश में आती रहती हैं। इसके लिए उत्तराखंड एसटीएफ को एमएचए आई 4सी टीम से लगातार सहयोग मिल रहा है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लगातार फर्जी वेबसाइट की निगरानी कर रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 76 फर्जी बेवसाइटों को बंद कराया जा चुका है।
>
> **युकाडा करेगी यात्रियों की सहायता**
> चारधाम के लिए यात्रियों को उत्तराखंड सरकार की युकाडा की ओर से आईआरसीटीसी के साथ अनुबंध कर सहायता प्रदान की जाएगी। युकाडा ने चारधाम से संबंधित पंजीकरण एवं हेलीसेवा के संबंध में सभी जानकारियों के साथ विवरणिका तैयार की है।

### पुण्य तिथि पर मां नरगिस को याद कर भावुक हुए संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त ने आज पुण्य तिथि पर अपनी मां नरगिस दत्त को याद किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर नरगिस के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए एक खास पोस्ट लिखा है। लंबे समय तक बॉलीवुड पर राज करने वाली नरगिस दत्त की एक्टिंग के साथ-साथ उनकी खूबसूरती की भी चर्चे थे। दर्शकों का मनोरंजन करने और सुपरहिट फिल्में देने के बाद 3 मई 1981 को नरगिस इस दुनिया को छोड़कर चली गईं। उनकी मृत्यु कैंसर के कारण हुई। संजय दत्त मशहूर अभिनेता सुनील दत्त और नरगिस के बेटे हैं। अपने माता-पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए उन्होंने भी अभिनय में अपना करियर बनाने का फैसला किया। नरगिस के निधन के बाद संजय दत्त डिप्रेशन में चले गए थे। आज उनकी डेथ एनिवर्सरी पर उन्होंने एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया, मां हम आपको याद करते हैं। भले ही आप हमारे साथ नहीं हैं, हम आपकी उपस्थिति महसूस करते हैं।

# चौथे चरण में 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसके लिए कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के लिए कुल 4,264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनकी जांच-पड़ताल के बाद 1970 नामांकन वैध पाए गए। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। 253 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस चरण में तेलंगाना में 17 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद 25 संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन के साथ आंध्र प्रदेश का स्थान था। तेलंगाना में 7-मलकजगिरी संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। इसके बाद उसी राज्य में 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। चौथे चरण के लिए एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

### इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

**आंध्र प्रदेश :** दक्षिणी राज्य की सभी 25 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ले, अनंतपुर, अराकू, बापटला, चित्तूर, एलुरु, गुंटूर, हिंदूपुर, कडपा, काकीनाडा, कुरनूल, मछलीपट्टनम, नंदयाल, नरसरावपेट, नरसापुरम, राजमपेट, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और विजयनगरम शामिल हैं।

**बिहार :** राज्य की पांच सीटों जिनमें बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा।

जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर के लोग 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**मध्य प्रदेश :** यहां 29 में से आठ सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें देवास, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन शामिल हैं।

**झारखंड :** खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में सोमवार (13 मई) को मतदान होगा

**महाराष्ट्र :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 48 लोकसभा सीटों में से 11 पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जलगांव, मावल, नंदुरबार, पुणे, रावेर, शिरडी और शिरूर शामिल हैं।

**ओडिशा :** बरहामपुर, कालाहांडी, कोरापुट और नबरंगपुर चार सीटों पर इस चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

**तेलंगाना :** चौथे चरण में सभी 17 सीटों (आदिलाबाद, भोंगिर, चेवेल्ला, हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, महबूबाबाद, महबूबनगर, मल्काजगिरी, मेडक, नागरकुर्नूल, नलगोंडा, निज़ामाबाद, पेद्दापल्ले, सिकंदराबाद, वारंगल और ज़हीराबाद) पर मतदान होगा।

**उत्तर प्रदेश :** उप्र में 13 मई को 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अकबरपुर, बराइच, धौरहरा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, सीतापुर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं।

**पश्चिम बंगाल :** पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर मतदान होगा। इनमें आसनसोल, बहरामपुर, बर्धमान, दुर्गापुर, पुरबा, बीरभूम, बोलपुर, कृष्णानगर और राणाघाट शामिल हैं।